किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 68 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 20 दिसम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

पहले हमें चुनाव जीतना होगा...

PM पद के चेहरे पर बोले मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली. विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं ने मंगलवार को यहां बैठक की, जिसमें यह फैसला किया गया कि जनवरी, 2024 के दूसरे सप्ताह तक सीट बंटवारे को अंतिम रूप देना है. इस बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रधानमंत्री पद के चेहरे के बारे में फैसला चुनाव में जीत के बाद होगा. हालांकि, एमडीएमके नेता वायको ने कहा कि बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में दलित चेहरे के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया. बैठक में कुल 28 दलों के नेता शामिल हुए.

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संवाददाताओं से कहा, "गठबंधन की आज चौथी बैठक में 28 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया. खुशी की बात है कि सभी ने एक होकर यह फैसला किया कि आगे किस तरह से मिलकर काम करना है." उन्होंने कहा कि सभी दलों ने 8-10 जनसभाएं करने का फैसला किया.

खड़गे ने कहा कि पहले प्रदेश स्तर पर सीटों के तालमेल पर बात होगी और अगर कोई मुद्दा आया, तो राष्ट्रीय स्तर पर बात होगी. उन्होंने कहा, "चाहे यह तमिलनाडु हो, केरल, तेलंगाना, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली या पंजाब – सीट बंटवारे संबंधी मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा." प्रधानमंत्री पद के चेहरे से जुड़े सवाल पर खड़गे ने कहा कि पहले जीत के आना है, इसके बाद इस बारे में बात होगी. उन्होंने कहा, "हम पहले जीतने की कोशिश करेंगे, उसके बाद सांसद लोकतांत्रिक ढंग से फैसला करेंगे."

खड़गे ने कहा कि इतनी संख्या में विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि यह अलोकतान्त्रिक है, इसके खिलाफ लड़ना है. उन्होंने कहा, "हम यही कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री या गृह मंत्री सदन में आकर सुरक्षा चूक की घटना पर बयान दें... ऐसा कभी नहीं हुआ कि सत्र के दौरान दूसरी जगहों पर भाषण दें और सदन में नहीं आएं." उन्होंने कहा कि सांसदों के निलंबन के खिलाफ 22 दिसंबर को अखिल भारतीय प्रदर्शन होगा.

सूत्रों का कहना है कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने तय किया कि जनवरी के दूसरे सप्ताह तक सीटों के तालमेल को अंतिम रूप दे देंगे. राष्ट्रीय राजधानी के अशोक होटल में हुई इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी नेता राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जनता दल (यू) से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, तृणमूल कांग्रेस से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी, राष्ट्रीय जनता दल से लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार तथा शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे बैठक में शामिल थे. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी महासचिव रामगोपाल यादव, द्रमुक से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और वरिष्ठ नेता टी आर बालू, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती, राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (के) से कृष्णा पटेल एवं पल्लवी पटेल और कई अन्य नेताओं ने बैठक में भाग लिया.

'नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट' तक होगी बेहतरीन रोड, मेट्रो और रैपिड रेल कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री ने की जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण और कनेक्टिविटी की समीक्षा, कहा, आईजीआई, दिल्ली से हो सीधी कनेक्टिविटी

दैनिक समाज जागरण

लखनऊ, 19 दिसंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर' को मेट्रो, हाई स्पीड रैपिड रेल और रोड की सीधी और बेहतरीन कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी), उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, एनएचएआई और प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जेवर का पूरा क्षेत्र कुछ वर्षों पहले तक अपराध की जद में था। दिन-दहाड़े छिनैती, लूट की घटनाएं होती थी। लेकिन आज इसकी पहचान अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से हो रही है। जेवर एयरपोर्ट के पास ही फिल्म सिटी प्रस्तावित है। अगले कुछ वर्षों में यह एनसीआर का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। जेवर एयरपोर्ट, एयर कार्गो का बड़ा हब बनने जा रहा है। अनुमान के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट 2024-25 में 65 लाख यात्रियों (प्रतिवर्ष) को सेवायें देगा, जो कि 2042-43 तक बढ़कर 07 करोड़ प्रतिवर्ष होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, नई दिल्ली से कनेक्ट किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए रैपिड रेल और मेट्रो एक बेहतर विकल्प हो सकता है। भारत सरकार, एनसीआरटीसी से इस संबंध में आवश्यक सहयोग परामर्श प्राप्त करते हुए प्रस्ताव तैयार किया जाए। प्रदेश सरकार इसके लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध करायेगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें फरवरी 2024 में जेवर एयरपोर्ट के रनवे पर ट्रायल लैंडिंग कराना होगा। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रनवे निर्माण, लाइटिंग आदि की कार्यवाही में तेजी आवश्यक है। रेलवे के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जेवर एयरपोर्ट को बेहतर कनेक्टिविटी के उद्देश्य से स्थानीय चोला से रुंधी तक लगभग 98 किलोमीटर की दूरी तक एक नई रेल लाइन पर भी विचार किया जा रहा है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के स्तर पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। बैठक में मुख्यमंत्री ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधिकारियों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जेवर एयरपोर्ट की सुरक्षा व जन सुविधा आदि के दृष्टिगत नए थानों, फायर स्टेशन, ड्रेनेज व्यवस्था आदि सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।

महिला कैम्पस ड्राइव में 15 महिला अभ्यर्थियों को मिला जॉब आफर

21 दिसम्बर, 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में बृहद रोजगार मेले का होगा आयोजन

19 दिसम्बर 2023 लखनऊ। राजकीय आईटीआई लखनऊ में मंगलवार को महिला कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें कम्पनी बरगंडी इण्डिया प्रा0 लि0, लखनऊ द्वारा 15 महिला अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु आफर किया गया, जिसमें कुल 28 महिला अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 21 दिसम्बर, 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि/विधायक, लखनऊ, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 एवं मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, लखनऊ की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम0 ए0 खाँ ने बताया कि बृहद रोजगार मेले में 60 से अधिक कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में 6000 से अधिक रिक्तिया होंगी। जिन अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 40 तथा कौशल विकास प्रशिक्षण, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक पास है वे ही रोजगार मेले में ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन 7700 से 27400 रुपए प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दी जायेगी।

आईएमएस में करियर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में करियर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। मंगलवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में कार्यक्रम के दौरान नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर करियर सर्विस (एनआईसीएस) नोएडा के यंग प्रोफेशनल अजय कुमार गौतम में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। वहीं कार्यक्रम के दौरान नेशनल करियर सर्विस पोर्टल के कार्यप्रणाली के बारे में छात्रों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी ने कहा कि नेशनल करियर सर्विस पोर्टल के माध्यम से छात्रों को रोजगार संबंधी जानकारी मुहैया करायी जाएगी। जिसमें छात्रों को नए अवसर, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास, इंटर्नशिप जैसी सुविधाएं मिलेगी। वहीं

आईएमएस नोएडा के सीआरसी हेड राकेश जुयाल ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार की ओर से युवाओं को एनसीएस पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। जिससे भविष्य में युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक मौके मिलेंगे।

कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार गौतम ने कहा कि आज के कार्यशाला में हमने छात्रों के साथ एनसीएस पोर्टल के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि भविष्य में एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत छात्रों को स्किल के अनुरूप करियर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पोर्टल पर नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए वीडियो प्रोफाइल बनाने की भी सुविधा है, जिससे इच्छुक उम्मीदवार नियोक्ताओं को अपनी कार्यक्षमता दिखा सकते हैं। साथ ही आप घर से काम करने वाली नौकरियां एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण का भी लाभ ले सकते हैं।

ग्रेटर नोएडा में क्यों गेस्ट हाउस, होटल और पीजी हो रहे हैं सील ?

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने मंगलवार को 20 गेस्ट हाउस, होटल और पीजी सील किए हैं. जानकारी मिली है कि अगले 72 घंटे के अंदर ग्रेटर नोएडा में 60 और होटल समेत पीजी सील होंगे. इसका आदेश ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने दिया है.

दरअसल, ग्रेटर नोएडा में परी चौक के पास अंसल गोल्फ लिंक है. वैसे तो अंसल गोल्फ लिंक रेजिडेंशियल इलाका है. लेकिन, वहां पर करीब 80 गेस्ट हाउस, होटल और पीजी बने हुए हैं. इसकी शिकायत अंसल गोल्फ लिंक के निवासियों ने ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी से की थी.

निवासियों ने ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में शिकायत देते हुए कहा था कि ये होटल, गेस्ट हाउस और पीजी अवैध तरीके से बने हुए हैं. इनको तत्काल बंद करना चाहिए. यह पूरा रेजिडेंशियल इलाका है. यहां पर होटल या गेस्ट हाउस बनाना गलत है. निवासियों की शिकायत पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने संज्ञान लिया और जांच शुरू की. इस मामले में जांच के बाद अब सीईओ ने सभी गेस्ट हाउस, होटल और पीजी को सील करने का आदेश दिया है। मंगलवार से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की कार्रवाई शुरू हो गई. पहले दिन कुल 20 होटल और गेस्ट हाउस सील किए गए हैं. बाकी, 60 गेस्ट हाउस और होटल आगामी 72 घंटे के अंदर सील करने हैं. ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि अंसल गोल्ड लिंक में स्थित सभी होटल, पीजी या गेस्ट हाउस सील किए जाएंगे. इसमें कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी.

NCR के 2.40 लाख लोगों के लिए खुशखबरी, जल्द मिलेंगे अटके फ्लैट, 2 साल के लोन ब्याज पर भी मिलेगी छूट

लखनऊ. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई यूपी कैबिनेट के बैठक में 19 प्रस्ताव पास हुए. इनमें सबसे अहम प्रस्ताव औद्योगिक विकास विभाग था, जिसके तहत दिल्ली से सटे एनसीआर में फ्लैट के खरीदारों को तुरंत रजिस्ट्री कराकर उन्हें कब्जा दिया जाएगा. साथ ही इन्हें कोविड जीरो पीरियड का भी लाभ मिलेगा. यानी 1 अप्रैल 2020 से 31 अप्रैल 2022 तक लोन पर ब्याज पर छूट भी मिलेगी.

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि औद्योगिक विकास विभाग की तरफ से एक प्रस्ताव लाया गया था, जिसे कैबिनेट से मंजूरी मिली है, जिसके बाद एनसीआर में जिन 2 लाख 40 हजार लोगों को फ्लैट नहीं मिल रहे थे, अब उनको फ्लैट मिलेंगे. नोएडा-एनसीआर में साढ़े 3 लाख खरीदारों ने फ्लैट की बुकिंग करवाई थी, उनको पजेशन नहीं मिला था. अब उनको पजेशन के साथ रजिस्ट्री भी दी जाएगी. इसके लिए कैबिनेट में नीति बनाई गई है. साथ ही इन बायर्स को कोविड के जीरो पीरियड का भी लाभ दिया जाएगा.

गौरतलब है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में लाखों की संख्या में फ्लैट्स अधूरे बने हैं, जिनका कब्जा खरीदारों को अभी तक नहीं मिल सका था. इसमें तो कई बॉयर्स ऐसे हैं जो किराए पर रह रहे हैं और एटकभी दे रहे हैं. योगी कैबिनेट के इस फैसले से ऐसे लाखों बॉयर्स को न सिर्फ उनका आशियाना मिलेगा, बल्कि किराए के मकान का अतिरिक्त बोझ भी घटेगा. सरकार की तरफ से अब इन फ्लैट्स का जल्द पूरा निर्माण करवाया जाएगा. सुरेश खन्ना ने बताया कि पूरे देश में करीब 4 लाख 12 हजार ऐसे फ्लैट्स हैं जो बिल्डर्स की माली हालत खराब होने की वजह से नहीं बन सके. इनमें से 2.40 लाख फ्लैट्स अकेले नोएडा एनसीआर में हैं. इसके लिए केंद्र की तरफ से एक समिति बनाई गई थी. अब कैबिनेट में फैसला लिया गया है कि इन फ्लैट्स का निर्माण पूरा करवाकर अब पजेशन दिया जाएगा.

राजस्थान के उट भजन लाल शर्मा की कार का एक्सीडेंट, बाल-बाल बचे

भरतपुर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की कार मंगलवार को उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई जब उनकी कार सड़क से उतरकर किनारे के एक सीवर में फंस गई. हालांकि, इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है. यह घटना उत्तर प्रदेश सीमा पर पूंछरी का लौठा के पास उस वक्त हुई, जब शर्मा तीर्थयात्रा के लिए गोवर्धन गिरिराज जा रहे थे.

वहीं, राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने के बाद भजनलाल शर्मा मंगलवार को पहली बार अपने गृह नगर भरतपुर पहुंचे. मुख्यमंत्री का जयपुर और भरतपुर के बीच सड़क मार्ग कई स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने माला पहनाकर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया.

मौसम के मिजाज ने बढ़ाई परेशानी, उत्तर भारत में बर्फीली हवाएं, दक्षिण में पानी का सैलाब

नई दिल्लीः भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार मंगलवार को दक्षिणी तमिलनाडु के 39 क्षेत्रों में अत्यधिक भारी बारिश हुई. वहीं 19 दिसंबर को कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, थूथुकुडी और तेनकासी जिलों में भारी बारिश जारी रहने की संभावना है. इस बीच, देश के कई हिस्सों में तापमान गिर गया है. जबकि जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश बर्फ से ढके हुए हैं. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने तमिलनाडु में अगले सात दिनों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. बुधवार से शनिवार तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. अगले पांच दिनों तक पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है. मंगलवार को पंजाब में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस और हरियाणा में 6 डिग्री सेल्सियस रहा. आईएमडी के मुताबिक, केरल में अगले तीन दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी. आज पथानामथिट्टा, कोल्लम और तिरुवनंतपुरम में जिला स्तरीय ऑरेंज अलर्ट रखा गया है. वहीं दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है.

डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका, नहीं लड़ पाएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव, अमेरिकी कोर्ट ने अयोग्य करार दिया

कोलोराडो की अदालत ने मंगलवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को झटका दिया है. कोलोराडो की अदालत ने कैपिटल हिसा मामले में मंगलवार को ट्रंप को अमेरिका के संविधान के तहत राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया है. कोर्ट ने राज्य सचिव को रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के प्राथमिक मतदान से उनका नाम बाहर करने का भी आदेश दिया है. आपको बता दें कि ट्रम्प को 6 जनवरी 2021 को कैपिटल में दंगा भड़काने के कारण 2024 के चुनाव के लिए राज्य के बैलेट में शामिल करने से रोका गया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले को 4 जनवरी तक प्रभावी होने से रोक दिया. इसके चलते ट्रंप कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ आगे अपील कर सकते हैं. यह फैसला पहली बार आया है जब कोई अदालत इस बात पर सहमत हुई है कि ट्रम्प जो रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए सबसे आगे हैं. उनको अमेरिकी संवैधानिक प्रावधान के कारण राज्य में मतदान से रोक दिया जाना चाहिए. आपको बता दें कि मिनेसोटा और मिशिगन की अदालतों ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रम्प की नियुक्ति को चुनौती देने वाले समान मुकदमों को खारिज कर दिया है, लेकिन इस मुद्दे पर कई राज्यों में मुकदमा चल रहे हैं.कोलोराडो की कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अदालत के बहुमत का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रम्प संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान के चौदहवें संशोधन की धारा तीन के तहत राष्ट्रपति पद संभालने के लिए अयोग्य हैं. कोर्ट ने फैसले में कहा गया है कि चूंकि वह अयोग्य हैं, इसलिए कोलोराडो राज्य सचिव के लिए उन्हें राष्ट्रपति के प्राथमिक मतदान में उम्मीदवार के रूप में लिस्ट करना चुनाव संहिता के तहत एक गलत कार्य होगा.

भारत की विशाल जनसंख्या, बहुसंख्यक युवा वर्ग हाथों में होगी देश की बागडोर।

दैनिक समाज जागरण

भारत चीन समकक्ष अनुमानित तौर पर सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है, वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश हो गया है' निश्चित तौर पर युवा हमारे भविष्य की संम्पदा होंगे अब यह हमारे उपर ही निर्भर है कि युवा जनसंख्या का उपयोग किस तरह विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं' भारत की युवा और दिवा शक्ति के माध्यम से विज्ञान, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं अन्य उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए ' अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 140 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145(अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 55 से 60% से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्त्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,

अल्लाह बनाम इंसान का फैसला

दैनिक समाज जागरण

दिसंबर का महीना बर्फवारी का मौसम होता है । इस मौसम में बर्फ पिघलने के बजाय आसमान से बरसती है ,ठीक उसी तरह जिस तरह पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती सुप्रीम कोर्ट द्वारा धारा 370 पर दिए फैसले पर बरस रहीं हैं। देश की महिला नेत्रियों में महबूबा मुफ्ती तमाम असहमतियों के बावजूद मेरी प्रिय नेता है।। उनके अलावा मुझे सुश्री ममता बनर्जी ,की राजनीति अच्छी लगती है। महबूबा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से असहमति बताते हुए कहा है कि ये अल्लाह का फैसला नहीं है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 जब लागू होना थी ,तब लागू की गयी और जब उसे हटना था तब हटा भी दिया गया । सुप्रीम कोर्ट ने धारा 370 हटाने के सरकार के फैसले की पुष्टि भी कर दी। यानी की धारा बनाने,लगाने और हटाने की इस लम्बी प्रक्रिया में अल्लाह कहीं नहीं था । सब जगह इंसान ही इंसान थे । पहले नेहरू और पटेल थे,अब मोदी और अमित शाह है और महबूबा मुफ़्ती हैं, माननीय मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ है। सब इंसान हैं ,कोई भगवान या अल्लाह नहीं है,इसलिए महबूबा ने जो कहा वो मुझे पसंद आया । मुमकिन है कि आपको महबूबा का कहा पसंद न आये।

पिछले एक दशक में देश की सबसे बड़ी अदालत ने अनेक मामलों में ऐसे आधे-अधूरे और अस्पष्ट फैसले दिए हैं जो सवालों के घेरे में हैं लेकिन माननीय अदालत के मान-सम्मान की वजह से देश में ऐसे मामलों और माननीय अदालत की प्रकृति पर कोई बहस नहीं होती । महबूबा ने ये साहस दिखाया है और कहा है कि

माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला अल्लाह का फैसला नहीं है ,उसके खिलाफ लड़ा जाएगा। महबूबा इस देश की सम्माननीय नेता है । उनके दल की रीति-नीति से आप और हम असहमत या सहमत हो सकते हैं किन्तु उन्हें राष्ट्रविरोधी कोई नहीं कह सकता ,क्योंकि कांग्रेस हो चाहे भाजपा सभी ने महबूबा के साथ मिलाकर जम्मू-कश्मीर में सत्ता का स्वाद चखा है।

महबूबा मुफ़्ती मुझसे एक महीना छोटी हैं लेकिन वे उस जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं जो अब केंद्र शासित क्षेत्र है ,राज्य नहीं। जाहिर है कि महबूबा अपने सूबे को खंड-खंड देखकर स्वाभाविक रूप से आहत हुईं होंगी । उनका दर्द समझना आसान है इसलिए उनकी प्रतिक्रिया भी स्वाभाविक और निश्छल है । महबूबा को भी पता है कि जम्मू-कश्मीर को उसका पुराना दर्जा मिलना अब असम्भव है किन्तु उम्मीद करने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। महबूबा खानदानी नेता है। उनके पिता मुफ़्ती मोहम्मद सईद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और केंद्र में गृह मंत्री रहे हैं। महबूबा विधि स्नातक हैं इसलिए उनके द्वारा की गयी टिप्पणी को किसी अनपढ़ या शाखामृग की टिप्पणी नहीं माना जा सकता।वे उतनी ही जिम्मेदार नेता हैं जितने कि जिम्मेदार नेता हमारे देश के गृहमंत्री अमित शाह हैं

देश में इस समय जिस तरह है से राजनीतिक लाभ लेने के लिए राज्यों की अस्मिताओं को उभारा जा रहा उस समय महबूबा मुफ़्ती की टिप्पणी को भी जम्मू-कश्मीर की अस्मिता से जोड़कर देखा जाना चाहिए। देश के दूसरे जन प्रतिनिधियों को भी इंसान के फैसलों को अल्लाह का फैसला मानकर चुप नहीं बैठना चाहिए। इस समय और पहले भी दुर्भाग्य से ऐसे अनेक कालखंड आये हैं जब कार्यपालिका ,विधायिका, और न्यायपालिका के साथ ही अखबार पालिका भी सरकार के सुर में सुर मिलाती देखी गयी है। ऐसे हर कालखंड ने देश की अस्मिता को,लोकतंत्र को और लोकतांत्रिक मूल्यों को नुक्सान पहुंचाया है। इसलिए ये जरूरी है की हम इस तरह की तमाम प्रवृत्तियों के खिलाफ महबूबा की तरह बोलें। इंसानों द्वारा इंसानों के लिए किये जाने फैसले हर समय सौ फीसदी सही ही होंगे इसकी गारंटी कौन दे सकता है ? ऐसे तमाम फैसलों पर अंतिम मुहर जनता ही लगाती है।

मौजूदा सरकार ने जम्मू-कश्मीर के साथ गलत किया या सही ,मै इस विवाद में नहीं पढ़ना चाहता,क्योंकि इस समय देश में सवाल करने और बहस करने की अघोषित मुमानियत है। आम आदमी को तो छोड़िये सांसद तक सवाल करने पर सदन से निलंबित किये जा रहे है। कुछ इतने दुर्भाग्यशाली हैं उनकी सदस्यता तक रद्द की जा रही है ,और ये सब कौन कर रहा है ? अल्लाह नहीं कर रहा,भगवान नहीं कर रहा बल्कि वे लोग कर रहे हैं जो खुद को खुदा और ईश्वर का अवतार समझते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से खड़े होने की जरूरत है। सत्तापक्ष और उसके साथ खड़े होने वाले रीढ़विहीन संस्थानों के खिलाफ संगठित होना कोई अपराध नहीं है, इसे राष्ट्रद्रोह भी नहीं कहा जाना चाहिए।

आज के माहौल में महबूबा हों,ममता हों,मायावती हों, या दूसरे गैरभाजपा दल हों सभी का ये दायित्व है कि वो राजनीति में पनप रही अधिनायकत्व की प्रवृत्ति के खिलाफ मोर्चा खोलें। भाजपा में अनुशासन की तलवार के नीचे अपनी गर्दन रखकर खामोश खड़े लोग भी इस अभियान में शामिल हो सकते हैं,हालाँकि ये काम जोखिम का है। ये जोखिम यशवंत सिन्हा और शत्रुघ्न सिन्हा , केशूभाई पटेल और उमा भारती जैसे लोग अतीत में उठा चुके हैं। आईएनडीआईए [इंडिया] गठबंधन की ये जिम्मेदारी है कि वो इंसानों के तमाम गलत फैसलों के खिलाफ मन से संगठित होकर प्रतिकार करे। यदि विपक्ष अपनी भूमिका का निर्वाह करने में कोताही करता है तो ये लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है।

@ राकेश अचल

बच्चों और बचपन को पूरी निश्छलता के साथ प्यार किए बिना आप बच्चों के लिए कुछ भी लिए नहीं सकते: प्रकाश

दैनिक समाज जागरण

बाल साहित्य का पर्याय कहे जाने वाले प्रकाश मनु जी की बच्चों के लिए विभिन्न विधाओं की डेढ़ सौ से अधिक रुचिकर पुस्तकें हैं, जिन्हें बच्चे ही नहीं, बड़े भी ढूढ-ढूढकर पढ़ते हैं। इनमें प्रमुख हैंकृ प्रकाश मनु की चुनिंदा बाल कहानियां, मेरे मन की बाल कहानियां, धमाल-पंपाल के जूते, एक स्कूल मोरों वाला, खुशी का जन्मदिन, मैं जीत गया पापा, मातुंगा जंगल की अचरज भरी कहानियां, मेरी प्रिय बाल कहानियां, बच्चों की 51 हास्य कथाए आदि। डायमण्ड बुक्स द्वारा प्रकाशित बुक बच्चों के 7 रोचक उपन्यास (प्रकाश मनु)एक रोचक उपन्यास है। प्रकाश मनु का कहना है कि मुझे बहुत ऽुशी है कि भाई नरेंद्र ने मेरे सात पसंदीदा बाल उपन्यासों को एक साथ छापने में रुचि दिऽाई। इनमें साहित्य अकादेमी के पहले बाल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित उपन्यास ह्यएक था ठुनठुनियाह्न भी शामिल है। एक था ठुनठुनिया, नन्हीं गोगो के अजीब कारनामे, सब्जियों का मेला, फागुन गांव की परी, सांताक्लाज का पिटारा, दुनिया का सबसे अनोखा चोर और किरनापुर का शहीद मेला अब बाल पाठकों को ही नहीं, बाल साहित्य के अध्येताओं को भी ये ह्यबच्चों के सात रोचक उपन्यासह्न पुस्तक में एक साथ उपलब्ध हो जाएँगे। मेरे लिए यह बड़े सुऽ और आनंद की बात है।

यों भी इस बुक में ठुनठुनिया हर वत्तफ बड़ा मस्त रहने वाला पात्र है। हालाँकि उसके घर के हालात अच्छे नहीं हैं। पिता हैं नहीं। माँ बहुत गरीबी और तंगी की हालत में उसे पाल-पोस रही है। पर इन सब परेशानियों के बीच ठुनठुनिया उम्मीद का दामन और मस्ती नहीं छोड़ता। वह बड़ा ऽुशमिजाज, हरफनमौला और हाजिरजवाब है और इसीलिए बड़ी से बड़ी मुश्किलों के बीच रास्ता निकाल लेता है।

माँ चाहती है कि ठुनठुनिया पढ़-लिऽकर कुछ बने। पर उसे तो किताबी पढ़ाई के बजाय जिंदगी के ऽुले स्कूल में पढ़ना ज्यादा रास आता है। इसीलिए वह कभी रग्घू चाचा के पास जाकर ऽलौने बनाना सीऽता है तो कभी कठपुतली वाले मानिकलाल की मंडली के साथ

मिलकर कठपुतलियाँ नचाने का काम शुरू कर देता है। पर फिर एक बार अपने शो के दौरान अचानक उसे मास्टर अयोध्या बाबू मिलते हैं और उनसे माँ की बीमारी की ऽबर पता चलती है तो ठुनठुनिया सब कुछ छोड़-छाड़कर अललटप घर की ओर दौड़ पड़ता है।

जीवन का शायद सबसे आदर्श रूप यही हो सकता है। पर ह्यएक था ठुनठुनियाह्न उपन्यास में यह किसी आडंबर के साथ नहीं आता। एक बच्चे की सहज इच्छा की तरह आता है, जो उसके जीवन का सबसे सुंदर सपना भी है। ठुनठुनिया ऽेल-ऽेल में और अनायास वह सब कर डालता है, जिसे बड़े लोग बड़े आडंबर के साथ करते हैं। और यही ह्यएक था ठुनठुनियाह्न उपन्यास और ऽुद उसके नायक ठुनठुनिया की जिंदादिली का रहस्य भी है।

और अब ह्यनन्ही गोगो के अजीब कारनामे, की बात की जाए। मैं नहीं जानता कि पता नहीं कब, एक छोटी, बहुत छोटी-सी बच्ची कब मेरे जेहन में आकर बैठ गई और एक दिन बड़ी मासूमियत से बोली, फ्अंकल, लिऽो, मुझ पर लिऽो ना कोई कहानी।---पर जरा बढ़िया-सी लिऽना। गोगो नाम है मेरा। कहिए मनु अंकल, मेरा नाम पसंद आया आपको?

ह्यसब्जियों का मेलाह्न बाल उपन्यासों में सबसे अजब और निराला है। हास्य-विनोद और कौतुक से भरपूर एक ऐसा उपन्यास, जिसे लिऽने में ऽुद मुझे बहुत आनंद आया। मैं चाहता था कि सब्जियों का एक जीता-जागता और हलचलों भरा संसार बच्चों के सामने आए। बिल्कुल मनुष्यों की तरह ही। मन के विविध भावों, भंगिमाओं और एक से एक विचित्र जीवन स्थितियों के साथ। और उसमें हर सब्जी की एक निराली ही छवि हो। औरों से बिल्कुल अलग, और अपने आप में बड़ी अद्भुत भी। कुल मिलाकर सारी सब्जियाँ देऽने-भालने में सब्जियाँ तो लगें ही, पर उनमें कुछ-कुछ हमारी मौजूदा जिंदगी के भिन्न-भिन्न चरित्रें की छाप भी नजर आए।

इधर लिऽे गए बाल उपन्यासों में ह्यफागुन गाँव में आई परीह्न भी बड़ा रोचक फंतासी उपन्यास है, जिसका एक छोर गाँव के जीवन-यथार्थ से भी जुड़ा है। गाँव के सीधे-सरल लोग, उनका निश्छल प्रेम तथा मेहनत और सच्चाई का आदर्श परियों को भी लुभाता है। इस बाल उपन्यास की ऽास बात यह है कि इसमें यथार्थ और फैंटेसी एक-दूसरे के प्रभाव को कम न करके, उलटा बढ़ाते हैं।

पुस्तक में दो एकदम नए बाल उपन्यास शामिल हैं, दुनिया का सबसे अनोऽा चोर और ह्यहिरनापुर का शहीद मेलाह्न। इनमें दुनिया का सबसे अनोऽा चोरह्न में एक जीनियस किस्म के चोर के अजीबोगरीब चरित्र के साथ उसके बड़े ही विचित्र कारनामे हैं। उसने एक ऐसा सुपर कंप्यूटर बना लिया है, जिसके जरिए वह किसी भी आदमी के मन को काबू करके, अपने ढंग से चला सकता है। इसी के बल पर उसने चोरी के ऐसे कारनामे कर दिऽाए कि हर कोई हक्का-बक्का रह गया।

प्रकाश मनु के अनुसार अंत में एक बात और कहना चाहता हूँ। जहाँ तक लिऽने का सवाल है, बच्चों या बड़ों के लिए लिऽने में मुझे कोई फर्क नजर नहीं आता। बच्चों के लिए लिऽूँ या बड़ों को लिए, भीतर उसी दबाव या रचनात्मक तनाव से गुजरना पड़ता है। ऐसा कभी नहीं लगा कि बच्चों की रचना है तो क्या है, जैसे मर्जी लिऽ दो। बल्कि सच्ची बात तो यह है कि बाल साहित्य लिऽते हुए कोई पचास बरस हो गए, पर आज भी हालत यह है कि जब कोई रचना शुरू करता हूँ तो लगता है कि पहली बार हाथ में कलम पकड़ रहा हूँ और जब तक रचना पूरी होने के आनंद क्षण तक नहीं पहुँचता, तब तक पसीने-पसीने रहता हूँ और भीतर धक-धक होती रहती है। फिर रचना पूरी होने पर एक बच्चे के रूप में मैं ऽुद ही उसे पढ़ता हूँ और तब सबसे पहले अपने आप से ही पूछता हूँ कि पास हुआ या फेल---? इसके बाद ही वह रचना बच्चों के हाथ में आती है।

पता नहीं, रचना का यह अंतर्द्वंद्व जो मेरे साथ है, वह औरों के साथ भी ठीक वैसा ही है या नहीं? सबका ढंग अपना हो सकता है। होना भी चाहिए। पर बच्चों और बचपन को पूरी निश्छलता के साथ प्यार किए बिना आप बच्चों के लिए कुछ भी लिऽ नहीं सकते, यह मेरा अपना अनुभव है। और सच ही, इसी से बच्चों के लिए लिऽने की अपार ऊर्जा और आनंद भी मुझे मिलता है। इसके लिए भाई नरेंद्र जी को मैं धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने पुस्तक को इतने ऽूबसूरत ढंग से छापा है। इन बाल उपन्यासों को पढ़कर पाठक अपनी राय देंगे, तो मुझे सचमुच बहुत अच्छा लगेगा।

उमेश कुमार सिंह

प्रेम

प्रेम भाव है प्रेम प्रतिज्ञा
प्रेम जीवन का गहना है,
बड़ा अनूठा अनुपम दिखता
जिसने इसको पहना है।

प्रेम से मिटते द्वेष भाव सब
कलह क्लेश मिट जाता है,
प्रेम बिना इस भव सागर में
कौन भला रह पाता है।

प्रेम की बोली बड़ी निराली
बनते सारे बिगड़े काम,
अगर खुशी से जीना हो तो
सब लो इसका आँचल थाम।

प्रेम बिना यह जग है सूना
प्रेम जगत आधार,
प्रेम की बोली हर मन जाने
प्रेम है जीवन धार ।

प्रेम की बोली मधुरस घोले
मिटते दुःख विषाद,
प्रेम भाव से मिट जाते हैं
बड़े-बड़े अवसाद।

प्रेम हृदय की अनमोल पूंजी
प्रेम न बीके बाजार,
परम सत्य यह जान ले प्राणी
प्रेम जगत का सार।

बिंदु अग्रवाल

जीवन की वास्तविकता

मैने सबसे समझौते किए होते हैं, इस
लिये हर कोई मुझसे खुश रहता है,
मैं सबसे खुश रहता हूँ क्योंकि मैं
सबकी गलतियाँ प्रायः भुला देता हूँ।

जहाँ सूर्य किरणें हो, प्रकाश होता है,
जहाँ ईश दर्शन हो, भव पार होता है,
जहाँ संतो की वाणी, उद्धार होता है,
जहाँ प्रेम की भाषा, परिवार होता है।

चालाकियों से किसी को कुछ देर
तक ही मोहित किया जा सकता है
पर जहाँ दिल जीतने की बात आती है,
वहाँ सरल और सहज होना जरुरी है।

प्रेम में इतने आकर्षण होते हैं कि
बड़ी से बड़ी ताकत को झुका लेते हैं,
सखा प्रेम के वशीभूत श्रीकृष्ण दरिद्र
सुदामा के प्रेम में बेहाल पैर धोते हैं।

मुझे मालूम नहीं कि पाप और
पुण्य के बीच क्या अंतर होता है,
पर यह अवश्य मालूम है कि किसी
का दिल दुखे तो वो पाप होता है ।

जिससे किसी के चेहरे पर हँसी
की रंगत आये वो पुण्य होता है,
आदित्य प्रेम के बोल खुशी देते हैं,
दूसरे को खुशी देकर पुण्य लेते हैं।

कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

उत्तर प्रदेश पर्व "हमारी संस्कृति हमारी पहचान" के अंतर्गत जनपद में "संस्कृति उत्सव 2023" का होगा आयोजन।

शास्त्रीय एवं लोक संगीत के कलाकारों को योग्यता अनुसार मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित एवं समृद्ध किया जाएगा।/

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक कलाकार संस्कृति विभाग की वेबसाइट से प्रारूप प्राप्त कर 20 दिसंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन।

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने संस्कृति महोत्सव 2023 को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जनपद में जिला स्तरीय कमेटी का किया गठन।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शास्त्रीय एवं लोक संगीत की उपयुक्त पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश के सभी अंचलो में कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार मंच प्रदान करते हुए उनको प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व "हमारी संस्कृति हमारी पहचान" के अंतर्गत "संस्कृति उत्सव-2023" को लेकर 25 से 30 दिसंबर 2023 तक तहसील मुख्यालय, 01 से 05 जनवरी 2024 तक जनपद मुख्यालय तथा 10 से 15 जनवरी 2024 तक मंडल मुख्यालय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के इच्छुक कलाकार आगामी 20 दिसंबर 2023 तक संस्कृति विभाग की वेबसाइट https://upculture.up.nic.in से आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर विभागीय मेल आईडी upcultureutsav@gmail.comपर अपना आवेदन प्रेषित कर सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए भी संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर विजिट करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

संस्कृति उत्सव 2023 को जनपद में सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय समिति का भी गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि "हमारी संस्कृति हमारी पहचान" के अंतर्गत "संस्कृति महोत्सव" का आयोजन तहसील स्तर पर दिनांक 25 से 30 दिसंबर 2023 तक करते हुए विजेताओं की सूची संबंधित पोर्टल/ईमेल आईडी एवं सचिव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गौतम बुद्ध नगर के मोबाइल नंबर 7302185032 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में 31 दिसंबर 2023 तक चल रहा है द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा।

आम जनमानस को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक। ओवरलोड, विपरीत दिशा एवं नशा करके वाहन चलाने वालों का किया गया चालान।

गौतमबुद्धनगर से 19 दिसम्बर, 2023 आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति संवेदीकृत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में 15 से 31 दिसंबर 2023 तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आज जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग के द्वारा पंपलेट व वाहन चालकों को फूल वितरण कर लोगों को जागरूक किया

गया। साथ ही अभियान चलाकर 103 व्यावसायिक वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई एवं वाहनों में बैक लाइट/फॉग लाइट मानकों के अनुरूप लगाने के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत पुलिस एवं परिवहन विभाग के द्वारा 12 ओवरलोडेड वाहन, 23 विपरीत दिशा में चलने वाले वाहनों एवं 11 वाहन चालकों का नशे की हालत में पाए जाने पर चालान किया गया।

सहायक संभागीय के परिवहन अधिकारी प्रर्वतन ने बताया कि द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जिलाधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार आगामी दिवसों में भी आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

न्यायालय सिविल जज (सी० डि०)/एफ०टी०सी० की पीठासीन अधिकारी श्रीमती नूपुर श्रीवास्तव द्वारा जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर के माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित प्राचीन फौजदारी वाद का किया गया निस्तारण

न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/एफ०टी०सी० गौतमबुद्धनगर में विचाराधीन प्राचीन फौजदारी मुकदमा अपराध संख्या 66/2008 अन्तर्गत धारा 223,224,225,216,120बी भा०द०सं थाना-फेस 2 सरकार बनाम छत्रपाल आदि से संबधित पत्रावली का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर किया गया। उपरोक्त पत्रावली में 15 अभियुक्तगण थे जिनमें से मुख्य अपराधी छत्रपाल पुत्र सत्यपाल निवासी बैलाना थाना ककौड़ का निवासी है उक्त मुकदमा वर्ष 2008 से लम्बित है वर्ष 2008 में अभियुक्त छत्रपाल 04.02.2008 को न्यायालय में अन्य मुकदमें में पुलिस द्वारा पेश करने हेतु लाया गया था। जिस दौरान अभियुक्त छत्रपाल पुलिस की हिरासत से हथकड़ी खोल कर भाग गया था। उक्त पत्रावली पर मुख्य अभियुक्त छत्रपाल के सम्बन्धी एवं दो कांस्टेबल भी आरोपी थे, जिनके विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण उपरोक्त अभियुक्तगण को दोषमुक्त किया गया एवं मुख्य अभियुक्त छत्रपाल के विरूद्ध धारा 224 भा०द०सं० के अर्न्तगत अभियुक्त को 02 वर्ष को साधारण कारावास व 3000/- रुपए जुमार्ने से दण्डित किया गया।

उक्त पत्रावली जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में लगभग 15 वर्ष से लम्बित थी जिसे माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसका गंभीरता से संज्ञान लेते हुए न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/एफ०टी०सी० की पीठासीन अधिकारी श्रीमती नूपुर श्रीवास्तव द्वारा निस्तारण किया गया।

प्रदेश के 57 जनपदों में खुलेंगे साइबर क्राइम थाने

साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों पर नकेल लगाने के लिए योगी सरकार का बड़ा निर्णय

लोकभवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में साइबर थानों की स्थापना पर लगी मुहर

निर्णय से प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी का रास्ता होगा साफ

पुलिस अधीक्षक होंगे जनपदों में स्थापित होने वाले साइबर क्राइम थानों के इंचार्ज

थानों की स्थापना पर सरकार पर आएगा सवा अरब रुपए से ज्यादा का व्यय भार

लखनऊ, 19 दिसंबर। उत्तर प्रदेश में बढ़ते हुए साइबर क्राइम के मामलों को देखते हुए योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए जाएंगे। सीएम योगी की अध्यक्षता में लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई। इस निर्णय के साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी हो जाएगी। फिलहाल प्रदेश के सभी 18 मंडलों में साइबर क्राइम थाने मौजूद हैं। अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था, लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे। कैबिनेट बैठक में कुल 20 प्रस्ताव आए, जिसमें से 19 को कैबिनेट ने मंजूर किया।

सवा अरब रुपए से ज्यादा का आएगा व्ययभार

लोकभवन के मीडिया सेंटर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए सभी 75 जनपदों में साइबर थानों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। 18 मंडल मुख्यालयों में पहले से ही साइबर थाने मौजूद हैं, बल्कि अब बाकी बचे 57 जनपदों में भी थाने स्थापित करने का बड़ा निर्णय लिया गया है। इसकी स्थापना पर सरकार पर लगभग एक अरब, 27 करोड़, 24 लाख, 51 हजार रुपए से अधिक की धनराशि का व्यय भार अनुमानित है। सरकार तेजी से इस पर काम करने जा रही है और जल्द ही ये थाने स्थापित किए जाएंगे। इससे न सिर्फ साइबर क्राइम पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि उस पर प्रभावी कार्रवाई भी संभव हो सकेगी।

साइबर क्राइम के मामलों में कन्विक्शन में सबसे आगे है उत्तर प्रदेश

प्रदेश में साइबर क्राइम की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम में कन्विक्शन के मामले में यूपी सबसे ऊपर है। हमारा कन्विक्शन रेट नेशनल साइबर क्राइम के कन्विक्शन रेट से काफी बेहतर है। साइबर क्राइम के मामलों में नेशनल कन्विक्शन रेट 46.5 परसेंट है, जबकि हमारा कन्विक्शन रेट 87.8 परसेंट है। अब तक प्रदेश में 838 कन्विक्शन हुए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद मध्य प्रदेश में सिर्फ 59 कन्विक्शन हुए हैं। प्रदेश में 7122 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए हैं, जबकि महाराष्ट्र में 2582 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए। उत्तर प्रदेश में 2022 में 10,117 केस रजिस्टर हुए हैं।

इन जनपदों में स्थापित होंगे साइबर क्राइम थाने

उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, इटावा, फतेहगढ़, कन्नौज, औरैया, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, हापुड़, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अमेठी, अंबेडकरनगर, एटा, हाथरस, कासगंज, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, महाराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, बलरामपुर,श्रावस्ती, बहराइच, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, संभल, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशांबी, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, सोनभद्र, भदोही, मऊ, बलिया, सिद्धार्थनगर, संत कबीरनगर, ललितपुर, जालौन, मुजफ्फरनगर एवं शामली।

पीजीआई में खुलेगा एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी घोषणा को मूर्त रूप देते हुए पीजीआई में एक एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीजीआई में एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना की घोषणा की थी, जिस पर कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी। इसके अंतर्गत पीजीआई में दो चरणो में 575 बेड का एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर स्थापित किया जाएगा। 199 करोड़ 10 लाख 52 हजार रुपए इसकी कीमत आंकलित की गई है, जिसमें 308 बेड प्रथम चरण में बनाए जाएंगे। प्रथम चरण में इसमें 12 विभाग शामिल किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि 18 महीने में इसका निर्माण पूरा कर लिया जाए। एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना से यहां पर बच्चों का सकुशल इलाज हो सकेगा।

अधिवक्ता कल्याण निधि को बढ़ाने का निर्णय

सरकार ने अधिवक्ताओं को भी राहत देते हुए अधिवक्ता कल्याण निधि में 100 करोड़ रुपए के इजाफे के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्री ने बताया कि अधिवक्ता की मृत्यु पर इस निधि से उसके परिजनों की मदद की जाती है। पहले यह राशि 1.5 लाख रुपए थी, जिसे बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया था। फिलहाल यह निधि 200 करोड़ रुपए की है, जिसे 500 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य है।

गोरखपुर को 19 हेल्थ एटीएम की सौगात देंगे सीएम योगी

रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से गोद लिए गए 500 टीबी रोगियों को वितरित करेंगे पोषण पोटली

गोरखपुर, 19 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हाइटेक चिकित्सा सेवा का विस्तार करते हुए 19 हेल्थ एटीएम की सौगात देंगे। ये हेल्थ एटीएम सांसद रविकिशन शुक्ल के सौजन्य से स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराए गए हैं। गुरुवार (21 दिसंबर) को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित हेल्थ एटीएम के शुभारंभ समारोह के अवसर पर सीएम योगी रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से गोद लिए गए 500 टीबी रोगियों को पोषण पोटली भी वितरित करेंगे।

मुख्यमंत्री इसके पूर्व 14 सितंबर 2022 को स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा और 20 जून 2023 को सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (भटहट, सहजनवा, जंगल कौड़िया, पाली, चौरीचौरा, खुटहन व सरहरी) के लिए हेल्थ एटीएम का उद्घाटन कर चुके हैं। गुरुवार को वह जिले के लिए 19 नए हेल्थ एटीएम का उपहार देंगे। इन हेल्थ एटीएम से करीब पांच दर्जन जांच की सुविधा मिलेगी। सीएमओ डॉ. आशुतोष दूबे ने बताया कि सांसद रविकिशन के सौजन्य से स्माइल फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराए गए एटीएम बीआरडी मेडिकल कॉलेज, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिला चिकित्सालय, एम्स, 100 बेड जिला न्यायालय परिसर, क्षयरोग सह सामान्य चिकित्सालय नंदानगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिपराइच व कैम्पियरगंज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पिपरौली व खोराबार, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उनवल, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर, शाहपुर, तारामंडल, सिविल लाइंस, शिवपुर, नथमलपुर, रामपुर, झरना टोला और मोहद्दीपुर में स्थापित किए जाएंगे। इन हेल्थ एटीएम से 15 प्रकार की जांच बिना रक्त के और 40 प्रकार की जांच रक्त से की जाएगी। साथ ही इन हेल्थ एटीएम को टेली कंसल्टेशन की सुविधा से भी जोड़ा जाएगा।

पोषण पोटली के साथ टीबी रोगियों को मिलेगा कम्बल

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के गोरखपुर ब्रांच के चेयरमैन शिवेंद्र विक्रम सिंह व सेक्रेटरी अजय

-सांसद रविकिशन शुक्ल के सौजन्य से उपलब्ध कराए गए हैं हेल्थ एटीएम
- गुरुवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में होगा कार्यक्रम

प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से गोद लिए गए 500 टीबी रोगियों को पोषण पोटली के वितरण का शुभारंभ करेंगे। पांच टीबी रोगियों को अपने हाथों से पोषण पोटली सौंपेंगे। शेष को रेडक्रॉस सोसाइटी के लोग उपलब्ध कराएंगे। निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत पोषण पोटली में एक किलो मूंगफली, एक किलो भुना चना, एक किलो गुड़, एक किलो सत्तू, एक किलो तिल/गजक और एक किलो न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट होगा। इसके साथ सर्द मौसम को देखते हुए इन रोगियों को च्यवनप्राश और कम्बल भी दिया जाएगा। टीबी रोगियों के अलावा 500 बालिकाओं को हाइजीन किट भी वितरित किया जाएगा। पांच बालिकाओं को सीएम योगी हाइजीन किट वितरित कर सकते हैं।

योगी सरकार पीजीआई में बनाएगी प्रदेश का पहला एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर

– 575 बेड का होगा सेंटर, 20 से अधिक विभाग और 6 यूनिट करेंगी काम

- सेंटर में बच्चों से जुड़ी सभी बीमारियों का अलग-अलग पीडियाट्रिक एक्सपर्ट करेंगे इलाज

लखनऊ, 19 दिसंबरः योगी कैबिनेट ने मंगलवार को प्रदेश के पहले एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना का अहम निर्णय लिया है। यह सेंटर पीजीआई में स्थापित किया जाएगा। यह प्रदेश का पहला ऐसा सेंटर होगा, जहां बच्चों से जुड़ी सभी बीमारियों का इलाज अलग-अलग पीडियाट्रिक एक्सपर्ट करेंगे। यह सुविधा अभी तक प्रदेश के किसी भी इंस्टीट्यूट और मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध नहीं है। इसके लिए योगी सरकार 199 करोड़ 10 लाख 52 हजार रुपये खर्च करेगी।

बच्चों के बेहतर इलाज के लिए महसूस की जा रही थी आवश्यकता

एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. डॉ. आरके धीमान ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 40 प्रतिशत आबादी 0-18 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों की है। ऐसे में लंबे समय से उनके बेहतर इलाज के लिए एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस पर योगी सरकार को एक प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे आज कैबिनेट में मंजूरी दे दी गयी। ऐसे में पीजीआई में 575 बेड का एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना की जाएगी, जिसमें 20 से अधिक विभाग और 6 यूनिट काम करेंगी। सेंटर की स्थापना दो फेज में की जाएगी। पहले फेज में 310 बेड की स्थापना की जाएगी, जिसमें 12 विभाग और 4 यूनिट काम करेंगी। इसमें 163 बेड नॉर्मल, 54 बेड आईसीयू, 28 बेड एचडीयू, 20 बेड आइसोलेशन और 45 बेड प्राइवेट के होंगे। वहीं दूसरे फेज में 265 बेड और बढ़ाए जाएंगे, जिसमें अतिरिक्त 9 विभाग और 2 यूनिट को जोड़ा जाएगा। इसमें 158 नार्मल बेड, 13 आईसीयू बेड, 10 एचडीयू बेड, 21 आईसोलेशन बेड और 63 प्राइवेट बेड होंगे।

यह विभाग और यूनिट करेंगी काम

निदेशक ने बताया कि पहले फेज में 12 विभाग और 4 यूनिट काम करेंगी। इनमें जनरल पीडियाट्रिक, पीडियाट्रिक एंकोलॉजी, पीडियाट्रिक इमरजेंसी, पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर, पीडियाट्रिक सर्जरी, पीडियाट्रिक गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी, पीडियाट्रिक इंडोक्राइनोलॉजी आदि विभाग शामिल हैं जबकि यूनिट में पीडियाट्रिक पल्मोनोलॉजी, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, डे केयर और पीडियाट्रिक मेडिकल जेनेटिक शामिल हैं। वहीं पहले फेज में सबसे ज्यादा 60 बेड जनरल पीडियाट्रिक के होंगे। इसी तरह दूसरे फेज में अतिरिक्त 9 विभाग और 2 यूनिट काम करेंगी। इनमें पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी, पीडियाट्रिक न्यूरोसर्जरी, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी और पीडियाट्रिक ऑथोर्पेडिक एंड फिजीकल मेडिसिन आदि विभाग शामिल हैं जबकि यूनिट में सोशल पीडियाट्रिक्स और डेवलपमेंटल पीडियाट्रिक यूनिट शामिल हैं।

आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थानों में कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही योगी सरकार

-प्रदेश में नए बने आईटीआई व पॉलिटेक्निक संस्थानों के उचित संचालन व प्रशिक्षुओं की व्यवस्थित ट्रेनिंग प्रणाली विकसित करने पर योगी सरकार का फोकस

-डिपार्टमेंट ऑफ वोकल एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट, आंत्रप्रेन्योरशिप व डिपार्टमेंट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (यूपीवीईएसडीएंडटीई) ने कौशल विकास को लक्षित कर शुरू की प्रक्रिया

-डिपार्टमेंट द्वारा इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए अनुभवी एजेंसियों से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल प्रक्रिया के जरिए मांगे गए हैं आवेदन

लखनऊ, 19 दिसंबर। उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में विकास के सभी मानकों पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। ऐसे में, तकनीकी शिक्षण तंत्र की सुदृढ़ता को सुनिश्चित करते हुए योगी सरकार ने प्रदेश में नए बने आईटीआई व पॉलिटेक्निक संस्थानों के संचालन तथा प्रशिक्षुओं की ट्रेनिंग प्रणाली की प्रक्रिया विकसित करने पर फोकस किया है। इस क्रम में, सीएम योगी के विजन के अनुसार डिपार्टमेंट ऑफ वोकल एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट, आंत्रप्रेन्योरशिप व डिपार्टमेंट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (यूपीवीईएसडीएंडटीई) ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में नए बने आईटीआई व पॉलिटेक्निक संस्थानों के संचालन तथा प्रशिक्षुओं की ट्रेनिंग व कौशल विकास की प्रणाली को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए एजेंसियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में यूपीवीईएसडीएंडटीई की ओर से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से एजेंसियों के निर्धारण के लिए आवेदन मांगे गए हैं जो कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड बेस्ड होगी।

उचित संचालन समेत कई कार्य दायित्वों का करना होगा निर्वहन

यूपीवीईएसडीएंडटीई द्वारा चयनित एजेंसी को प्रदेश के विभिन्न नए बने आईटीआई व पॉलिटेक्निक्स में संस्थानागत बुनियादी ढांचे की सुविधाओं में इजाफा करने, ट्रेनिंग की आवश्यकताओं को देखते हुए तंत्र विकसित करने, संस्थानों की कार्यप्रणाली को मॉडर्न टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन से लैस करने तथा उचित संचालन जैसे कार्य दायित्वों का निर्वहन करना होगा। यूपीवीईएसडीएंडटीई द्वारा किए गए समझौते के तहत लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार संस्थान का संचालन, रखरखाव और प्रबंधन का कार्य भी एजेंसी को पूर्ण करना होगा। इसके अतिरिक्त, एजेंसी को इन कार्यों के निर्वहन के लिए निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कुछ प्रावधानित आर्थिक लाभ व रियायतें भी मिलेंगी।

निर्माण व संचालन कार्यों के लिए मिलेंगी तमाम तरह की सहूलिड्डतें

परियोजना के अंतर्गत जिन प्रस्तावित आईटीआई व पॉलिटेक्निक्स में वर्तमान में निर्माण कार्य जारी हैं उनमें निर्धारित परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए भी एजेंसी को तमाम तरीके की सुविधाएं दी जाएंगी। वह यह भा सुनिश्चित करेगा कि यदि कोई निर्दिष्ट उपकरण, सामग्री या कोई प्रक्रिया जो बौद्धिक संपदा कानूनों के तहत कवर/संरक्षित है, तो ऐसे उपकरणों, सामग्रियों या प्रक्रियाओं के उपयोग के लिए सभी आवश्यक अधिकार व लाइसेंस लागू कानूनों के अनुसार ही प्रयोग में लाया जाए। एजेंसी द्वारा फैकल्टी मेंबर्स व अन्य स्टाफ का भी चयन व निर्धारण किया जा सकता है तथा समय-समय पर उनकी मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त, फैकल्टी मेंबर्स और परिचालन कर्मचारियों की नियुक्ति में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि ऐसे व्यक्ति विधिवत योग्य हैं और पर्याप्त अत्याधुनिक प्रशिक्षण का तजुर्बा रखते हैं। जाहिर है, इन प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर आईटीआई व पॉलिटेक्निक्स में मॉडर्न इक्विप्मेंट्स के साथ टेक्नॉलोजिकल एडवासमेंट में वृद्धि होगी। जबकि, स्किल्ड स्टाफ की पूर्ति इस बात को सुनिश्चित करेगा कि इन संस्थानों में प्रशिक्षण लेने लाने वाले प्रशिक्षुओं को उचित प्रशिक्षण प्राप्त होगा।

महिला कैम्पस ड्राइव में 15 अभ्यर्थियों को मिला जॉब ऑफर, 21 को भी होगी जॉब्स की बारिश

गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में व्रहद रोजगार मेले का होगा आयोजन

लखनऊ, 19 दिसम्बर। सीएम योगी के मिशन के तहत पुरुषोंभी नहीं महिलाओं को भी एक समान अवसर मिल रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को राजकीय आईटीआई लखनऊ में महिला कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें कम्पनी बरगंडी इण्डिया प्रा0 लि0, लखनऊ द्वारा 15 महिला अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु आफर किया गया। इसमें कुल 28 महिला अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यही नहीं, 21 दिसंबर को लगने वाले वृहद रोजगार मेले में भी बड़ी संख्या में युवाओं को जॉब्स प्रदान की जाएंगी।

60 से अधिक कंपनियां करेंगी प्रतिभाग

प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 21 दिसम्बर, 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में व्रहद रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम0 ए0 खाँ ने बताया कि बृहद रोजगार मेले में 60 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। रोजगार मेले में 6000 से अधिक रिक्तिया होंगी। जिन अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 40 तथा कौशल विकास प्रशिक्षण, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक पास है वे ही रोजगार मेले में ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन 7700 से 27400 रुपए प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं कंपनी द्वारा दी जाएंगी। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि/विधायक, लखनऊ, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 एवं मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, लखनऊ की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

48768 किसानों से हुई 256701.97 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद

योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से किसानों को किया जा चुका 57725.05 लाख का भुगतान

लखनऊ, 19 दिसंबरः योगी सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रोत्साहन पर पूरा ध्यान रखी है। मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार ने जहां श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन भी किया, वहीं किसानों द्वारा इसकी खरीदारी पर भी काफी जोर रहा। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत योगी सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया से 48768 किसानों से 256701.97 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की जा चुकी है। यह खरीद यूपी के 13 संभागों के 331 क्रय केंद्रों से खरीद की गई है। इस मद में किसानों को 57525.05 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने किसानों को पहले ही बड़ी सौगात देते हुए बाजरा का समर्थन मूल्य 2500 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है।

अलीगढ़ मंडल में 71568.81 व आगरा में 68674.45 मीट्रिक टन की हुई खरीद

19 दिसंबर तक बाजरा की खरीद सर्वाधिक अलीगढ़ मंडल में हुई है। अलीगढ़ मंडल में कुल 71568.81 मीट्रिक टन की खरीद हुई है। मंडल के एटा में 20010.94 मीट्रिक टन, कासगंज में 19552.25 मीट्रिक टन, अलीगढ़ में 17755.43 मीट्रिक टन व हाथरस में 14250.20 मीट्रिक टन क्रमिक बाजरा की खरीद हुई। वहीं आगरा मंडल के फिरोजाबाद में 26479, आगरा में 19046.15, मैनपुरी में 17364.35 व मथुरा में 5784.95 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है। वहीं कानपुर मंडल में 66815.61 मीट्रिक टन खड्डीद की गई है। कानपुर देहात में 22958.99, औरैया में 13963.45, इटावा में 11936.90, फरुर्खाबाद में 7352.75, कानपुर नगर में 6855.25 व कन्नौज में 3748.28 मीट्रिक टन खरीद की गई।

13 संभागों के 48768 किसानों से की जा चुकी है खरीद

13 संभागों के 48768 किसानों से खरीद की जा चुकी है। मेरठ संभाग के 239, मुरादाबाद के 1952, बरेली के 3197, लखनऊ के 536, आगरा के 13604, अलीगढ़ के 13902, कानपुर के 12427, आजमगढ़ के 80, वाराणसी के 399, मीरजापुर के 864, प्रयागराज के 710, झांसी के 648 व चित्रकूट के 210 किसानों से बाजरा की खरीद की जा चुकी है। वहीं किसानों से अन्य स्थानों पर भी तेजी से खरीदारी जारी है।

दैनिक समाज जागरण को आगरा एवं मथुरा के लिए चाहिए, संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधी।।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नहीं बल्कि बेटा पढ़ाओ बेटा को संस्कारी बनाओ

समाज जागरम शांति देवी जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार

कर्नाटक हाई कोर्ट ने समाज को आईना दिखाते हुए कहा कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और इसके लिए कानून बनना चाहिए बेलगावी मामले में जिले की एक महिला को निर्वस्त्र करने के मामले में स्वत संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने यह बात कही उक्त गांव में केवल एक आदमी पीड़ित महिला की मदद के लिए आगे आया जबकि पूरा गांव चुपचाप अपनी आंखों के सामने अपराध होते हुए देखा रहा था । हाईकोर्ट ने कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को नहीं बल्कि बेटा पढ़ाओ बेटा को संस्कारी बनाओ यह अभियान चलना चाहिए । मुख्य न्यायाधीश जस्टिस प्रसन्ना बी वराले ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा की बेटी पढ़ाओ का नारा बालिका को सुरक्षित रखने के लिए दिया गया था लेकिन आप सब तक बेटे को नहीं बताएंगे उसे जागरूक नही करेगे तो समाज में बदलाव सम्भव नहीं है । - आपका यह लक्ष्य होना चाहिए कि एक लड़की स्वाभाविक रूप से दूसरी महिला का सम्मान करेगी लेकिन लड़कों को यह सीखने की जरूरत है कि वह महिला का आदर करें और उसकी रक्षा करें । बेलगावी के हकारी तालुका में एक 42 वर्षीय महिला की बिजली के खंभे में बांधकर उसे निर्वस्त्र पीटने के मामले पर हाईकोर्ट ने 12 दिसंबर को स्वतं संज्ञान लिया था । इस महिला का बेटा इस गांव की एसटी समुदाय की लड़की के साथ भाग गया था । हाईकोर्ट ने ऐसे मामले में सामूहिक जिम्मेदारी तय करने की भी आवश्यकता बताएं साथ ही उनके लिए नए कानून बनाने का भी सुझाव दिया । मौखिक टिप्पणी में कहां की यह लॉर्ड विलियम बैटिंग ने अपराधियों को घोषित करने वाले गांव पर सामूहिक जुमार्ना लगाया था । सिर्फ अपराधियों का ही दोष नहीं है दोष उन सब लोगो का भी है जो घटना स्थल पर तमाशा देख रहे थे । ऐसे लोगों को चुपचाप तमाशा देखना हमलावर को हीरो बनता है । कोर्ट ने कहा कि गांव की आबादी 8000 है और घटना के समय 13 बदमाशों के अलावा वहां 50-60 लोग मौजूद थे लेकिन महिला को बचाने के लिए जहांगीर नाम का ही एक व्यक्ति आगे आया पीड़िता में को हमलावरों से बचने की कोशिश में घायल हुआ । 50-60 लोगों में एक व्यक्ति उन बदमाशों को सामना करने का सहज उठा सका । रोमन शासन का किताब राइज एंड फॉल ऑफ द रोमन एंपायर का जिक्र कर कोर्ट ने कहा कि जब तक आप एक अच्छा समाज नहीं बना सकते तब तक एक अच्छा देश भी नहीं बनेगा । हम इन मूल्यों को अपने आने वाले पीढ़ीयो में नहीं डालेंगे तो कुछ नहीं बदलेगा । कोर्ट ने पूछा क्या ग्रामीण इसलिए चुपचाप खड़े थे उन्हें पुलिस का डर था ? पुलिस गवाहो के साथ उचित बर्ताव नहीं करती है पुलिस स्टेशनों में गवाह या आप के बीच फर्क नहीं किया जाता ? हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि जिला कानूनी सेवा प्राधिकार को पीड़िता के पुनर्वास के लिए ₹50000 का अंतिरीम मुआवजा दिया जाएऔर 50 % की राशि ही निकाल सकेगी बाकी एफडी में रहेगा । इसी प्रकार की एक घटनामोहनिया एसडीपीओ फैज अहमद खान को महिला सब इंस्पेक्टर के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में निलंबित कर दिया गया है उन्हें अपने कार्य स्थल पर ही काम करने वाली महिला सब इंस्पेक्टर के साथ मोबाइल पर असलील चैट करने थानेदार बनाने का प्रलोभन देकर लगातार परेशान करने के मामले में प्रथम दृष्टि या दोषी पाते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई है । दोषी पाए जाने पर डीआईजी नेनिलंबन के अनुशंसा की थी । निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय पुलिस महानिदेशक केंद्रीय क्षेत्र पटना के अधीन बनाया गया है । अब प्रश्न यह उठता है की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा कितना सार्थक हो रहा है यदि बेटा पढ़ाओ बेटा को संस्कारी बना का नारा को अगर धरातल पर उतरने का प्रयास किया जाएगा तो इस तरह की घटना घटित नहीं होगी । शिक्षित समाज से ही राज्य परिवार राज्य और देश का कल्याण संभव है ।और इस प्रकार की घटना पर लगाम लगाई जा सकती है।

हत्या के आरोप में अभियुक्त कृष्णा सिंह बाबु चौखड़ा मदनपुर को भादंवि धारा 302 और 427 में दोषी करार।

समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ,

बिहार- झारखंड प्रदेश। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे चार ब्रजेश कुमार सिंह ने मदनपुर थाना कांड संख्या -108/08, एसटीआर -168/13 में आज निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त कृष्णा सिंह बाबु चौखड़ा मदनपुर को भादंवि धारा 302 और 427 में दोषी ठहराए है और बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया है ।

एपीपी अनील कुमार चौबे ने बताया कि सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि -23/12/23 को निर्धारित किया गया है, बचाव पक्ष के अधिवक्ता देवीनंदन सिंह ने बताया कि इस कांड के दो अभियुक्त मोहन सिंह और सतीश सिंह की मृत्यु हो गई है।

उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही

ने बताया कि प्राथमिकी सूचक प्रदीप सिंह बाबु चौखड़ा मदनपुर ने 04/07/08 को प्राथमिकी में बताया था कि अभियुक्तों ने मिलकर जान मारने के नीयत से कमात मोड़ मुख्य सड़क पर मेरी मारूति गाड़ी को विपरीत दिशा से ट्रक से जोरदार धक्का मारी, जिससे मेरा पुत्र सिनेश कुमार सिंह और भतीजी खुशबू कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गई, सदर अस्पताल ने दोनों को मृत घोषित किया था, और मैं भी इस घटना में जख्मी हो गया था, घटना के पूर्व से ही दोनों पक्षों में अपराधिक वाद न्यायालय में चल रही थी,

विकसित भारत संकल्प यात्रा ने किया डुमरी और बलिया पंचायत का भ्रमण

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 19 दिसंबर 2023 :- विकसित भारत संकल्प यात्रा

मंगलवार को कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत डुमरी और बलिया ग्राम पंचायत पहुंचा। इस दौरान वैन में लगे एलईडी टीवी के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पीएम पोषण अभियान, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, स्टार्टअप योजना, सुकन्या योजना, मुद्रा लोन आदि की जानकारी दी गई। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी आर्य नंदन, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान बीसी दिनेश कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र सिरिस से डॉक्टर अनुराधा सिंह, नाबार्ड के अधिकारी प्रशांत ओझा, एएनएम सलोनी करकट्टा, एएनएम रेशमी कुमारी, सीएचओ देशपुर अमित कुमार, आवास सहायक जयप्रकाश कुमार, पीएनबी बलिया बैंक मैनेजर धीरज कुमार पांडेय, पीएनबी कुटुंबा बैंक मैनेजर निरंजन गौतम, आशा, जीविका दीदी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

वर्षांत समीक्षा 2023: सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

बहुपक्षीय एजेंसियों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं समन्वय

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकी मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करता है। भारतीय सांख्यिकी प्रणाली की एक शानदार मान्यता के रूप में, भारत को 1 जनवरी 2024 से शुरू होने वाले चार साल के कार्यकाल के लिए (दो दशकों की शून्यता के बाद) संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग (यूएनएससी) में एक सदस्य के रूप में चुना गया है। यूएनएससी के माध्यम से, आधिकारिक सांख्यिकी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मानकों, अवधारणाओं और पद्धतियों को परिभाषित करने में एमओएसपीआई की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

इसके अलावा, भारत को (अ) ब्यूरो ऑफ यूएन ईएससीएपी कमेटी ऑन स्टैटिस्टिक्स (सीएसटी) के तीन उपाध्यक्षों में से एक के रूप में और (ब) 2022-2024 की अवधि के लिए एशिया और प्रशांत क्षेत्र के सांख्यिकी संस्थान (एसआईएपी) की गवर्निंग काउंसिल के लिए फिर से चुना गया।

कुछ महत्वपूर्ण सांख्यिकीय उत्पादों की बेंचमार्किंग

एमओएसपीआई ने अन्य राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों (एनएसओ) द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के साथ कुछ महत्वपूर्ण सांख्यिकीय उत्पादों की बेंचमार्किंग की। सीपीआई और आईआईपी जैसे विभिन्न मासिक डेटा/सांख्यिकीय संकेतक न्यूनतम संभव समय अंतराल के साथ एमओएसपीआई द्वारा प्रकाशित किए जाते हैं, जो सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। एनएएस/जीडीपी के त्रैमासिक के साथ-साथ वार्षिक अनुमानों के संदर्भ में भी यही सच है।

कंप्यूटर की सहायता से व्यक्तिगत साक्षात्कार (सीएपीआई)

प्रणालीगत सुधार और डेटा के समयबद्ध प्रकाशन के संबंध में, एमओएसपीआई द्वारा बेहतर डेटा संग्रहण और उनके विश्लेषण के लिए आधुनिक आईटी उपकरण अपनाए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में, डेटा संग्रहण के विभिन्न चरणों में डेटा सत्यापन के लिए चल रहे सभी सर्वेक्षण अब सीएपीआई (कंप्यूटर सहायता प्राप्त व्यक्तिगत साक्षात्कार) में आयोजित किए जा रहे हैं, जो अंतर्निहित कंप्यूटर स्क्रूटनी पॉइंट्स (सीएसपी) से लैस है और साथ ही साथ डेटा प्रोसेसिंग सुनिश्चित करने वाला एक क्लाउड आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह सर्वेक्षण के परिणामों को प्रकाशित करने में लगने वाले समय चक्र के साथ-साथ तेजी से सत्यापन और बेहतर डेटा गुणवत्ता को संभव बनाता है।

इस तकनीकी सुधार के कारण आवधिक श्रमशक्ति सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के त्रैमासिक बुलेटिन (क्यूबी) सहित सर्वेक्षण परिणामों को जारी करने में लगने वाले समय अंतराल में भारी कमी आई, जो कि फील्ड कार्य पूरा होने से 9 महीने से घटकर 2-3 महीने हो गया। पीएलएफएस वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 को जारी करने में लगने वाले समय को भी सर्वेक्षण की अवधि के अंत से पीएलएफएस वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 को जारी करने के 8 महीने से घटाकर लगभग 3 महीने कर दिया गया है।

डेटा विजुअलाइजेशन

मंत्रालय ने विभिन्न उपयोगकताओं से मिले फीडबैक के आधार पर अपनी वेबसाइट के आधुनिकीकरण का प्रयास किया, पहली बार एमओएसपीआई की वेबसाइट में एक डेटा विजुअलाइजेशन अनुभाग जोड़ा गया है। इस अनुभाग में एमओएसपीआई के चार डेटाबेस - एनएएस/जीडीपी, सीपीआई (ग्रामीण, शहरी, संयुक्त), पीएलएफएस और आईआईपी - से संबंधित विजुअलाइजेशन शामिल हैं। इस अनुभव के साथ, हम अन्य संबंधित मंत्रालयों/विभागों के डेटा को समन्वित करने के लिए दायरे और कवरेज का विस्तार कर रहे हैं।

डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन के प्रतिभागियों ने इस वेबसाइट के तहत इन सुविधाओं की सराहना की।

डेटा उपयोगकताओं के सम्मेलनः

भाजपा ने किया युवा संवाद का आयोजन

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 19 दिसंबर 2023 :- भारतीय जनता पार्टी के युवा

मोर्चा ने मंगलवार को अंबा और संडा मंडल में 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी के युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह ने कहा कि हम सभी युवा देश के भविष्य हैं। देश को आगे ले जाने की जिम्मेवारी हम सभी के कंधों पर है। भाजपा कार्यकर्ता और युवाओं के बल पर ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। आज संपूर्ण देश के युवाओं की पहली पसंद भाजपा है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सब का विश्वास और सब का प्रयास के मूल सिद्धांत पर कार्य करती है। आगामी लोकसभा के चुनाव में भाजपा औरंगाबाद लोकसभा समेत चार सौ सीटों पर ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय विचारधारा और उनके विजन को आगे ले जाना है। विकासशील से विकसित भारत बनाने के संकल्प को 2047 तक प्राप्त कर लेना है। श्री शेखर ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न लाभकारी योजना की विस्तृत जानकारी दी और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी युवा साथियों का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, मुखिया प्रतिनिधि आकाश सिंह, भाजयुमो के जिला पदाधिकारी दीपक कुमार, अक्षय पांडेय, टनटन सिंह, कुटुंबा विस्तारक ब्रजेश कुमार, नलिनी रंजन, मितेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, अभय पासवान,अमरेंद्र सिंह, चंदन गिरी, काजू सिंह, चंदन तिवारी, विपुल सिंह, रौशन कुमार, प्रभात सिंह, राणा सौरभ सिंह, राजन पांडेय एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ननपेमेंट और अनौपचारिक की बैठक में ईस्ट सेंट्रल रेल कर्मचारी यूनियन धनबाद मंडल में कर्मचारियों से जुड़े कई मुद्दे उठाए।

समाज जागरण
राजेंद्र मिश्र ब्यूरोचीफ

_धनबाद (झारखंड) 19 दिसंबर 2023:- मंडल कार्यालय धनबाद के हिंदी लाइब्रेरी में 18 एवं 19 दिसंबर को रेल प्रशासन एवं यूनियन के पदाधिकारी के साथ हुई बैठक में कर्मचारियों से जुड़ी कई समस्याओं पर चर्चा की गई, सहायक महामंत्री कामरेड ओम प्रकाश जी ने धनबाद मंडल के सभी विभागों में कर्मचारियों के रुके हुए टअउढ, सेवानिवृत्ति रेल कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा, फैमिली पेंशन, सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन का शुरू नहीं होना, बंचिंग के लाभ का नहीं मिलना, एक समय पर नियुक्त होने के बावजूद वेतन में अंतर होना, दूसरे जॉन/मंडल से आए इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को बंचिंग का लाभ नहीं मिलना, टअउढ का बकाया राशि, विलय के बाद बिल यूनिट बदलने से संबंधित समस्याएं, वरीयता सूची में सुधार, अनुकंपा के आधार पर बहाली, एलएससीजी का बकाया भुगतान आदि समस्याओं पर जोरदार ढंग से चर्चा की। बैठक के बाद यूनियन पदाधिकारीयों के साथ बातचीत करते हुए सहायक महामंत्री ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली करने के संघर्ष को और तेज करना होगा साथ ही हम लोगों को चुनाव के लिए भी तैयार रहना होगा और उसकी तैयारी आज से ही हम लोगों को लगातार करते रहना होगा क पिछले दिनों 10 दिसंबर 2023 को पटना में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के हुए तृतीय वार्षिक अधिवेशन में नवनिर्वाचित केंद्रीय पदाधिकारीयो को धनबाद मंडल से आए हुए सभी 14 शाखायो के यूनियन पदाधिकारीयो ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया एवं फिर से इस सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष के लिए निर्वाचित होने पर कामरेड डी के पांडे एवं फिर से अपार महामंत्री के पद पर नवनिर्वाचित होने के लिए कामरेड जियाउद्दीन जी एवं दोबारा सहायक महामंत्री के पद पर नवनिर्वाचित होने के लिए कामरेड ओमप्रकाश जी, धनबाद मंडल से नवनिर्वाचित केंद्रीय संगठन मंत्रीयो कामरेड नेताजी सुभाष सुमन दत्ता का हर्ष उल्लास के साथ एवं जोरदार तालिया के साथ अपनी खुशी का इजहार किया। इस सभा में उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी हैं अपर महामंत्री साथ में स्थाई वार्ता तंत्र के प्रभारी/धनबाद मंडल के कामरेड जियाउद्दीन जी , सहायक महामंत्री कामरेड ओम प्रकाश, धनबाद मंडल के मीडिया प्रभारी एनके खवास,पिंटू नंदन,शिवजी प्रसाद,सोमेंद्र दत्त,तपन भट्टाचार्य,नेताजी सुभाष,जेके साह,आईएम सिंह,अमित किशोर,अजय कुमार तिवारी,चंदन कुमार शुक्ला,बृज किशोर साहू,अमित शेखर, पीके सिन्हा,रुपेश कुमार,एमपी महतो, विकास,आर एन चौधरी, सुरेंद्र कुमार, अजीत कुमार, एके श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिंह, अनिल कुमार, कपिल देव, यूके सिंह, एसएन वर्मा, रामरक्षा, संजीव नयन, गिरिजेश आदि।

रैयतों के मुआवजे के लिए शिविर का आयोजन

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 19 दिसंबर 2023 :- भारतमाला परियोजना के अंतर्गत

रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के लिए मंगलवार को पंचायत सरकार भवन कुटुंबा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बरौली, कठरी, ओर, चकुआ, जगदीशपुर, नरेंद्रखाप, तमसी गांव के रैयत शामिल हुए। यह स्थान बरौली के 43 किसान एवं चकुआ गांव के 50 किसानों को नोटिस दिया गया और किसानों का आवेदन लिया। इस दौरान सरकार द्वारा दिए जा रहे मुआवजे की राशि से रैयत असंतुष्ट दिखें। बरौली गांव के रैयत योगेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार ने आवासीय भूमि को खेतीहर दर्शा दिया है। वहीं खतिहानी जमीन को बकास मालिक कर दिया गया है। प्रति डिसमिल जमीन की कीमत बयालीस हजार रुपए दी जा रही है। जबकि उसे जमीन की कीमत एक लाख रुपए प्रति डिसमिल से ज्यादा होनी चाहिए। इस मौके पर अंचल अधिकारी अभय कुमार, प्रधान सहायक सुदर्शन कुमार सिंह, अंचल नाजिर किशोर कुमार गौतम, ऑपरेटर मृत्युंजय कुमार, दिलीप कुमार, हल्का कर्मचारी कामेश्वर सिंह, एनएच के संपर्क पदाधिकारी प्रमोद त्रिवेदी, सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर संदीप सिंह, अभियंता युवराज कपूर और रैयत उपस्थित थे।

भरगामा: बिषहरिया में लगी आग से एक दर्जन घर जलकर राख

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। मंगलवार के संध्या करीब पांच बजे भरगामा थाना क्षेत्र के बिषहरिया वार्ड संख्या 13 में आग लग गई। जिसमें एक दर्जन घर जलकर राख हो गया है। जिसमें दस लाख से अधिक की सम्पत्ति के जलने का अनुमान लगाया जा रहा है,व मवेशी मुर्गा मुर्गी भी जल कर रख हो गया है। वहीं इस आगलगी की घटना घटित होने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। इधर घटना की खबर मिलने के बाद भरगामा थाना अध्यक्ष व अंचल पदाधिकारी ने अग्निशमन मशीन को घटना स्थल पर भेज दिया,तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा लिया। अग्नि पीड़ित में मो.दिलशाद, मो.ताहा, जमील एहसान ,मोजिम, आलमगीर, अली ईमाम, इरफान जमशेद,जाकीर,मो.नौशाद शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संध्या करीब पांच बजे आलमगीर के घर से बिजली के सॉट सर्किट से अचानक आग लग गई व देखते हीं देखते आग भयावह हो गई। आग से करीब एक दर्जन घर स्वाहा हो गया है। इधर घटना की खबर मिलने के बाद भरगामा थाना अध्यक्ष व अंचल पदाधिकारी ने अग्निशमन की गाड़ी को घटना स्थल पर भेज दिया,तब तक ग्रामीण के अथक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। वहीं सीओ मनोज कुमार ने बताया कि आग लगने की घटना का जानकारी मिली है। स्थानीय कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है,कि जांच करने के उपरांत रिपोर्ट कार्यालय में सौंपे। इधर समाजसेवी मो. नौरेज आलम ने पीड़ित परिवार को तत्काल राहत मुहैया कराने की मांग की है।

ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का कर्तव्य है : सीमा तोलिया

बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 232 महिला वाहिनी द्वारा जरालता गांव में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों को सेहतमंद रहने के लिए चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया, मरीजों को जांच के पश्चात दवाइयां भी वितरित की गई। लगभग 300 लोगों ने चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया। मौके पर मैत्रीपूर्ण फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें दुबराजपुर रीक्रिएशन क्लब, कसिया जॉन गाओंता, जरालाता स्पोर्टिंग क्लब, अरुणोदय स्पोर्टिंग क्लब कुल चार टीमों के मध्य खेले गए रोमांचक प्रतियोगिता के सभी खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।

मौके पर उपस्थित 232 महिला वाहिनी के कमांडेंट सीमा तोलिया ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिम बंगाल के बच्चों में खेल के प्रति काफी जागरूकता के साथ-साथ रुझान है। जरूरत है बस इन्हें सही मार्गदर्शन की। उन्होंने कहा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत हमारा कर्तव्य है जिस जगह पर हम रहते हैं वहां के ग्रामीण नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी मुहैया कराने के साथ-साथ उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जाए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शांति सोरेन, डॉ इंदु समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल महिला बटालियन के अधिकारीगण गणमान्य लोग व ग्रामीण उपस्थित थे।

महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज की 104 वीं जयंती 20 दिसंबर पर विशेष

डा. रूद्र किंकर वर्मा

गुरू - शिष्य परंपरा में विश्व में सबसे ज्यादा अपने गुरू की सेवा करने वाले महर्षि संतसेवी जी महाराज सन्तमत के गूढ़ ज्ञान को विश्वव्यापी बनाने में उनकी अप्रतीम योगदान सर्वविदित है । प्रातः स्मरणीय अनन्त श्री विभूषित परम संत महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के इस सुयोग्य उत्तराधिकारी रहे महर्षि संतसेवी जी की जयंती देश-विदेश में 20 दिसम्बर को संतमतावलंबियों द्वारा मनाई जाती है । सिध्द पीठ कुप्पाघाट आश्रम , सबौर आश्रम , गमहरिया आश्रम सहित सभी सत्संग आश्रमों में इस मौके पर जयंती समारोह पुर्वक मनायी जाती है । इनके महाप्रयाण पर इनके उत्तराधिकारी गुरुस्नेही स्वामी आशुतोष जी महाराज नें मुखाग्नि दी थी । अवतरण डे के इस 104 वीं जयंती पर नमन करते हुए उनसे विश्व कल्याण की कामना करता हूँ ।

गुरु के इनके बारे में उद्गार

बीसवीं सदी के महान संत सद्गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस जी के इनके बारे में भावोद्गार तथा चंद संबद्ध घटनाएँ, जो महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के जीवन में उनके शिष्य महर्षि संतसेवी परमहंस जी के अति विशिष्ट स्थान को स्पष्टतया दशार्ते हैं, निम्नोक्त हैं -

1. "ये हम से बेसी (अधिक) जानते हैं।"
2. "मैं गुड़ ही रह गया और संतसेवी जी चीनी बन गए।"
3. "आपने मेरी उल्लेखनीय सेवा की है। मेरी सेवा ही आपकी तपस्या है।"
4. "मुझमें और संतसेवीजी में अंग्रेजी अक्षर 'द' तथा 'व' का संबंध है।"
5. "आपको मेरे बिना नहीं बनेगा और मुझे आपके बिना नहीं बनेगा।"
6. "जहाँ आप रहेंगे, वहाँ मैं रहूँगा और जहाँ मैं रहूँगा, वहाँ आप रहेंगे।"
7. "संतसेवीजी मेरे मस्तिष्क हैं।"/
8. एक बार सत्संग के दौरान महर्षि संतसेवी जी थोड़ी देर के लिए मंच से उठकर बाहर गए, तब सद्गुरु महर्षि मेंहीं ने मंच से कहा, "संतसेवी जी किसी आवश्यक कार्य से गए हैं। यदि किन्हीं को लगता है कि वे इनसे अधिक जानते हैं, तो वे यहाँ आकर उनकी जगह बैठ जाएँ।" सभा में छाये मौन और एक अल्प विराम के उपरांत महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज ने पुनः कहा, "पर मैं जानता हूँ कि यह होने को नहीं है।"

9. सद्गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस ने अपने कई प्रमुख शिष्यों को दीक्षा देने का अधिकार दिया था, परन्तु अपनी दीक्षा पुस्तिका, जिसमें वे दीक्षार्थियों के नाम-पते, हस्ताक्षर इत्यादि अंकित करवाया करते थे, महर्षि संतसेवी जी को यह कहते हुए सौंपी कि लीजिए, अबसे इस रजिस्टर में आप दीक्षा दिया कीजिएगा। इनके जीवनकाल में महर्षि संतसेवीजी से 2,00,000 से अधिक लोगों ने दीक्षा प्राप्त की।

10. चाहे कितने भी वरिष्ठ महात्मा मंच पर उपस्थित क्यों ना

हों, सद्गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस की ठीक बाईं ओर सदैव महर्षि संतसेवीजी ही आसीन हुआ करते थे तथा सद्गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज के प्रवचन के ठीक पूर्व सदैव इन्हीं का प्रवचन हुआ करता था।

साहित्यिक योगदान

महर्षि संतसेवी न मात्र एक प्रगल्भ वक्ता अपितु एक दक्ष लेखक भी थे। उन्हें कई भाषाओं तथा बोलियों जैसे भारती (हिंदी), संस्कृत, अंग्रेजी, बांग्ला, मारवाड़ी, मैथिली, अंगिका, नेपाली, पंजाबी, फारसी इत्यादि का ज्ञान था।

इनके द्वारा प्रणीत कुछ पुस्तकों के नाम निम्नोक्त हैं:

1. ॐ विवेचन
2. परमार्थ विवेचन
3. योग माहात्म्य
4. महर्षि संतसेवी ज्ञानगंगा (इनके आलेखों का संकलन)
5 सर्वधर्म समन्वय
6. सुख-दुःख
7. जग में ऐसे रहना
8. लोक-परलोक उपकारी
9. जे पहुँचे ते कहि गए
10. सुषुम्ना-ध्यान
11. सत्य क्या?
12. एक गुप्त मत
१३. संतमत में साधना का स्वरूप इत्यादि

इनमें 'सर्वधर्म समन्वय' नाम्नी पुस्तक का अमेरिका निवासी श्रीमती वीणा रानी होवार्ड ने आंग्ल-भाषा में "Harmony of Religions" नाम से अनुवाद किया है। वर्तमान महात्मा श्रद्धेय निर्मलानंद स्वामी ने उनके सैंकड़ों प्रवचनों को "महर्षि संतसेवी प्रवचन पीयूष" नामक ग्रंथ में संकलित किया है।

महर्षि... परमहंस की उपाधि

भारतवर्ष के उत्तराखंड प्रांत के ऋषिकेश में आयोजित अखिल भारतीय संतमत सत्संग के 86वें वार्षिक महाधिवेशन में वहाँ उपस्थित मूर्धन्य संतों एवं महामंडलेश्वरों की पावन उपस्थिति में इन्हें "महर्षि... परमहंस" की उपाधि से विभूषित किया गया। तबसे ये महर्षि संतसेवी परमहंसजी कहे जाने लगे।

महाप्रयाण

महर्षि संतसेवी परमहंस जी ने अपने महान सद्गुरु के पदचिह्नों का अनुसरण करते हुए अपना समग्र जीवन स्व- तथा जनसामान्य के कल्याणार्थ उत्सर्ग कर दिया। इन्होंने सोमवार (जो संयोगवश इनके जन्म का भी वार था), 4 जून 2007 की रात्रि लगभग 9:45 बजे अपने पंचभौतिक पार्थिव पिंड का परित्याग कर इस अवनीतल से महाप्रयाण किया। अपने माटी के चोले में आज ये भले ही न हों, पर अपने लक्ष-लक्ष श्रद्धालु भक्तों के हृदय में वे आज भी जीवित हैं और सदा रहेंगे। जो भगवद्भद्धा एवं सच्ची भक्ति का दीप इन्होंने असंख्य हृदयों में प्रज्वलित किया, वह सदैव यूँ ही जलता जगमगाता रहेगा।

अटल ज्योति योजना के तहत स्ट्रीट लाइट लगाना

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली मंत्री ने अटल ज्योति योजना (अजय) के तहत स्ट्रीट लाइट लगाने की जानकारी दी है।

एमपीलैड्स फंड से आंशिक फंडिंग के साथ सोलर स्ट्रीट लाइट (एसएसएल) को लगाने के लिए अटल ज्योति योजना (अजय) का चरण-क सितंबर 2016 को लॉन्च किया गया जिसका कार्यान्वयन 31.03.2018 तक किया जाना था। 31.03.2018 तक, अजय चरण-क के तहत एमपीलैड्स फंड का उपयोग करके लगभग 1.45 लाख एसएसएल की स्थापना के लिए संबंधित जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) द्वारा मंजूरी जारी की गई थी। एसएसएल की स्थापना के लिए स्वीकृत समयसीमा के भीतर, कुल मिलाकर लगभग 1.35 लाख एसएसएल स्थापित किए जा सके।

अटल ज्योति योजना (अजय) का चरण-क्क दिसंबर 2018 में एक वर्ष की अवधि के भीतर कार्यान्वयन के लिए शुरू किया गया था, जिसे बाद में 31.3.2021 तक बढ़ा दिया गया था। हालाँकि, कोविड-19 के प्रकोप के कारण, सरकार ने एमपीलैड्स फंड को दो साल के लिए यानी वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए निलंबित कर दिया था और तदनुसार, अजय चरण-क्क जिसे आंशिक रूप से एमपीलैड्स फंड के माध्यम से वित्त पोषित किया गया था, को अनुदानों के मद्देनजर 01.04.2020 से बंद कर दिया गया था।

31.3.2020 तक, अजय चरण-क्क के तहत एमपीलैड्स फंड का उपयोग करके लगभग 1.50 लाख सौर स्ट्रीट लाइट (एसएसएल) की स्थापना के लिए संबंधित डीएम द्वारा मंजूरी जारी की गई थी। कोविड-19 प्रतिबंधों और आपूर्ति श्रृंखला के व्यवधानों को ध्यान में रखते हुए, एसएसएल की स्वीकृत मात्रा की स्थापना को पहले 31.12.2021 तक बढ़ाया गया था और उसके बाद, अंततः 30.6.2022 तक बढ़ा दिया गया था। विस्तारित अवधि के भीतर, अजय चरण-क्क के तहत लगभग 1.37 लाख एसएसएल स्थापित किए जाने की सूचना मिली थी।

फुलकाहा एसएसबी ने नेपाल निर्मित 54 लीटर शराब ,3200 भारतीय मुद्रा सहित एक व्यक्ति को धरदबोचा।

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया।नरपतगंज प्रखंड से सटे इंडो-नेपाल सीमा पर अवस्थित फुलकाहा

एसएसबी कैंप के जवानों ने मंगलवार की सुबह सीमा स्तंभ संख्या-188/4 मानिकपुर गांव के समीप सुबह करीब 07:20 बजे नाका ड्यूटी से वापस आने के क्रम में नेपाल के तरफ से एक व्यक्ति माथे पर एक बोरी लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया, जवानों ने उक्त व्यक्ति को शक के आधार पर रोक कर बोरी का तलाशी लिया तो बोरी के अंदर से नेपाल निर्मित दिलवाले नामक 180 बोतल शराब बरामद हुआ जिसे जप्त कर, व्यक्ति को हिरासत में लेकर फुलकाहा कैंप लाया जहां पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम धीरज कुमार पिता ललन यादव,साकिन खैरा चंदा वार्ड-04 थाना नरपतगंज निवासी बताया है। जप्त शराब व हिरासत में लिए गए व्यक्ति का कागजी कार्रवाई कर फुलकाहा थाना पुलिस को सुपुर्द किया।एसएसबी जवानों के द्वारा यह कार्रवाई कैंप प्रभारी असिस्टेंट कमांडेंट आनंद सिंह भंडारी के निर्देश पर आरक्षी दिनेश कुमार मीणा,हरफूल यादव,अमित विश्वास,सिकेन्द्र कुमार तिग्गा,ने की है। वहीं फुलकाहा थाना पुलिस ने उक्त व्यक्ति पर कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत अररिया भेजनें की तैयारी में जुट गई है।

सिलीगुड़ी पुलिस ने टोटो चोर गैंग का किया पदार्फाश, तीन गिरफ्तार, कई टोटो बरामद

दार्जिलिंगः-टोटो के पास चालक को न देख पलक झपकते ही टोटो गायब

कर शातिर चोर फरार हो जाते थे। सिलीगुड़ी में लंबे समय से टोटो चोरी की घटना घट रही है।12 दिसंबर को डाबग्राम मातृसदन के सामने से एक टोटो चोरी हो गयी थी। शिकायत के आधार पर जांच में जुटी सिलीगुड़ी थाने की पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की सात टोटो बरामद कर ली गयी है। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस ने जलेश्वरी इलाके से अबीर गुहा नामक एक युवक को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद मयनागुड़ी से श्यामल राय और प्रसेनजीत राय नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। मयनागुड़ी दोमहनी इलाके से चोरी के 7 टोटो बरामद किये गये है। अबीर सिलीगुड़ी के विभिन्न स्थानों से टोटो चुराता था। इसके बाद टोटो को मयनागुड़ी में बेच दिया जाता था। एक टोटो लगभग 30-40 हजार रूपए में बेचा जाता था। इसके अलावा टोटो का नंबर प्लेट भी निकाल लिया जाता था। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर टोटो को बरामद किया है।

ओवरऑल चैंपियन का खिलाब किशनगंज जिला को- दल प्रभारी ने सौंपी डीएम को ट्रॉफी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

वैशाली में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय शतरंज(बालिका) खेल

प्रतियोगिता 2023-24 में उम्दा प्रदर्शन के बाद प्रतिभागी आज डीएम किशनगंज तुषार सिंगला से औपचारिक भेंट की। डीएम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दी टीम को शुभकामनाएं दीं। जानकारी के मुताबिक ओवरऑल चैंपियन का खिलाब किशनगंज जिला को मिलने के बाद दल प्रभारी ने ट्रॉफी डीएम किशनगंज तुषार सिंगला को सौंपी। एडीएम किशनगंज तुषार सिंगला ने इस मौके पर राष्ट्रीय चैंपियन बनने की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी और एडीएम भी रहें मौजूद। सभी ने बालिका वर्ग में प्रदर्शन की सराहना की।

किशनगंज : खगड़ा मेला का हुआ डाक,15 जनवरी को मेला महोत्सव आयोजित होगा

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज

19 दिसंबर। जिलाधिकारी, किशनगंज तुषार सिंगला के निदेशानुसार ऐतिहासिक खगड़ा मेला आयोजन की तैयारियां पूर्ण की जा रही है। इस वर्ष मेला आयोजन के निमित्त मेला बंदोबस्त हेतु निविदा की तिथि पर डाक संपन्न करवाया गया। स्थानीय लोगो के बढ़ चढ़ कर रुचि लेने पर जिला प्रशासन द्वारा अधिकतम राजस्व पर सशर्त डाक संपन्न की गई।

खगड़ा मेला सैरात के संबंध में अपर समाहर्त्ता अनुज कुमार ने बताया कि 18 दिसंबर को जिला पदाधिकारी महोदय के समक्ष निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए खगड़ा मेला डाक 1 करोड़ 31 लाख 11 हजार (अधिकतम राशि) मेला सैरात हेतु उच्च राशि पर मेला बंदोबस्त किया गया है। तदालोक में निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर शर्तो के अधीन खगड़ा मेला सैरात बंदोबस्त स्थानीय संवेदक नफीस को प्राप्त हुआ है।

जनवरी के दूसरे सप्ताह में खगड़ा मेला आयोजन होने की प्रबल संभावना है। शाहिद आसफाक उल्लाह खां स्टेडियम, खगड़ा में 15 जनवरी को खगड़ा मेला महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

नहीं है प्राथमिक विद्यालय पासवान टोला भवानीपुर तक जाने के लिए सरकारी रास्ता।

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अचरा पंचायत के वार्ड संख्या एक में स्थित प्राथमिक विद्यालय पासवान टोला भवानीपुर तक जाने के लिए शिक्षक व छात्र-छात्राओं को सरकारी रास्ता नहीं है। दूसरे के घर आंगन से होकर जाते हैं। वहीं वर्षों बीत गए लेकिन विद्यालय परिसर में चहारदीवारी का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे विद्यालय परिसर व छात्र-छात्राऐं असुरक्षित रहती है। जबकि विद्यालय में नामांकित छात्राओं की संख्या-149 प्रत्येक दिन उपस्थित 50 से 60 की संख्या में रहता है।

विद्यालय तक जाने के लिए सरकारी रास्ता नहीं है। जबकि विद्यालय परिसर के बाहर मुख्य सड़क तक बिहार सरकार के कोसी विभाग का भूमि पर्याप्त है, जिस पर स्थानीय लोगों का अतिक्रमण किया हुआ है। जिसको लेकर विद्यालय प्रधानाध्यापक के द्वारा कई बार अंचल पदाधिकारी नरपतगंज,एवं शिक्षा पदाधिकारी,अररिया तथा नरपतगंज को आवेदन देकर मामले से अवगत कराया गया है। परंतु अब तक रास्ता को लेकर किसी ने ध्यान

नहीं दिया है, जिससे बच्चों का भविष्य अंधकार में है।

इस बाबत प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र कुमार मंडल ने बताया कि विद्यालय परिसर तक बच्चों व शिक्षकों को आने-जाने के लिए सरकारी रास्ता नहीं है। जबकि कोसी विभाग के कई एकड़ भूमि विद्यालय परिसर के सामने मुख्य सड़क तक जाती है। जिसको स्थानीय लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। इसको लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि, अंचल पदाधिकारी नरपतगंज, शिक्षा पदाधिकारी अररिया एवं नरपतगंज को लिखित आवेदन दे चुके हैं। परंतु किसी पदाधिकारी ने रास्ते को लेकर गंभीर नहीं दिखे हैं। उन्होंने कहा विद्यालय परिसर में चहारदीवारी को लेकर कुछ दिन पूर्व भी लिखित जानकारी विभाग को दे चुके हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरपतगंज के द्वारा आश्वासन मिला है कि जनवरी माह तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर राममय होगी शिव की नगरी

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। सनातनीयों के पांच शताब्दी के संघर्ष के बाद एक बार फिर भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर में विराजने जा रहे हैं। इसके लिए आगामी 22 जनवरी का शुभ मुहूर्त सुनिश्चित हुआ है। इसके लिए आयोजित प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी भाग लेंगे। श्रीराम अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में बिराजेंगे तो शिव की नगरी काशी भी राममय होगी। इसी कड़ी में भरगामा में भी बजरंगदल कार्यकताओं द्वारा मंगलवार को प्रखंड परिसर के शिव मंदिर के प्रांगण में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें कलश शोभा यात्रा निकलने को लेकर चर्चा हुई। बता दें कि यह शोभायात्रा 30 दिसंबर शनिवार को महथावा शिव मंदिर से

लेकर राधा कृष्ण मंदिर मंगलवार चरैया तक जाएगी। इस कार्यक्रम में बुलबुल कुमार,संजीव पासवान,राजेन्द्र यादव,राकेश रंजन परिहार,सन्नी कुमार वर्मा,विशाल आर्यन,माधव भगत,प्रवेश कुमार मंडल,अशोक सिंह,नित्यानंद मेहता,शीतांशु शेखर पिंटू,राजकुमार गुप्ता,डॉ. संजय कुमार शर्मा,महेश यादव, संजीत कुमार,सोनू कुमार सिंह, सुनील कुमार मेहता, आकाश कुमार, बिट्टू चौधरी, हर्ष झा, अरविंद झा, रामानंद मेहता, अरविंद मेहता,रविशंकर मिश्रा, ललन कुमार, अजय कुमार, राज किशोर झा,ज्योतिष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुवे।

अधिवक्ता नवीन सरकार के रहस्यमयी मौत मामला, सिलीगुड़ी बार एसोसिएशन ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

दार्जिलिंगः- अधिवक्ता नवीन सरकार की रहस्यमयी मौत कांड पर से पर्दा 27 दिसंबर को उतर जाएगा। सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर ने सिलीगुड़ी बार एसोसिएशन को इसे लेकर आश्वस्त किए है।

उल्लेखनीय है कि 4 दिसंबर की सुबह फूलबाड़ी मर्डर मोड़ संलग्न तीस्ता कैनाल से अधिवक्ता नवीन सरकार का शव एनजेपी थाने की पुलिस ने बरामद किया था। नवीन की इस तरह से अचानक मौत की खबर से परिवार और सिलीगुड़ी बार एसोसिएशन दंग रह गए। परिवार ने नवीन की हत्या की आशंका जताई। वहीं, बार एसोसिएशन ने पुलिस को निष्पक्ष जांच की मांग उठाया। नवीन की मौत के 14 दिन बीत जाने के बाद भी रहस्य बना हुआ है। इसलिए आज सिलीगुड़ी बार एसोसिएशन के सचिव आलोक धारा ने अपनी कमेटी के साथ सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर से मुलाकात

कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसपर पुलिस कमिश्नर सी सुधाकर ने सिलीगुड़ी बार एसोसिएशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि नवीन सरकार के रहस्यमयी मौत कांड की हर एंगल से जांच चल रही है। 27 दिसंबर को पुलिस अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपेगी।

वहीं, सिलीगुड़ी बार एसोसिएशन के सचिव आलोक धारा ने पुलिस की जांच काफी धीरे चल रही है। 15 दिन से ज्यादा का समय बीत चुके है। पुलिस अब तक सच्चाई को सामने नहीं ला पाई है। जिसे लेकर सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा गया है। हालाकिं पुलिस कमिश्नर ने 27 दिसंबर तक नवीन की रहस्यमयी मौत पर जांच रिपोर्ट सौंपे जाने की जानकारी दी है।

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित निकाली गई पूजित अक्षत क्लब शोभायात्रा

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगामी 22 जनवरी के निमित पूजित अक्षत क्लश शोभायात्रा बिहार के जिला किशनगंज के प्रवेश द्वार पूर्व पश्चिम बंगाल के रामपुर पहुंचे। यहां रामपुर दुर्गा मंदिर में पूजित क्लश का भव्य स्वागत एवं पूजन किया गया।यहां के रामभक्तों में महिला व पुरुष क्लश पूजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।साथ ही इस अवसर पर जगह-जगह रास्ते में पड़ने वाले मंदिर में पूजित क्लश का स्थानीय राम भक्तों ने भव्य स्वागत और पूजन किया । तत्पश्चात क्लश शोभायात्रा निकाली गयी। पूजित क्लश शोभायात्रा रामपुर से हवाई अड्डा मार्ग द्वारा नगर के मछमरा ,कालू चौक , खगड़ा , डुमरिया,घरमगंज ,केलटेक्स चौक, धर्मशाला रोड ,नेमचन्द रोड , गांधी चौक , डेमार्केट चौक होते हुए लाइन झुलनमंदिर ,मिलन पल्ली राधेकृष्ण मंदिर, पश्चिम पाली ,सुभाष पल्ली से शहर के ऐतिहासिक विख्यात मंदिर बुढ़ीकालीबाड़ी में शोभायात्रा संपन्न हुआ। रास्ते में पड़ने वाले सभी मंदिरों में पूजित अक्षत क्लश का भव्य स्वागत एवं पूजन किया गया। जिसमें महिला,पुरूष,युवा व बच्चें सभी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के निमित पूजित अक्षत क्लश आगमन कार्यक्रम के लिए गठित स्वागत समिति के जिला संयोजक अमित जायसवाल के नेतृत्व में पूजित क्लश शोभायात्रा नगर भ्रमण में निकाली गयी। रास्ते के जगह-जगह के मंदिरों में पहुंचे और स्थानीय लोगों ने पूजित क्लश का भव्य स्वागत व पूजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक सह पूर्व जिला कार्यवाह देव दास माथे पर पूजित अक्षत क्लश लेकर मंदिर -मंदिर भ्रमण कराऐं। इस अवसर आरएसएस के जिला सह संघचालक अमर चन्द यादव, विभाग कार्यवाह सुखदेव दास, विश्वजीत, अभिजीत, दिलीप पोद्दार,छोटू पासवान,सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य नागेन्द्र तिवारी,अजित गुप्ता, दिलीप यादव मनीश ठाकुर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकित कौशिक विहिप जिला मंत्री संजय सिंह,नीरज मिश्रा ,मुकेश मल्लिक सहित संघ एवं अणुषांघिक क्षेत्र के सभी दायित्ववान स्वयंसेवक सहित बड़ी संख्या में बाल -तरूण स्वयंसेवकों ने पूजित क्लश शोभायात्रा में भाग लेकर जगह-जगह सहयोग किया।इस क्लश में पूजित अक्षत के दाने एवं निमंत्रण पत्र जिले के सभी घर-घर में समिति के द्वारा पहुंचाने की योजना में पूजित अक्षत क्लश यहां लायी गयी है।

जिला आपूर्ति टास्क फोर्स एवं धान अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

दिनांक 19 दिसंबर को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में "जिला आपूर्ति टास्क फोर्स" एवं "धान अधिप्राप्ति टास्क फोर्स" की समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई।समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, 2023 में अब तक कुल 9266 लाभुकों के द्वारा आवेदन किए है, जिसके आलोक में 8643 लाभुकों को गैस कनेक्शन निर्गत की कार्रवाई की जा रही है तथा 623 लाभुकों का आवेदन लंबित है। गैस एजेन्सी के किशनगंज जिले के अध्यक्ष को अविलंब लंबित आवेदन के निष्पादन कराने हेतु संबंधित गैस एजेन्सी से समन्वय स्थापित कर निष्पादित कराने हेतु निर्देशित किया गया। वर्तमान वितरण चक्र माह दिसम्बर 2023 में अब तक 81.86 प्रतिशत लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण करा दिया गया है। खाद्यान्न वितरण में किशनगंज जिला 500 स्थान पर है। सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि खाद्यान्न वितरण में तेजी लाना सुनिश्चित करेंगे ताकि खाद्यान्न वितरण में किशनगंज जिला में अव्वल रहे।

भरगामा: पैकपार में लगी भीषण आग,मची अफरा-तफरी

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के पैकपार पंचायत के वार्ड 15 में बीते मंगलवार की रात्रि को भीषण अगलगी की घटना घटित हुई है। इस अगलगी की घटना में चार परिवार के दो गाय,आठ बकरी सहित दो साईकिल,होण्डा,मोटर आदि सामान जलकर राख में तब्दील हो जाने की बात बताई जा रही है। अगलगी की घटना में चार परिवार के दस घर समेत घर में रखा सामान अनाज,जेबरात,कपड़ा आदि सामान जलकर राख हो गया है। जानकारी के अनुसार भरगामा थाना क्षेत्र के पैकपार पंचायत के वार्ड 15 निवासी अनिल मंडल के घर से आग की लपटें उठीं। देखते हीं देखते अनिल मंडल के पड़ोसी अरबिन्द मंडल,गजेन्द्र मंडल,सुनील मंडल का दस घर को आग ने अपने चपेट में ले लिया। पीड़ित के अनुसार अगलगी की घटना में अनिल मंडल का दो गाय, चार बकरी, जेबरात, कपड़ा, अनाज सहित तीन घर जलकर राख हो गया। जबकि आग की चपेट में आने से अरबिन्द मंडल का तीन घर एक गाय झुलस गया। जबकि चार बकरी दो साईकिल, ट्रंक

सहित घर में रखा सामान अनाज, कपड़ा, फर्नीचर, आदि जलकर राख हो जाने की बात बताई जा रही है। वहीं पड़ोसी गजेंद्र मंडल का एक मवेशी घर, होण्डा, मोटर जलकर राख हो गया। जबकि वहीं सुनील मंडल का तीन घर, जेबरात, कपड़ा, फर्नीचर, आदि सामान जलकर राख हो जाने की बात बताई जा रही है। अगलगी की घटना का जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां एवं उनके टीमों ने घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू किया। बता दें कि पीड़ित ने अगलगी की घटना की सूचना सीओ मनोज कुमार को दिया। वहीं सीओ मनोज कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंचल कर्मचारी को घटनास्थल पर भेजकर स्थल निरिक्षण कर रिपोर्ट मांगा है। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जांच के आधार पर प्रत्येक परिवार को ग्यारह हजार रुपया सहित प्लास्टिक मुहैया कराई जाएगी।

बिजली के करंट लगने से एक युवक की हुई मौत

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया। जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के सिमरबनी पंचायत में मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे 35 वर्षीय उपेन्द्र पासवान की मौत बिजली के करंट की चपेट में आने से हो गई। मृत युवक का पहचान सिमरबनी पंचायत के वार्ड पांच निवासी मूर्त पासवान का 35 वर्षीय पुत्र उपेन्द्र पासवान के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों द्वारा घटना की जानकारी भरगामा पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची भरगामा पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। बताया गया कि युवक अपने घर में बिजली का कनेक्शन कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई है। बताया जाता है,कि मृत युवक को एक 10 वर्षीय पुत्र अमित कुमार व एक 08 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी एवं 05 वर्षीय पुत्री मानसी कुमारी है। उपेन्द्र पासवान की मौत हो जाने के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। बताया जा रहा है,कि उपेन्द्र पासवान मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। उपेन्द्र पासवान की मौत के बाद परिवार को भरण-पोषण की चिंता सता रही है। वहीं बिजली विभाग के जेई अनुराग कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मृतक को पोस्टमार्टम कराने को कहा गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद विभाग के द्वारा पीड़ित के परिवार को अनुदान राशि मुहैया कराई जाएगी। इस मौके पर एसआई कारे पासवान,एसआई राजनारायण यादव एवं सशस्त्र बल के जवान व ग्रामीणों में प्रमोद नारायण यादव, रामदेव यादव, पिंटू यादव, डॉक्टर मिथलेश कुमार, विनोद मंडल, मूर्त पासवान, धरमु पासवान, विष्णुदेव कामेत सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

सुरक्षित व सामान्य प्रसव के लिये पौष्टिक व प्रोटीन युक्त आहार का सेवन जरूरी

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता

अररिया।गर्भधारण के बाद सभी महिलाएं सामान्य व सुरक्षित प्रसव की चाहत रखती हैं। लेकिन उनके लिये ये उतना आसान नहीं होता। सुरक्षित व सामान्य प्रसव के लिये गर्भवती महिलाएं सहित उनके परिजनों को बेहद सतर्क व सचेत रहने की जरूरत होती है। दरअसल सामान्य व सुरक्षित प्रसव के लिये गर्भवती महिलाओं का शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। एक स्वस्थ मां ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती हैं। लिहाजा गर्भवती महिलाओं को अपने आहार, व्यवहार, रहन-सहन सहित अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। सुरक्षित व सामान्य प्रसव की चाहत रखने वाली गर्भवती महिलाओं के लिये पौष्टिक व प्रोटीन युक्त आहार का सेवन जरूरी होता है। साथ ही उन्हें नियमित अंतराल पर अपनी स्वास्थ्य जांच कराते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है।

नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य जांच जरूरी-

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षित व सामान्य प्रसव के लिये गर्भवती महिलाओं का शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। इसके लिये नियमित अंतराल पर जांच जरूरी है।

पूरे प्रसव काल में कुल चार एएनसी जांच सुरक्षित व सामान्य प्रसव को बढ़ावा देने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे लेकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक महीने में दो बार विशेष अभियान संचालित किया जाता है। इसके अलावा प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले आरोग्य दिवस व नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र से संपर्क स्थापित कर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जा रही विभिन्न सेवाओं का लाभ आसानी से हासिल किया जा सकता है।

सुनियोजित तरीके से बनायें गर्भधारण की योजना-

सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ राजेंद्र कुमार बताते हैं कि गर्भावस्था किसी महिला के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसलिये महिलाओं को सुनियोजित तरीके से गर्भधारण की योजना बनानी चाहिये। इसकी तैयारी गर्भधारण से दो-तीन महीना पूर्व ही शुरू कर देनी चाहिये। गर्भधारण के लिये महिलाओं का शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना बेहद जरूरी होता है। इससे गर्भावस्था से लेकर प्रसव तक किसी अनावश्यक परेशानियों से बचा जा सकता है। इसमें किसी तरह की लापरवाही जच्चा व बच्चा दोनों के लिये नुकसानदेह साबित हो सकता है।

सही उम्र में गर्भधारण से कई परेशानियों से निजात संभव

सदर अस्पताल की महिला चिकित्सक स्नेहा किरण कहती हैं कि गर्भधारण के लिये महिलाओं का सही उम्र होना बेहद जरूरी होता है। कम उम्र में गर्भधारण से समय पूर्व प्रसव का खतरा अधिक होता है। इस कारण प्रसव के दौरान कई तरह की जटिलताओं व परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

इसलिये कम से कम 20 वर्ष की आयु के बाद ही गर्भधारण की योजना बनानी चाहिये। इतना ही नहीं गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है।

इसलिये इस दौरान पौष्टिक आहार के सेवन की सलाह दी जाती है। दैनिक खान-पान में प्रोटीन, आयरन, कैल्सियम व फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ के सेवन को प्राथमिकता दी जानी चाहिये। साथ ही सामान्य दिनों की तुलना में इस दौरान महिलाओं को अधिक से अधिक आराम करना चाहिए। योग, मेडिटेशन व हल्का-फुल्का व्यायाम भी सुरक्षित व सामान्य प्रसव के लिहाज से जरूरी होता है।

मवेशी की चोरी : ग्रामीण को हो रही है आर्थिक क्षति

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) । गलगलिया थाना अंतर्गत कुकुरबाघी पंचायत अंतर्गत कटहल डांगी गांव में अज्ञात मवेशी तस्करों के द्वारा मवेशी चोरी कर तस्करी करने जैसी घटना को अंजाम दिया जा रहा । जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात मवेशी चोरों के द्वारा दो मवेशियों की चोरी कर वाहन से भागने के दौरान अन्य वाहन से टक्कर हो गई । जिसके कारण वाहन फंस गई । स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पीछा करते देख मवेशी तस्करों ने मवेशी को नदी में डूबो दिया । लेकिन स्थानीय लोगों ने मवेशी तस्करों को खदेड़ कर धर दबोचा । जहां एक मवेशी को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बचा लिया गया वहीं दूसरे मवेशी को जेसीबी की मदद से उक्त नदी से मृत बरामद किया गया । इतनी बड़ी घटना से ग्रामीण आक्रोशीत हो गए ।

इसकी सूचना मिलते गलगलिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मवेशी तस्करों को अपने हिरासत में लिया एवं मवेशी चोरों को थाना लाया गया । घटना की सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस बल के उक्त स्थल पर पहुंचकर आक्रोशीत ग्रामीणों को

समझा कर शांत कराया एवं शख्त से शख्त कानूनी कार्रवाई की बात कही ।

वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में आए दिन मवेशी तस्करों द्वारा मवेशी की चोरी की जाती है, जिससे काफी आर्थिक क्षति होती है ।

वहीं इस घटना के संबंध में गलगलिया पुलिस द्वारा पांच लोगों को मवेशी चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर गलगलिया थाना लाया गया । साथ ही चोरी की घटना में संलिप्त चारपहिया वाहन को थाने में लाया गया है । इस संदर्भ में गलगलिया थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल चल रही है दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

जनसंवाद कार्यक्रम में अधिकारियों को काराकाट मुखिया योगेंद्र सिंह ने कार्य क्षेत्र में हो रही परेसानियो से कराया अवगत

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिला के काराकाट प्रखण्ड अंतर्गत दनवार पंचायत में सोमवार को हुई जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्या और कार्य क्षेत्र में उत्पन्न कठिनाइयों को बड़ी बारीकी से डीडीसी व अन्य पदाधिकारियों के समक्ष रखा। जिन्हें पदाधिकारियों सुना भी। इनमें कुछ समस्याओं की समाधान के लिए डीडीसी ने उपस्थित कनीय अधिकारी व कर्मियों को त्वरित फल करने का निर्देश भी दिया। मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि 2020 से मुख्यमंत्री आवास योजना की बात चल रही है। इस दौरान प्रखण्ड ही क्या पूरे जिले में ना के बराबर इस योजना का आच्छादन हुआ है। पूरे जिले के लिए मात्र एक सौ मुख्यमंत्री आवास का आवंटन हुआ है। जबकि 229 पंचायत है। आखिर किसको मिलेगा इसका लाभ। पिछले दो वर्षों से ग्रामीण आवास योजना के किसी भी प्रकार का पोर्टल नहीं खुला। वह भारत सरकार की हो या फिर बिहार सरकार की। और दो वर्षों से कोई आवंटन भी नहीं आ सका है। जीबीडीपी की राशि भी लोहिया स्वच्छ भारत मिशन और स्ट्रीट लाइट में खर्च करने का दबाव जिला के

पदाधिकारियों का है। 30 लाख रुपये में से 19 लाख सात निश्चय योजना का पार्ट दो स्वच्छ बिहार मिशन के लिए और नौ लाख रुपये स्ट्रीट लाइट के लिए ब्रेडा कम्पनी को स्थानांतरित करना है। मनरेगा का भी वही हाल है। चुनाव जीतने के बाद से मात्र 60 प्रतिशत मिट्टी वर्क हुआ। इस पर हमें न्यूनतम 40 प्रतिशत पक्का वर्क मिलना चाहिए था। वहीं जिला पार्षद उमेश कुमार सिंह ने भी क्षेत्र के सोहदा के प्राथमिक विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित कराने, इब्राहिमपुर में हिंदी विद्यालय स्थापित कराने, चिकसिल, किरहीं, सकला, सोनवर्षा, मानिक परासी में स्वास्थ्य उपकेंद्र खोलवाने के साथ दनवार में स्वास्थ्य केंद्र के लिए लगभग 46 लाख 50 हजार की लागत से बने भवन में अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग की। कहा कि वह भवन अब खंडहर में तब्दील होने लगा है। सकला राजवाहा का चौड़ीकरण कराने व आरा कैनाल में इसके लिए एक और फाटक लगवाने की मांग करते हुए जिला पार्षद ने कहा कि भोजपुर के तरारी तक जाने वाली इस राजवाहा में कभी नीचे तक पानी नहीं पहुंचता। इसके लिए दो की जगह तीन फाटक कर दिया जाए तो हजारों किसानों को निर्वाध पानी मिलने लगेगा। इस पर डीडीसी ने सम्बंधित अधिकारियों से बात कर बहुत जल्द कोई निदान निकालने की भरोसा दिलाई।

डाग स्क्वायड की टीम ने की घटना की जांच

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

रोहतास जिला अंतर्गत दावथ थाना क्षेत्र के पररिया ठोरा नदी किनारे पेड़ से लटकती हुई लाश पुलिस को मिली थी जिसकी जांच को लेकर पुलिस एक एक बिन्दु पर गहन जांच कर रही है उम्मीद है प्रशासन जल्द ही घटना की पुष्टि कर अपराधियों तक पहुंचने में कामयाब होगी। घटना की जांच -उपरांत दावथ थाना प्रभारी

कृपाल जी व कांस्टेबल के नेतृत्व में डाग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से डाग स्क्वायड ने पररिया बधार स्थित ठोरा नदी व नेशनल हाईवे-30 होते हुये हुए एक किलोमीटर जाकर रुक गया। इसके बाद कोई सुराग नहीं मिल सका। मौके पर एएसआई समीर सिंह, एएसआई जितेन्द्र कुमार व पुलिस टीम के जवान उपस्थित थे।

गोपालपुर पंचायत के वार्ड 10 में नहीं हो रहा उपचुनाव

दैनिक समाज जागरण के के रंजन कोईलवर भोजपुर।

भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत में वार्ड संख्या दस के वार्ड सदस्य के इस्तीफा के छह महीने बीत गये। लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत के उपचुनाव में उक्त वार्ड सदस्य पद का चुनाव नहीं होगा। जिसे लेकर पंचायत में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार कोईलवर प्रखण्ड के गोपालपुर पंचायत के वार्ड सख्या दस में विशम्भर नाथ सिंह उर्फ लड्डू सिंह त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित हुए थे। 20 मई 2023 को उनकी सरकारी नौकरी में बिहार होम गार्ड में चयन हो गया था। जिसके बाद उन्होंने अपना इस्तीफा पंचायत के मुखिया को दे दिया था। लेकिन इसकी सूचना मुखिया ने उपचुनाव के लिए हुए नोटिफिकेशन की सूचना सहायक निवार्ची पदाधिकारी को नहीं दिया। जिस कारण गोपालपुर के वार्ड संख्या दस में

28 दिसम्बर को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव होने से वंचित रह गया।

इस सम्बंध में तत्कालीन वार्ड सदस्य विशम्भर नाथ सिंह से बात करने पर बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा पंचायत के मुखिया को दे दिया था। जिसके बाद सरकारी जॉब में आ गया।

जबकि नियम है कि मुखिया के पास इस्तीफा देने के सात दिन बाद मुखिया इस्तीफा को आगे पंचायती राज पदाधिकारी या बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी को इसकी सूचना देंगे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

भाजपा नेता ने उत्तराखंड टनल में फंसे कामगार को घर वापसी पर मिल खुशी जहीर किया

दैनिक समाज जागरण नीरज त्रिपाठी पीरो अनुमंडल

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड के पेउर गांव निवासी सबाह अहमद उर्फ सैफ के सकुशल घर वापसी पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और भाजपा नेता ने भव्य स्वागत किया। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के सिलक्यारा सुरंग में 41 सभी श्रमिकों को सकुशल 17 दिनों के बाद निकाल लिया गया। उसके बाद सभी श्रमिक अपने अपने घर भेज दिया गया है। जिसमें बिहार के भोजपुर जिला अंतर्गत सहार थाना क्षेत्र के पेऊर गांव निवासी सबाह अहमद भी है। सबाह अहमद लगभग 20 दिनों के बाद अपने गांव पहुंचे थे। वहीं मंगलवार को सबाह अहमद के घर पहुच कर भजपा नेता और तरारी विधानसभा प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी ने फूल माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सबाह का स्वागत किया। वहीं सबाह अहमद ने बताया कि जब 12 नवंबर की सुबह टनल में फंस जाने की सूचना मिली तो, सभी चिंतित हो गए। लेकिन एक सुपरवाइजर होने के नाते सभी का ख्याल रखना जरूरी था। हालांकि बिहार के केवल पांच ही श्रमिक थे। लेकिन सबका ख्याल रखना था। वहीं टनल के गिरने के बाद हमलोग छह दिनों तक केवल मूढ़ी, ड्राई फूड खाते रहे और फिर सातवें दिन खाना मिल पाया। समय और स्वस्थ्य रहने के लिए सभी मजदूरों को लूडो, तास हर सुबह सभी को योगा और मॉर्निंग वॉक कराने का काम करते थे। टनल में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं थी। ढाई किलोमीटर तक हमलोग टहलते थे। कब दिन और रात होती

थी, कुछ पता नहीं चल पाता था। टनल में फंसने पर बच्चें, मां-पिता और पत्नी समेत पूरे परिवार की याद आती थी। लेकिन जब हमारी पहली बार बात हुई थी तो घर वालों को भी लगा कि चलों कम से कम सभी ठीक है। घर वालों से फिर हमारी बात हुई। सभी खुदा से सलामती की दुआ कर रहे थे, जो कबूल हुई। सबाह अहमद ने बताया कि उत्तराखंड सरकार और केंद्र की सरकार ने हमारा बहुत ख्याल रखा। भारत के प्रधानमंत्री से भी हमारी बात हुई। वहीं सबाह अहमद ने बताया कि उत्तराखंड सरकार और केंद्र सरकार हमलोग से लगातार हाल चाल ले रही थी। हमारे राज्य को छोड़कर सभी राज्य के अधिकारी वहां मौजूद थे। पुष्कर सिंह धामी ने हमे गले लगाया। टनल से निकलने के बाद भारत के प्रधानमंत्री ने हमसे बात की। लेकिन एक बार भी बिहार सरकार ने हमारा सुध नहीं लिया। वहीं अंत में सभी श्रमिकों के टनल से बाहर निकलने के बाद तीन अधिकारी बिहार के आए थे। लेकिन उन्होंने एक बार भी हमारा हाल चाल नहीं पूछा।अधिकारियों ने केवल हमारा नाम, पता और पिता का नाम पूछा और फिर चल दिए। सबाह अहमद से मिले उनके घर पहुचे तरारी विधानसभा प्रत्याशी कौशल कुमार सिंह उर्फ कौशल विद्यार्थी, प्रो डॉ अमेन्द कुमार, भाजपा नेता अभिषेक राय,पूर्व भजपा मंडल अध्यक्ष चंदन राय, सुजीत कुमार, संजय राय, प्रशांत कुमार और नवीन राय ने सबाह अहमद को फूल मालाओं के साथ स्वागत तथा मिठाईयां खिलाकर खुशी का जाहिर व्यक्त किया है।

सिकरौल गांव के समीप बेलगाम ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन दोस्तों को मारी टक्कर, हालत गंभीर

दैनिक समाज जागरणः नीरज त्रिपाठी ,पीरो अनुमंडल

भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव के समीप बेलगाम ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जहा आनंद फानन में तीनों जख्मियों को इलाज के लिये पीरो अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए आरा रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जख्मियों में सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा कला गांव निवासी गुड्डू कुमार अनिल कुमार और संतोष कुमार शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सब्जी लेने के लिए बाइक पर सवार होकर पीरो जा रहे थे तभी सिकरौल गांव के समीप बेलगाम ट्रैक्टर ने जोड़दार टक्कर मार दिया । जिसमें तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

पूर्व शराब मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरणः नीरज त्रिपाठी, पीरो अनुमंडल

भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिकरहटा थाना पुलिस ने पूर्व शराब मामले में फरार दो आरोपी को गिरफ्तार किया। सिकरहटा थाना पुलिश ने बताया कि पूर्व शराब मामले में फरार आरोपी बगही गांव निवासी दशरथ सिंह के पुत्र हरिहर सिंह और नवलाख सिंह के पुत्र लालू कुमार को गिरफ्तार किया गया। सिकरहटा थाना पुलिस के कहा कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

तरंग तहत कल्चरल फेस्ट कार्यक्रम डीएवी सेमरा में आयोजित

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

हर व्यक्ति के अंदर कला निहित होती है और कोई भी व्यक्ति उसे जब सुंदर अभिव्यक्ति देता है तो लोग उसकी भूरी-भूरी प्रशंसा करते हैं। एक ऐसा ही कार्यकम डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सेमरा बिक्रमगंज में विज्ञान , हस्तकला प्रदर्शनी , शंखनाद एवं कव्वाली का बाल कलाकारों द्वारा आयोजन देखने को मिला। इस दौरान विद्यार्थियों ने बेकार वस्तुओं का पुनः उपयोग कर विज्ञान तथा अन्य विषयों के मॉडल तैयार किया। इन विद्यार्थियों ने कृषि एवं खाद्य सुरक्षा, पानी बचाओ, आपदा प्रबंधन, पेरिस्कोप कालेडोस्कोप ,वॉटर पॉल्यूशन एंड ट्रीटमेंट मॉडल, सोलर एंड विंड पावर प्लांट, ज्योमैट्रिकल सिटी, इलेक्ट्रिक वाटर मशीन, जालियांवाला बाग, सोलर एनर्जी और प्रबंधन समेत हस्तकला के विषयों पर मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा से अवगत कराया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में बिक्रमगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह, बिहार जोन एफ के क्षेत्रीय निदेशक आशीष कुमार जेना, डी० ए० वी० नबीनगर के प्राचार्य विनय गुप्ता, डी० ए०वी० डुमरांव के प्राचार्य

घनश्याम सहाय, डी० ए० वी० कोचस के प्राचार्य आर० एन० पाठक, डी० ए० वी० दाउदनगर के प्राचार्य राजीव रंजन, तेंदूनी चौक बिक्रमगंज की प्राचार्या कुमारी प्रिया, नागेंद्र झा महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र मिश्रा तथा उक्त विद्यालय के प्राचार्य प्रेमचंद त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन किया। डॉ.अमरेंद्र मिश्र ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में खोजने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए ताकि बच्चों का बौद्धिक विकास हो सके। उन्होंने बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बिहार जोन एफ के आठ विद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना की। बिहार जॉन एफ के क्षेत्रीय निदेशकश्री ए .के . जैना ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है। इसके बाद विजेता मॉडलों तथा शंखनाद एवं कव्वाली में जूनियर तथा सीनियर बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

अनियमितता के विरुद्ध राशन दुकानदार से अनुमंडलाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास

रोहतास जिला अंतर्गत राजपुर प्रखंड अंतर्गत पड़रिया पंचायत के नावाडीह गांव स्थित सरकारी राशन दुकान की जांच में घोर अनियमितता पाई गई है। दुकान का लाइसेंस रद्द नहीं करने के उचित कारणों का जबाब के लिए दुकानदार से अनुमंडल कार्यालय ने दिनांक 13/12/23 पत्रांक संख्या 1157 के माध्यम से द्वितीय स्पष्टीकरण की मांग की है। अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज ने गरीबों के खाद्यय सुरक्षा अन्तर्गत राशन आपूर्ति दुकानदार अनुज्ञप्ति संख्या 01/2011 विश्वनाथ राम को पत्र जारी कर पुछा है कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी राजपुर द्वारा दिनांक 11/10/23 को आपके दुकान का

निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षक के क्रम में पाई गई अनियमित के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 966/गो दिनांक 14/11/23 से स्पष्टीकरण की मांग की गई थी।जो अभी तक अप्राप्त है।

अतः सूचित किया जाता है कि इस पत्र प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर उपरोक्त आरोप के संदर्भ में स्थिति स्पष्ट करें कि क्यों नहीं आपके द्वारा की गई अनियमित हेतु बिहार लक्षित सार्वजनिक जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार आपके जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति को रद्द करने की कार्रवाई की जाए।

अवैध सोन का बालू लदा बिना चालान का ट्रक जप्त ड्राइवर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण के के रंजन कोईलवर भोजपुर

भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड के चांदी थाने की पुलिस ने अवैध सोन का बालू लदा ट्रक बिना चालान का जप्त किया है। मिली सूचना के अनुसार चांदी थाना प्रभारी सौरव कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्ती पर निकली हुई थी इसी दौरान चांदी चौक के समीप राम जानकी मंदिर के पास एक ट्रक जिस पर ओवरलोडेड बालू लदा था उसको देख राम वीरेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस ने रोका तो उसके पास से चालान भी नहीं पाया गया ट्रक को नया थाना परिसर बहियारा में जप्त करते हुए ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। ड्राइवर का नाम रामजी महतो पिता कन्हैया महतो ग्राम खलपुरा थाना मुफस्सिल जिला छपरा का बताया जा रहा है। ट्रक को जप्त करते हुए व ड्राइवर को गिरफ्तार करते हुए चांदी थाने की पुलिस ने जेल भेज दिया है।

वायरल वीडियो का असर, छापेमारी, में सात अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जप्त

दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार थाना क्षेत्र के बरुही बजरिया बालू घाटों से अवैध रूप बालू लादते ट्रैक्टर का वीडियो वायरल हुआ था। तत्पश्चात मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने छापेमारी अभियान चलाकर सात अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़कर जप्त किया है। छापेमारी दौरान ट्रैक्टर बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। सहार थाना अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार ने बताया कि सात अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पड़कर जप्त कर मुकदमा दर्ज किया गया है।

विधानसभा के कोर कमिटी का किया गया बैठक

दैनिक समाज जागरण नीरज त्रिपाठी, पीरो अनुमंडल

भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सिकरहटा मंण्डल में ध्रुव प्रहलाद बालिका उच्च विद्यालय मोआप कला के प्रांगण में तरारी विधानसभा के कोर कमिटी के बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्ष सिकरहटा मंडल रामानुज सिंह और संचालन विधानसभा प्रभारी विनय बेलाउर ने किया। लोकसभा प्रभारी जितेंद्र पाण्डेय ने कहा कि बैठक में मोदी गारंटी रथ, उज्ज्वल योजना, विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान कार्ड, अयोध्या दर्शन को ले रजिस्टेशन, बुथ शक्ति करन को ले बैठक किया गया। बैठक में भाजपा नेता विशाल सिंह ने कहा कि विधानसभा के कोर कमिटी के बैठक में बाद मंडल कोर कमिटी के बैठक किया जायेगा। बैठक में शामिल होने वालों में तरारी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी, जिला महामंत्री पूनम कुशवाहा, जिला उपअध्यक्ष बन्दना राजवंशी, सुनील सिंह, मदन स्नेही, विद्यासागर पांडेय, बृजबिहारी पांडेय और मनोज सुमन सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिहार बार कौसिंल के सदस्य पद के लिए आज होगी वोटिंग

दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर

भोजपुर जिले के पीरो में बिहार बार कौसिंल के सदस्य पद हेतु बुधवार को मतदान कराया जाएगा। इसके लिए पीरो अनुमंडल स्थित वकालतखाना परिसर में मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है। बिहार बार कौसिंल द्वारा यहां होने वाले मतदान के लिए पीरो बार एसोसिएशन के महासचिव श्यामानन्द पाण्डेय को पीठासीन पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है। जबकि प्रदेश स्तर से प्रतिनियुक्त दो पर्यवेक्षक यहां मतदान के दौरान मौजूद रहेंगे।

मतदान हेतु प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी श्री पांडेय के अनुसार बुधवार को पीरो बार एसोसिएशन से जुडे पंजीकृत अधिवक्ता मतदान में भाग लेंगे। मतदान सुबह दस बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे तक चलेगा। बुधवार को होने वाले मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। मतदान को लेकर स्थानीय अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

चापाकल चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो भोजपुर

भोजपुर पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्रों में हो रहे चापकलों की चोरी के मामले में खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपित नारायणपुर थाना क्षेत्र के बधुअई गांव निवासी स्व. रामईश्वर सिंह के पुत्र जितेंद्र यादव है। इसके पास से चोरी के पांच चापाकल का हेड बरामद किया गया है।

इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया की नारायणपुर थाना क्षेत्र के मडनपुर गांव निवासी बलिराम यादव ने नारायणपुर थाना में 15 दिसंबर की रात मंदिर के पास से एक चापाकाल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी किए गए मामलों को लेकर प्राथमिकी कराई थी। इसके बाद नारायणपुर थानाध्यक्ष के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व पीरो डीएसपी राहुल कुमार सिंह कर रहे थे।टीम ने चोरी की गई चापाकल का हेड की बरामदगी और अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने पांच चापाकल के साथ एक अभियुक्त जितेंद्र यादव को धर-दबोचा गया। वहीं इस कांड में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है।

चोरी के मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद

कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के झोकीपुर गांव के कब्रगाह के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गया आरोपी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के महतवनिया गांव निवासी रमेश यादव का पुत्र धीरज कुमार एवं बड़हरा थाना क्षेत्र के झोकीपुर गांव निवासी संतोष पासवान का पुत्र नीतीश पासवान है।

क्या बोले एसपी प्रमोद कुमार यादव

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली बाइक सवार देशी शराब की तस्करी करने वाले है। जिसके पुलिस झोकीपुर गांव के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाया । चेकिंग दौरान पुलिस को देखकर दो बाइक सवार युवक भागने लगे, जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों को धर-दबोचा । तलाशी के दौरान उनके पास से 40 लीटर देशी शराब, एक मोटर साइकिल, एक मोबाइल बरामद किया । पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

सात लीटर महुआ शराब सहित धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास।

रोहतास जीला अंतर्गत मंगलवार की संध्या आयरकोठा थानाध्यक्ष प्राची कुमारी को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के टड़वा में महुआ शराब की बिक्री किया जा रहा हैं। सुचना के सत्यापन एवं छापेमारी करते हुए प्राची कुमारी ने सात लीटर महुआ शराब सहित धंधेबाज नगरी साह, पिता मिसरी साह, ग्राम टड़वा, थाना आयरकोठा को गिरफ्तार किया। धंधेबाज के विरुद्ध बिहार मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दिन बुधवार को पुलिस हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

एसडीएम ने किया बीएलओ के साथ बैठक

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड क्षेत्र में एसडीएम बिक्रमगंज अनिल बसाक ने प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी में स्थित सामुदायिक भवन में सभी बी एल ओ के साथ बैठक की। बैठक में सभी बीएलओ का पीएसी, पीडीई की समीक्षा किया गया। इसके उपरांत एसडीएम ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हरहाल में कार्य को पूर्ण करना है।अन्यथा कार्रवाई हेतु जिला पदाधिकारी महोदय को भेज दिया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह, बि एल ओ नौशाद आलम, अनिल कुमार पासवान, बिक्रमा सिंह, संजय सिंह सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ उपस्थित थे।

जीपीपीएफटी की गठन को लेकर बैठक आयोजित

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

रोहतास जिला अंतर्गत बिक्रमगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत नोनहर में मुखिया आभा कुमारी की अध्यक्षता में जीपीपीएफटी की गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें पंचायत स्तरीय पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें स्वास्थ्य एवं पोषण थीम के ऊपर चर्चा की गई एवं सभी गर्भवती माता को आयरन व कैल्शियम की गोली तथा फोर्थ जांच सुनिश्चित हो सके ,उसके ऊपर चर्चा विशेष रूप से चर्चा की गई। उक्त दौरान आशा को बताया गया कि एचबीएनसी के साथ ही सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना जैसे वीएचएसएनडी , अन्नप्राशन ,गोद भराई , ब्राह्मण संस्थागत प्रसव आदि को मजबूत बनाने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार , सीडीपीओ आईसीडीएस , मुखिया आभा कुमारी , सचिन , पिरामल फाऊंडेशन राज्य स्तरीय अधिकारी रामा शंकर सिंह , जिला स्तरीय जिला लीड पल्लवी बॉस ,डीपीएचओ अर्जुन गोस्वामी , कुश कुमार को-सीएचओइ चंद्रदीप कुमार गुप्ता , एएनएम कांति कुमारी उपस्थित रहे।

90 पीस ब्लू लाइन शराब के साथ धंधेबाज गिरफतार

दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास

रोहतास जिला के राजपुर थाने की पुलिस ने मंगलवार को राजपुर डिहरी पथ पर हबबूपुर गांव के समीप 90 पीस ब्लू लाइन शराब के साथ धंधेबाज को गिरफतार कर लिया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना मिली थी,जिस पर जांच लगाई गई.जांच के क्रम में अकोढीगोला के बांक गांव निवासी शराब धंधेबाज उज्जवल कुमार को इलेक्ट्रिक बाईक संख्या बीआर 24 एएल 1455 समेत गिरफ्तार किया गया। धन्धेबाज इलेक्ट्रिक बाईक से दो सौ एमएल का 90 पीस ब्लू लाइन लगभग 18 लीटर शराब ले सप्लाई देने जा रहा था। धंधेबाज का मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया।

मकान में रखें मवेशी का चारा जलावन सहित अन्य सामान जलकर हुआ खाक

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

रोहतास जिला अंतर्गत कोचस प्रखंड क्षेत्र के कटियारा गांव के एक किसान के मकान में अचानक आग लग गई जिसमें घर में रखे अनाज कपड़ा सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए पीड़ित किसान संतोष यादव ने बताया कि सभी लोग घर में सो रहे थे कि मंगलवार की भोर पहर मे अचानक आग लग गई जिसमें घर में रखें जलावन मवेशियों का चारा भोजन का अनाज व कपड़ा सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने बताया आज कैसे लगी इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पा रही है। वैसे इस घटना की जानकारी पीड़िता के द्वारा स्थानीय थाना को दे दी गई है।

पुलिस ने किराना दुकान से 16 पीस अंग्रेजी फ्रूटी शराब के साथ एक धंधेबाज को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास

रोहतास जिले के कोचस थाने की पुलिस ने सोमवार की संध्या गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 के एक किराना दुकान से 16 पीस अंग्रेजी फ्रूटी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि पुलिस संध्या गस्ती पर थी तभी पुलिस को गुप्त सूचना मिली की नगर पंचायत के एक किराना दुकान मे शराब की बिक्री की जा रही है तभी पुलिस ने फौरन वार्ड नंबर 7 के किराना दुकान में छापेमारी की जिसमें शराब बेचते हुए 16 पीस एट पीएम फ्रूटी तथा 19150 रुपए व एक रियलमी एंड्राइड मोबाइल के साथ एक शराब धंधेबाज सहः दुकानदार को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार धंधेबाज दिनारा थाना क्षेत्र के देलहुआ निवासी स्वर्गीय रामायण सिंह का 42 वर्षीय पुत्र घनश्याम सिंह बताया जाता है। वही पुलिस गिरफ्तारी बाद आरोपी के ऊपर कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

पराली नहीं जलाये किसान सेटेलाइट से हो रही निगरानी

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास

धान कटाई इस समय जोरों पर हैं। किसान धान की पराली को न जलाए इसके लिए राज्य स्तर पर सेटेलाइट से निगरानी की जा रही है। पराली जलाने वाले किसानों से न केवल जिला प्रशासन जुमार्ना वसूल करेगा। प्रदूषण रोकने के लिए शासन स्तर से सख्ती बरती जा रही है। किसान पराली न जलाए इसके लिए उन्हें कृषि विभाग जागरूक भी कर रहा है। प्रखंड तकनिकी प्रबंधक आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रदूषण रोकने के लिए शासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है।किसानों के लिए सख्त निर्देश जारी करने के बावजूद प्रखंड क्षेत्र के कृषि समन्वयक क्षेत्र के सभी पंचायतों में घुम कर पराली नहीं जलाने के लिए निगरानी कर रहे हैं। पराली जलाने वालों पर निगाह रखने के लिए सेटेलाइट की मदद ली जा रही है। अग्निजनित स्थानों की रोड मैपिग कर मैसेज के जरिए संबंधित जिलों की सूचना भेजी जाती है। इसके बाद डीएम द्वारा गठित सेल कार्रवाई करती है। किसानों को पराली जलाने से रोकने और जलाने पर कार्रवाई के लिए जिले की सभी प्रखंड में समिति बनाई गई हैं।

पुलिस ने 705 ग्राम चरस सहित तस्कर पकड़ा

समाज जागरण - बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस ने नाजायज मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से काफी मात्रा में चरस बरामद की है। पुलिस को तस्कर के बारे में जानकारी मिली थी।प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, उप निरीक्षक भूप्रकाश शर्मा उपनिरीक्षक श्यामप्रसाद, हेडकांस्टेबिल राज कुमार, हेडकांस्टेविल अब्दुल मन्नान,सिपाही योगेन्द्र कुमार ने दबिश दी। पुलिस नेभीकनपुर तिराहे से करीब 80 गज दूरी से दीना उर्फ शेखर पुत्र सत्यप्रकाश निवासी आसफाबाद फाटक मोहल्ला चित्रगुप्त नगर थाना रसूलपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को देख उसने भागने का प्रयास किया था। काफी दूर तक दौड़ भाग करने के बाद पुलिस ने उसे पकड़ा। पुलिस ने उसके

पास से 705 ग्राम चरस बरामद की है।

पुलिस के बारे में अन्य जानकारियां जुटा रही है। यह भी जानने का प्रयास किया जा रहा है चरस कहां से लाता है और कहां-कहां सप्लाई करता है। उसके खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई है।

राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ।

समाज जागरण - रिपोर्ट आशीष उपाध्याय

सिरसागंज। स्थानीय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में द्विदिवसीय 26वें वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि रंजना सिंह,अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, सिरसागंज, विशिष्ट अतिथि डॉ भगवत स्वरूप, पूर्व प्राचार्य राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसागंज, विशिष्ट अतिथि प्रवीण सिंह'नीटू', प्रबंधक, क्षेत्रीय इंटर कालेज, सिरसागंज और प्राचार्या प्रो. कांति शर्मा, आयोजन सचिव प्रो. राधेश्याम सिंह और क्रीड़ा सचिव डा रेणु दास द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके किया गया।मानसी ने सरस्वती वंदना की सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो कांति शर्मा ने स्वागत वक्तव्य दिया। मुख्य अतिथि ने खेलकूद प्रतियोगिता की शपथ सभी छात्राओं को दिलाई।डा भगवत स्वरूप ने सभी छात्राओं को खेल भावना से खेलने की सलाह और शुभकामनाएं दी। प्रवीण सिंह'नीटू'ने सभी छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।प्रथम दिवस की शुरूआत वर्तमान चैंपियन कु.अनामिका द्वारा मशाल दौड़ से की गई। तत्पश्चात क्रीड़ांगन में छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया।100मीं दौड़ में काव्या, रश्मि और सपना क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। गोला प्रक्षेपण में शिवानी, रोशनी और काव्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। चक्र प्रक्षेपण में काव्या,आकांक्षा और रितु क्रमशः प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं । 400 मीटर दौड़ में रश्मि, काजल और अंजलि क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं । लंबी कूद में शिवानी प्रथम,अनामिका द्वितीय, काजल तथा सुलेखा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। यह प्रतियोगिताएं क्रमशः क्रीड़ा मैदान पर द्वितीय दिवस में जारी रहेंगी। कार्यक्रम के उद्घोषक डॉ. आशुतोष राय,अध्यक्ष, हिंदी विभाग रहें।

पालिका चेयरमैन रंजना सिंह ने यूरो स्पोर्टस लीग का किया शुभारंभ

-कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

- विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर मिहिर दिवाकर

समाज जागरण - बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। यूरो एकेडमी द्वारा आयोजित सिरसागंज में सात दिवसीय स्पोर्ट्स लीग का उद्घाटन नगर पालिका परिषद सिरसागंज की अध्यक्ष रंजना गुरूदत्त सिंह ने किया। यूरो एकेडमी के बच्चों ने बैंड के साथ मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक प्रदीप सिंह और प्रधानाचार्य रिचा सिंह ने चैयरमैन रंजना सिंह का स्मृति चिन्ह और बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भारतीय क्रिकेटर मिहिर दिवाकर उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रंजना गुरूदत्त सिंह ने कहा कि युवा और छात्र शिक्षा के साथ खेलों को भी महत्व दें। स्वस्थ मस्तिष्क में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और खेलों से ही मस्तिष्क स्वस्थ बनता है, इसलिये विद्यार्थियों को पढने के साथ-साथ खेलों में भी रूचि लेनी चाहिये। खेल को खेल भावना और भाईचारे से खेलना चाहिये। पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाडी मिहिर दिवाकर ने बच्चों से अपने अंदर खेल की भावना जागृत करने और अपना मनोबल बनाये रखने का आह्वान किया। उन्होनें कहा कि एक ओर विजयी प्रतियोगी जहॉ अपना स्थान बनाये रखने के लिये प्रयासरत रहें, वहीं अन्य प्रतियोगी विजेता बनने हेतु प्रयास करें।

कार्यक्रम में मिहिर दिवाकर ने यूरो स्पोर्ट्स अकेडमी में क्रिकेट की नेट प्रैक्टिस के लिए बनी पिचों का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये हुला हुप्स रिंग ड्रिल, पैराशूट ड्रिल कार्यक्रम आर्कषण का केन्द्र रहे। उद्घाटन दिवस के दौरान गुब्बारा फोड दौड, राधा कृष्ण दौड़ , चौकी दौड, रस्सा कस्सी, कबड्डी, खो-खो आदि खेलों का आयोजन हुआ।

विभागीय अफसरो समेत प्रशासन ने मोरम खदान की अनियमिता की खबरों पर किया निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर खागा तहसील अंतर्गत स्वीकृत मोरम खंड गढीवा मझगवां जो मे. टिटमस ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के पक्ष में यमुना पटटा स्वीकृत है। मोरम खंड संचालित होते ही खनिज उद्गम स्थल से नियमों को ताक में रख खनन व ओवरलोड वाहनों का परिवहन निरंतर जारी रहा। विगत दिनों मोरंग खंड का छिछले पानी से बांध बाधकर यमुना की धारा मोड़ने का वायरल वीडियो प्रकाश में आया ' हालांकि हमारा समाचार पत्र वीडियो की पुष्टि नहीं करता वायरल वीडियो गढीवा मझगवां मोरंग खंड का बताया जा रहा था। वायरल वीडियो की जांच खनन इंस्पेक्टर द्वारा बीते दिनों की गई जांच में बताया गया कि मोरंग खंड स्थल पर दो से तीन मीटर मोरंग निकलने पर पानी निकल आता हैं। छिछला जल इलाका होने के कारण जल क्षेत्र में खनन जैसा प्रतीत होता है। जनपद के विभिन्न मोरंग खदानों पर ओवरलोड वाहनों का संचालन व अनियमिता की खबरें लगातार मीडिया से सुर्खियां मुख्यालय में गूंजी तो शिकायतों को दृष्टि रखते हुए जिलाधिकारी के निर्देशनानुसार विभागीय राजस्व व शासन प्रशासन टीम ने अपने कमर कसी ` सर्वाधिक शिकायत अनियमिता वाले खदानों में विभागीय अफसर ने निरीक्षण किया। जनपद के स्वीकृत मोरग खंड गढीवा मझगवां की सर्वाधिक शिकायतों खबरों को दृष्टता देखते हुए विभागीय राजस्व प्रशासन टीम ने निरीक्षण कियो निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी वि.रा. अविनाश त्रिपाठी,खनिज अधिकारी रंजन राज, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट क्षेत्राधिकारी खागा समेत प्रशासन टीम ने खदान में लगे धर्म कांटे खनिज स्थल सीसीटीवी कैमरा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण टीम ने बताया कि की प्रथम दृष्टितया छिछले जल इलाकों में मोरंग दो तीन 3 मीटर निकासी के दौरान पानी निकला हुआ है। निरंतर ओवरलोड वाहनों के प्रति विभागीय स्टाफ संवेदनशील है ओवरलोड वाहनों के संचालन के विभिन्न पहलुओं की जांच हो रही है । एनजीटी नियमों के विपरीत खनन होने वह ओवरलोड वाहनों के संचालन की सूचना मिलती है तो छापेमारी कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी ।

पुलिस ने पांच वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया*

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ विभिन्न मामलों में न्यायालय से वारंट जारी हुए थे। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दीक्षित, उप निरीक्षक अर्जुन राठी, उप निरीक्षक विवेक कुमार शर्मा सिपाही अनिल छोकर,सिपाही अमित कुमार थाना ने ताबड़ तोड़ दबिश देकर पांच वारंटी पकड़े। पुलिस ने अमित पंडित पुत्र शिवकुमार शर्मा निवासी रहना, मालती देवी पत्नी कैलाश निवासी नगला पान सहाय, संजय पुत्र ग्याप्रसाद नगला पान सहाय, कैलाश पुत्र गयाप्रसाद निवासी नगला पान सहाय, अनुराग गोस्वामी पुत्र अजय कुमार शिवनगर जलेसर रोड थाना उत्तर को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है पकड़े गए वारंटी अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे थे। इनमे गैंगस्टर का भी अभियुक्त शामिल है।

अवैध रूप से संचालित हो रही कोयला भट्ठी के संचालक को आखिर किस सत्ता पक्ष का प्राप्त है संरक्षण,आखिर जिम्मेदार विभाग क्यों नहीं कर पा रहा कार्यवाही ?

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों को दरकिनार करते हुए कुछ भ्रष्ट अधिकारी/कर्मचारी योगी बाबा के मंसूबे को पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैं।जहां उनके आदेशों/निदेर्शों को एक तरफ रखकर अपना वही पुराना रवैया अपना रहे हैं, जानकारों के मुताबिक उनका मानना है कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है चाहे कोई जितना भी कोशिश कर ले।

जनपद के थाना हुसैनगंज क्षेत्र के अंतर्गत हैबतपुर चौराहे से चंद कदमों की दूरी पर वन विभाग और क्षेत्रीय थाना हुसैनगंज की पुलिस की मिलीभगत से प्रधान पति के नेतृत्व में कच्चे कोयला की भट्ठी सुलगाई जा रहीं हैं और जिम्मेदार विभाग अपने आंखों पर पट्टी बांधे बैठा हुआ और अपने कान को भी बंद किए हुए है जिससे आंख से न तो दिखाई देगा और न ही कान से कुछ सुनाई देगा,पुलिस की शिथिलता से थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपराधियों के और भी हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।हालांकि इससे संबंधित पहले भी खबर प्रकाशित हुई लेकिन जिम्मेदार विभाग भट्ठी संचालक पर कोई भी कार्यवाही न कर सका। वहीं सूत्रों ने बताया कि कई वर्षों से यह कोयला की भट्ठी सुलगाई जा रही है लेकिन नीचे से लेकर ऊपर तक सभी शांत बैठे हुए हैं क्योंकि समय समय से धन का चढ़ावा पहुंचता रहता है।क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि एक ग्राम प्रधान पति के नेतृत्व में इन भट्ठियों का संचालन किया जा रहा है और क्षेत्र में सभी हरे पेड़ों को इलेक्ट्रॉनिक मशीनों से काटकर कोयला बनाने का कार्य किया जा रहा है तथा वनों को नष्ट किया जा रहा है। वहीं एक तरफ योगी सरकार लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर पौधरोपण करवा रही है तो उसका जिम्मेदार विभाग आराम से हरे पेड़ों को इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के द्वारा कटवाने में मस्त है। अब देखना होगा कि कोयला भट्टी संचालक के ऊपर जिम्मेदार विभाग क्या कार्रवाई करता है कि उसी प्रकार कोयला भट्टी संचालित होती रहेंगे!?

जिला आधकारा न हरा झडा दिखाकर जल जीवन मिशन ज्ञान यात्रा को रवाना किया

जिले के करीब 150 स्कूली बच्चों को जल ज्ञान यात्रा पर भेजा गया

सिद्धार्थनगर, जल जीवन मिशन के तहत जल ज्ञान यात्रा को आज सिद्धार्थनगर के जिला अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि जल जीवन मिशन के तहत सिद्धार्थनगर जिले के करीब 150 स्कूली बच्चों को जल ज्ञान यात्रा पर भेजा गया है । इस जल ज्ञान यात्रा के बारे में बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है उन्होंने कहा कि जल को कैसे बचाया जाए और कैसे उसे संरक्षित किया जाए इसको लेकर जल जीवन मिशन के तहत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं कार्यक्रमों के तहत आज स्कूल के बच्चों को सिद्धार्थनगर जिले में चल रही जल जीवन मिशन के तहत महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कराया जाएगा

एम्बुलेन्स की टक्कर से साइकिल सवार स्कूल बस चालक की मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। राधा नगर थाना क्षेत्र के बिजली पॉवर हाउस के समीप अज्ञात एम्बुलेन्स साइकिल सवार स्कूल बस चलाक को टक्कर मारते हुए निकल गई। जिससे साइकिल सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को जपचार के लिए अस्पताल भेजवा दिया। जानकारी के अनुसार राधा नगर थाना क्षेत्र के बाक्सपुर गांव निवासी गुलाब सिंह का 55 वर्षीय पुत्र कमल सिंह जो सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल में बस चालक था। रोज की भांति आज भी वह सुबह साइकिल पर सवार होकर स्कूल ड्यटी करने जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के बिजली पॉवर हाउस के समीप पहुंचा तभी रोड से गुजरी अज्ञात एम्बुलेन्स उसको टक्कर मरते हुए निकल गई। जिससे साइकिल सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवा दिया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जाँच के उपरांत उसको मृत घोषित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस में रखा दिया। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के 23 वर्षीय पुत्र विजय बहादुर सिंह ने बताया की पिता जी स्कूल की बस चलाते थे। वह आज सुबह साइकिल से स्कूल ड्यूटी करने जा रहे थे तभी एम्बुलेन्स उनको टक्कर मारते हुए निकल गई जिससे उनकी मौत हो गई है। माता जी का पहले ही स्वर्गवास हो चुका था पिता जी थे वह भी नही रहे। उनकी मौत की खबर सुन कर 20 वर्षीय बहन गुड्डी और 18 वर्षीय बहन गुड्डा दोनों की अभी शादी नही उनका रोरोकर हाल बेहाल है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सायं आजाद सायं शाखा का वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया

दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह

जहानाबाद /फतेहपुर बिंदकी तहसील के जहानाबाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सायं काल शाखा का बाल स्वयंसेवकों द्वारा वार्षिक उत्सव विद्यालय विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जहानाबाद में धूमधाम से मनाया गया इस

कार्यक्रम में बाल स्वयंसेवकों द्वारा योगासन सूर्य नमस्कार संता एवं खेल आदि का विशेष प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम से सके उत्साहित बाल स्वयं सैनिकों ने ध्वज मंडल एवं संघ स्थान की साज साज स्वयं कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा स्वयंसेवकों द्वारा देशभक्ति से क्रोध सामूहिक गीत हमको अपने भारत की माटी से अनुपम प्यार है गायक किया गायक ज्ञात हो की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उनकी लगने वाली शाखों में प्रतिवर्ष संघ से जुड़े स्वयंसेवक अपनी शाखों का वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम करते हैं साथ शाखा में कार्यक्रम के अलावा स्वयं सेवकों में आपसी स्नेह प्रेम अनुशासन संस्कार और बौद्धिक क्षमता की गुणवत्ता देखने योग्य फर्द कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत प्रचारक रमेश जी जिला संचालक शैलेंद्र जी जिला प्रचारक आशीष घाटमपुर जिले के और नगर कस्बा के गोविंद जी विद्यालय संचालक विवेक उत्तम जी और जहानाबाद क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, दुर्गा प्रसाद कुशवाहा, निर्मित द्विवेदी,हेमंत श्रीवास्तव, राजा अग्निहोत्री, मुकेश ओमर, विनीत शुक्ला, विवेक उत्तम, शिवम शुक्ला विभाग सेवा प्रमुख सुरेन्द्र जी, विभाग प्रचार प्रमुख गौरव जी, जिला संघ चालक ब्रज नन्दन जी,जिला प्रचारक आशीष जी, जिला कार्यवाह गोपाल जी, जिला व्यवस्था प्रमुख रोहित जी,जिला प्रचार प्रमुख अमित शुक्ला जी,जिला सह सम्पर्क प्रमुख गौरव जी, विहिप जिलाध्यक्ष मनीष सचान जी,विहिप जिला मंत्री राजा अग्निहोत्री जी,जिला उपाध्यक्ष मुकेश जी, जिला सेवा प्रमुख विमल जी,सह संयोजक योगेन्द्र सोनी जी, जिला मठ मन्दिर प्रमुख पूतू पाण्डेय जी,बजरंगी ईशू अवस्थी जी, मातृशक्ति जिला संयोजिका वर्षा जी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका सौम्या जी,सह संयोजिका कोमल जी, खुशी जी सहित जिला समन्वय समिति एवं खण्ड समन्वय समिति के कार्यकर्ता बन्धु सहित अन्य सभी स्वयंसेवक और कार्यकर्ता बंद मौजूद रहे।

लिफ्ट देकर लूट करने वाले तीन लूटेरों को अवैध शस्त्रों के साथ किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह

औंग फतेहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक विद्या सिंह यादव ने हमराह आरक्षियों के साथ छिवली नदी पुल समीप शातिर लूट गैंग को एक कार व एक बाइक सहित अवैध शस्त्रों के साथ तीन लूटेरों को किया गिरफ्तार, एक फरार।

अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 7/8/2023 को आशापुर समीप फतेहपुर जाने के लिए कार सवार लोगों ने एक युवक को लिफ्ट देकर बीच राह लूट करके छोड़ दिया था। पीड़ित कदम सिंह ने औंग थाना पर 14/8/2023 को कार सवार अज्ञात लोगों द्वारा लूट किये जाने से संबंधित तहरीर दिया था। जिस पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। प्रभारी निरीक्षक ने मुखबिर की सूचना पर छिवली नदी पुल समीप एक हाण्डा अमेज कार व एक अपाचे मोटरसाइकिल सहित उसमें बैठे तीन शातिर लूटेरों में शैलेंद्र उर्फ शीलू उर्फ कार्तिक उर्फ शिवम पुत्र राकेश कुमार सोनकर 22 वर्ष व रंजीत कुमार कश्यप पुत्र दिनेश कुमार कश्यप 24 वर्ष निवासीगण कस्बा अमौली थाना चांदपुर, रोहित उर्फ मारूति पुत्र राम स्वरूप प्रजापति 22 वर्ष निवासी शाह थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को एक अवैध देशी तमंचा व दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक चाकू, लूटा हुआ मोबाइल, लूटे हुए रुपयों में 9790 रूपए बरामद किया तथा शातिर लूटेरों द्वारा मोबाइल फोन में फोन पे ऐप से पिन नंबर लेकर 48500 रूपए अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया था। तीनों अभियुक्तों ने वारदात करने के बारे में कबूल किया है तथा गिरोह का एक सदस्य फरार है जिसकी जल्द गिरफ्तारी हो सकती है। यह शातिर लूटेरों का गैंग है जो राह चलते राहगीरों को लिफ्ट देकर कार व बाईक से लूट करते हैं जिनके विरुद्ध पूर्व में भी अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने चोरी व लूट की घटना का अनावरण करते हुए सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही बाद न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

सामुदायिक शौचालयों को लेकर ग्रामीण आक्रोशित

इटवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सुहेलवा का है मामला

भ्रष्टाचार के आगे दम तोड़ती नजर आ रही है स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत मिशन की सपना।

सिद्धार्थनगर। मोदी और योगी सरकार महिलाओं को खुले में शौचालय जाने की पीड़ा को देखकर प्रत्येक ग्राम सभा में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण लाखों रुपए खर्चकर बनवाती है। मगर जिम्मेदारों के भ्रष्टाचार के आगे योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। इटवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सुहेलवा का है जहां पर महिलाए आज भी शौच के लिए खुले में जाने को मजबूर हैं। यहां पर पूर्व प्रधान के कार्यकाल में सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया गया शौचालय बना मगर अपूर्ण है। क्योंकि शौचालय में पानी की टंकी ही नदारद है। वहीं पानी भरने के लिए कोई नल तक नहीं है गांव के लोगों ने कई बार आवाज उठाई मगर नतीजा शून्य ही रहा। आज भी महिलाएं खुले में शौचालय जाने की जलालत झेल रही हैं। मगर इस पर जिम्मेदार कब निगाह करेंगे पता नही, अहम् सवाल यह है कि अपूर्ण शौचालय का पेमेंट कैसे हुआ। किसकी जिम्मेदारी है। सूत्रों के अनुसार लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों को अच्छी तरह से मालूम है कि योगी शासनकाल में लापरवाही उजागर होने पर गाज गिरनी तय हैं। इसके बावजूद भी लापरवाहियों की कानों में जूं तक ना रेंगना जन चर्चा बना हुआ है। सबसे अफसोस की बात यह है कि जब जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इसी तरह से शासन की मंशा के बाद भी लापरवाही करेंगे तो स्वच्छ भारत स्वच्छ भारत मिशन का सपना कैसे साकार हो सकता है। इस सम्बन्ध में जब ग्राम प्रधान सुहेलवा से वार्ता किया गया तो वे बात को घुमाते रहे और सटीक जानकारी देने की बजाय कतराने लगे कुछ समय बाद उन्होंने कहा कि अभी तक ब्लॉक से हमें कोई शौचालय निर्माण का आदेश नहीं हुआ है।

लैब टेक्नीशियन के पद पर हुआ चयन लोगों ने मिठाई खिला कर दिया शुभकामनाएं

दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह

जहानाबाद/फतेहपुर बिंदकी तहसील के अमौली विकासखंड के नसेनिया गांव में शशांक अवस्थी पुत्र श्री रविंद्र अवस्थी का चयन उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के लैब टेक्नीशियन के पद में हो गया है अपने बाबा दादी के साथ माता-पिता परिजनों के साथ अपने गांव का नाम और अपने ब्लॉक का नाम रोशन किया और लोगों ने उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुंह मीठा करा कर लोगों ने आशीर्वाद दिया।

कमरे में सो रहे युवक की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गौशपुर गाँव मे बीती रात घर में सो रहे युवक की सन्दिग्ध अवस्था मे मौत हो गई। सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो घर मे कोहराम मच गया। सन्दिग्ध अवस्था युवक की मौत की सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गौशपुर गांव निवासी स्व. धर्मपाल का 42 वर्षीय पुत्र बलराज बीती रात घर मे सो रहा था। सुबह वह सन्दिग्ध अवस्था मे कमरे में मृत मिला तो शंका होने पर परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रहीं है। वही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई उदय पाल ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पोस्टमार्टम के बाद कार्यवाई करने की बात कही।

संकल्प यात्रा वाहन ने रामपुर नगला गवे में किया प्रचार प्रसार, लाभार्थियो को चाबी सौंपते हुए कराई सपथ ग्रहण

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। एका के गांव रामपुर और नगला गवे में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का वाहन पहुंचा। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेताओं ने सभी लाभार्थियों को आवासों की चाबी एवं आयुष्मान कार्ड सौंपते हुए प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी योजनाओं का उल्लेख किया। एका ब्लॉक प्रमुख ज्योति किरन राजपूत ने बताया कि विकसित भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य कमजोर आबादी तक कल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचाने की सुविधा प्रदान करना है। जिला उपाध्यक्ष राजेश चौहान ने नगला गवे में लाभार्थियों के संबोधन में कहा कि इस सरकार में कोई विचोलिया नहीं है। सभी लाभार्थी को सीधा लाभ पहुंच रहा है हमें मोदी जी के विजन 2047 तक विकसित राष्ट्र की तरफ ले जाना है। इसमें आप सभी का सहयोग अति महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामपुर ग्राम प्रधान सुंदरपाल बघेल नगला गवे ग्राम प्रधान शिव कुमार चौहान ग्राम सचिव विवेकानंद मिश्रा सहायका अंजलि चौहान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसराना अवनीश कुमार गुप्ता, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अमलेन्द्र लोधी यात्रा संयोजक शीलू सविता सहायक विकास अधिकारी कृषि सब ब्लॉक मैनेजर सामंत सिंह लोधी जिला मंत्री टीकम सिंह लोधी मंडल अध्यक्ष दूरवीन सिंह लोधी उपस्थित रहे।

दर्शक दीर्घा में आयुष्मान भारत-पीएमजेएवाई, पीएम गरीब कल्याण, पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जन धन योजना के लाभार्थियों के साथ आशा आंगनबाड़ी स्वयं सहायता समूह के महिलाएं ग्राम सभा के सभी सदस्य गण के सहित सभी संभ्रांत महिला पुरुष उपस्थित रहे।

तमिल मेहमानों का दूसरा दल 'यमुना' पहुंचा काशी, ढोल-नगाड़ों की थाप और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी। काशी-तमिल संगमम में शामिल होने के लिए तमिल मेहमानों का दूसरा दल 'यमुना' मंगलवार को वाराणसी पहुंचा। यहां स्टेशन पर राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने उनका अभिवादन किया। वहीं ढोल-नगाड़े की थाप और पुष्प वर्षा कर मेहमानों का भव्य स्वागत किया गया। दूसरे दल में शिक्षक शामिल हैं।

तमिल मेहमानों के दूसरे दल में शामिल डेलीगेट्स को धर्म, संस्कृति, सभ्यता और इतिहास के बारे में बताया जाएगा। बीएचयू की ओर से 20 दिसंबर को नमो घाट पर एकेडमिक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें बीएचयू के प्रोफेसरों के साथ ही दक्षिण भारतीय विद्वान भी शामिल होंगे, जो डेलीगेट्स के साथ विभिन्न

विषयों पर चर्चा करेंगे। उन्हें यहां के इतिहास व सभ्यता से परिचित कराएंगे।

काशी के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का करेंगे भ्रमण

काशी पहुंचे तमिल मेहमानों का दल यहां श्री काशी विश्वनाथ धाम, संकचमोचन मंदिर, काशी कोतवाल कालभैरव का दर्शन करेगा। वहीं सारनाथ, हनुमान घाट के साथ ही विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती भी देखेगा। डेलीगेट्स काशी भ्रमण के बाद प्रयागराज और अयोध्या का भ्रमण करेंगे। मेहमानों के पहले दल में छात्र आए थे।

दो अलग अलग मामलों में धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी शिवपुर अपर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर शिवपुर पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है,राजकुमार सिंह गौतम पुत्र रणविजय सिंह निवासी जयनगर कालोनी गिलट बाजार ने होटल कर व्यापार करने के लिए अशोक अग्रवाल पुत्र महावीर प्रसाद निवासी चंदुवा छित्तूपुर थाना सिगरा वाराणसी को एक करोड़ सत्तर लाख रुपया भदौनी में जमीन क्रय करने के लिए आलोक कुमार सिंह पुत्र तेज बहादुर सिंह निवासी चक्रपानपुर थाना मिजार्मुराद वाराणसी को दिए और जमीन भी नही दी गई और बिना सूचना के ही सट्टा को कैंसिल कराकर दूसरे व्यक्ति को बेच दिया गया जिसकी जानकारी होने पर राजकुमार सिंह गौतम की शिकायत पर अशोक कुमार अग्रवाल और आलोक कुमार सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत शिवपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है वही दूसरी तरफ स्भाजित पाण्डेय पुत्र स्व0 उदित पांडेय निवासी तरना बाजार थाना शिवपुर वाराणसी ने मकान बनाने के लिए जमीन खोज रहे थे की राजू उपाध्याय ने बताया की बड़ागांव थानाक्षेत्र के हरहुवा डीह के रहने वाले अनिल कुमार पाण्डेय पुत्र मकसूदन पाण्डेय अपनी जमीन बेच रहे है जिसके बाद जमीन लेने के लिए अनिल कुमार पाण्डेय के खाते में सभाजीत पाण्डेय ने पैंतीस लाख रुपया भेज दिया जिसके बाद अनिल कुमार पाण्डेय ने पैसा ले लेने के बाद अपनी जमीन दूसरे को रजिस्ट्री कर दी और पैसा मागने पर मात्र चार लाख पचास हजार रुपया वापस किए शेष पैसा देने से इंकार कर दिए जिसके बाद लिखित शिकायत पर शिवपुर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पडताल कर रही है

यातायात नियमों का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

चंदौली जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयो के प्रधानाचार्य प्रधानाध्यापको की बैठक सम्पन्न हुई ।बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया की जनपद के समस्त विद्यालयो में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया है जिसके द्वारा विद्यालयो में प्रर्थना सभा में सभी बच्चों को रोड सुरक्षा से सम्बन्धित जागरूकता सपथ दिलाई गयी एवं रैली का आयोजन कर जनमानस में सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । साथ ही विद्यालयो में विभाग के दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक दिवस की गतिविधियो का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिया कि समस्त विद्यालयो के वाहन फिटनेस की जॉच एवं चालक का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण योजनाबद्व कराये तथा सभी व्यवसायिक वाहनो का फिटनेस की जॉच कराया जाय विना पंजिकृत वाहनो का चेकिग कराकर नियमानुसार कार्यवाही किया जाय,ओवर लोंडिग/गलत नम्बर प्लेट विना एचएसआरपी लगे वाहन,सडक के किनारे खडे अवैध वाहनो एवं रेट्रोरिफलेक्टिव टेप की चेंकिग किया तथा लेन ड्राईबिंग के बारे में चालको का जागरूक किया जाना तथा वीन चालको को रात्रि मे हेड लाइट के हाई बिम/लो बिम के प्रयोग के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय।

बैठक में जनपद के पुलिस अधीक्षक चन्दौली, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग चन्दौली के साथ-साथ जनपद के समस्त विद्यालयो के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक उपस्थित रहें।

बलिया में 33 अधिकारियों और लेखपालों के खिलाफ मुकदमा का आदेश, विभाग में मची खलबली

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

कागजातों के रख-रखाव, अमल दरामद में गड़बड़ी करना चकबंदी विभाग को महंगा पड़ गया है। प्रदेश सरकार ने इसे भ्रष्टाचार मानते हुए चकबंदी विभाग के 33 अधिकारियों व कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। इनमें 11 चकबंदी अधिकारी और 9 चकबंदी लेखपाल आरोपी हैं। एक शिकायत की जांच के बाद चकबंदी आयुक्त ने डीएम व जिला उप संचालक चकबंदी को कार्रवाई का निर्देश दिया है। इसकी जानकारी के बाद से विभाग में खलबली मची हुई है। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त के साथ ही दोकटी थाना क्षेत्र के दलनछपरा निवासी सुशील पांडेय ने चकबंदी आयुक्त को शिकायती पत्र दिया था। इसकी जांच को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मुख्यालय मातादीन मौर्य व चकबंदी अधिकारी मुख्यालय अखिलेश कुमार की दो सदस्यीय टीम गठित किया गया। शिकायत में दलनछपरा गांव में कूटरचित आदेशों के माध्यम से अनियमितता तथा एक जमीन को मतरुक दिखाकर नवीन परती में करते हुए चकबंदी अधिकारी के फर्जी आदेश किसी अन्य का नाम अंकित करने की बात कही गयी थी। जांच में पता चला कि दलनछपरा 1987 में चकबंदी क्रियाओं में आया और 1999 में कब्जा परिवर्तन की कार्रवाई की गई। चक निगरानियों की सुनवाई भी 2000 में पूरी हो गयी। आदेश में कहा गयाा है कि अंतिम अधिकार अभिलेख बनाने में विधिक बाधा नहीं होने के बावजूद 2000 से 2023 तक करीब 23 साल का समय बीत जाने के बाद भी धारा 52 की कार्रवाई नहीं करना आपत्तिजनक है। इसके लिए सभी अधिकारी व लेखपाल दोषी हैं। इस बावत अपर निदेशक चकबंदी तरूण कुमार मिश्र ने बताया कि चकबंदी आयुक्त के आदेश पर मुकदमा दर्ज करने के लिए पत्र जारी किया गया है। 11 चकबंदी अधिकारी, नौ चकबंदी लेखपाल आरोपी जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश हुआ है उनमें तत्कालीन 11 चकबंदी अधिकारी ओंकार नाथ, अवधेश कुमार, राजेश कुमार, कमलेश शर्मा, बरमेश्वर उपाध्याय, अमरेश चंद, विनय श्रीवास्तव, उमाशंकर, प्रभात कुमार पांडेय, शिवशंकर प्रसाद सिंह व वर्तमान में तैनात उमाशंकर शामिल हैं। इनके अलावा बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राधेश्याम सिंह, दयानंद सिंह चौहान, धनराज यादव व अनिल कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी पुल्ली राम, हरिशंकर यादव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव तथा वर्तमान में तैनात जयदेव, चकबंदीकर्ता जुगेश लाल, संतराम, राजेश कुमार व केदारनाथ सिंह तथा चकबंदी लेखपाल राजेश पुत्र रामनिहोरा, राजेश पुत्र रामनाथ, शशिकांत, सुरेंद्र चौहान, अनिल गुप्ता, आयुष सिंह, लल्लन यादव, अवितेश उपाध्याय व कन्हैया लाल शामिल हैं।

चारों परिवारवालों को नशीला पदार्थ सुंघाकर दो मकानों से 17 लाख की नगदी सहित उड़ा ले गए जेवरात

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी रोहनिया- स्थानीय थाना क्षेत्र के नरउर गांव के दो मकानों में सो रहे परिवारों को नशीला पदार्थ सुंघाकर चोरों ने कमरों को विधिवत खंगाला और करीब 17 लाख के नकदी और गहने ले उड़े। घटनाओं की सूचना पर डाग स्क्वायड, फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ पहुंचे। जांच की औपचारिकता के बाद पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान का प्रयास कर रही हैं। जानकारी के अनुसार नरउर में स्व. देव कुमार सिंह को दो मंजिला मकान है। उनके बेटे अनूप सिंह का भी निधन हो चुका है। परिवार में सास कुंडल सिंह और बहू आरती सिंह के अलावा आरती का एक बेटा एक बेटी है। साथ ही बड़े भाई के बेटे बहु व एक पुत्र प्रथम तल पर सभी कमरों में सोये थे। देर रात चोर मकान की चहारदीवारी फांदकर घर में पहुंचे। शटर को चांड़कर दूसरी मंजिल के दरवाजे तक पहुंचे। यहां दरवाजे की कुंडी काटकर चोर कमरों तक पहुंच गये। चोरों ने चार कमरों को विधिवत खंगाला। आरती सिंह के अनुसार चोर सोने का हार, दो वजनी मंगलसूत्र, दो चेन, 15 जोड़ी कान की बाली और टप्स, बच्चे की दो चेन, पांच जोड़ी बिछुआ और 30 हजार रुपए चोर ले गये हैं। करीब 15 लाख से अधिक का माल चोर ले गये हैं। कमरों के शटर, दरवाजे तोड़े गये, लेकिन परिवारवालों को भनक तक नही लग सकी। सुबह नीद खुली तो घटना की जानकारी हुई। परिवार का कहना है कि घर में जरा सी आहट पर उनकी नींद खुल जाती है। सुबह उठने पर उन्हें लगा कि उन्हें नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया गया था। इसके बाद चोर बगल के रामजनम सिंह के 15 कमरों के दो मंजिले मकान के पीछे सीवान से चहारदीवारी फांदकर घुसे। इसके बाद चोरों ने दूसरी मंजिल के कमरों को खंगाला। घर के दूसरे कमरों में रामजनम सिंह के बेटे आलोक कुमार सिंह, पत्नी मंजू उर्फ सीता देवी प्रथम तल पर और देवर संतोष द्वितीय तल पर सोये थे। यहां भी चोरों ने मंजू देवी के कमरे को खंगाला। चोर यहां से सोने के तीन मंगलसूत्र, तीन जोड़ी पायल, बिछिया, पांच हजार रुपए समेत करीब दो लाख के सामान लेते गये। मौके पर पहुंचा डाग स्क्वायड मकानों के पीछे सीवान में पानी से भरे गड्ढे के पास जाकर रूक गई। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि रोहनिया क्षेत्र में आयेदिन चोरियां हो रही हैं। पुलिस किसी का खुलासा नही कर सकी है। पुलिस गश्त नही होती। चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत है। आसपास हो रही चोरियों के डर से कई परिवार रात में ठीक से सो नही पा रहे हैं।

ताबड़तोड़ हो रही चोरियां, आधा-अधूरा खुलासा

साथ ही दूसरी और अखरी चौकी अन्तर्गत अमरा में एक ही परिवार के परिजन को बंधक बनाकर डकैती किये थे, उसका भी रोहनिया पुलिस ने आज तक खुलासा नही कर सका कड़के की ठंड में शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ चोरियां हो रही हैं और पुलिस दो-चार मामलों के आधा-अधूरा खुलासे के अलावा कुछ नही कर सकी है। रोहनिया क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं हो चुकीं। बड़ी चोरियों का खुलासा न हो पाने से छोटी चोरियों की लोग रिपोर्ट दर्ज कराने नही जाते। अकेले शिवपुर थाना क्षेत्र में डेढ़ माह में 13 बड़ी चोरी की घटनाएं हो गईं। महज दो का आधा-अधूरा खुलासा हो सका।

मारपीट का मुकदमा दर्ज पानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट मुकदमा दर्ज

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

वाराणसी शिवपुर थानाक्षेत्र के मीरापुर बसही निवासिनी अंजू यादव पत्नी नगीना यादव ने शिवपुर पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए शिकायत दर्ज करवाई की मैं सुबह घर के सामने बैठकर अपने गाय की देखभाल कर रही थी की एकाएक पुरानी रंजिश को लेकर श्याम बहादुर यादव उर्फ कल्लू पुत्र चम्मन यादव अपने साथ अपने बेटे दीपू यादव और पंकज यादव पुत्र रमेश सिंह और सुरेश यादव पुत्र रम्मन यादव निवासी मीरापुर बसही थाना शिवपुर वाराणसी एकराय होकर मां बहन की गाली देते हुए मारपीट करके लहुलुहान कर दिए और धमकी दिए की पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई तो जान से खत्म कर देंगे,लहुलुहान स्थिति में देख प्रभारी निरीक्षक शिवपुर रविशंकर त्रिपाठी ने पीड़ित महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए मेडिकल मुआयना कराते हुए आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस के साथ दविश दिए लेकिन सभी आरोपी घर छोड़ मौके से फरार हो गए थे

'श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन' से हुई दूसरे सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तंजावूर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित काशी तमिल संगमम के द्वितीय संस्करण का द्वितीय चरण नमोघाट स्थित मुक्ताकाशी प्रांगण में सम्पन्न हुआ जिसमे तमिलनाडु एवं काशी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगो को विभोर किया। द्वितीय दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत तुलसीदास के भजन 'श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन' से हुई। नमो घाट पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संगीत एवं मंच कला संकाय की प्रोफेसर संगीता पंडित एवं उनके दल ने अपने स्वरों से गंगा किनारे पूरे माहौल को राम मय कर दिया। संगत में दो साथी तबले की थाप और हारमोनियम के साथ सुर में सुर मिला रहे थे। तुलसीदासे के पदों को लयबद्धे रूप में सुन कन्याकुमारी से आऐ डेलीगेट्स भी चकित हो उठे। इसके बाद प्रोफेसर संगीता पंडित और उनकी टीम ने पंडित हरिराम चतुवेर्दी की रचना 'लहर-लहर लहराए, गंगा तोरी अमृत धारा' गाकरे दर्शकों का ध्यान मंच और गंगा की लहरों की ओर खींचा। अपनी प्रस्तुति का अंत कजरी से किया। जिसे सुन लोग पवेयिलन पर ही बैठे-बैठे नाचने लगे। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित एक मनमोहक कजरी भी सुनाई। जिसमें उनकी योजनाओं का बखान था। सागरो दुनिया में डंका बजेला जेनकर मोदी हमार हो ना, अईसन काशी के सांसद कमाल हौ मोदी जी बेमिसाल हो ना। तबले पर डॉ. अभिनव नारायण आचार्य, पंकज राय, हरमोनियम डॉ इंद्रदेव चौधरी और गायकों में अर्पिता भट्टाचार्य, निबेदिता श्याम, कुमारी अल्का थीं।

तमिलनाडु की जनजातीय नृत्य ने किया मोहित

तमिलनाडु से आए कलाकारे बी.पुष्पकुमारे और उनकी टीम ने कोथ जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति देकर काशी के लोगों को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद सुद्धांथिरामली और टीम ने टोडा नृत्य पर प्रस्तुत दी। काशी के आनंद कुमार मिश्रा एंड टीम ने वाद्य यत्रों की प्रस्तुति देकर डेलीगेट्से और आम लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। पी. सुंदरेशन कृष्णांजलि ने भरतनाट्यम, दिव्या श्रीवास्तव एंडे टीम ने लोक नृत्य, जे. विजयकुमारे और उनकी टीम ने जिक्कट्टम, एन जीवा राव ने डमी घोड़ा, मोर, बैल, टी विनोद भाराथी ने थपट्टम, एम चेल्लादुरई ने सिवान पार्वती कलियाट्टमे पर प्रस्तुति दी। इस दौरान पूरे 2 घंटे तक आम दर्शकों और डेलीगेट्से ने लुत्फ उठाया। बीच-बीच में माहौल काफी आध्यात्मिक भी होता रहा।

बीपीएससी अध्यापक भर्ती परीक्षा 2.0 में वैकल्पिक भाषा में उर्दू चयनित किए हुए अभ्यर्थियों से प्रश्न के रूप में हिंदी प्रश्न क्यों पूछा गया !

पटना।
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने बिहार सरकार शिक्षा विभाग एवं बिहार लोकसेवा आयोग से पूछा है कि बीपीएससी अध्यापक भर्ती परीक्षा 2.0 सिलेबस के अनुसार प्रश्न क्यों नहीं परीक्षार्थियों से पूछा गया है ? गौरतलब हो कि बिहार लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित 08, 09 और 10 दिसंबर 2023 को वैकल्पिक भाषा के रूप में उर्दू चयनित किए हुए अभ्यर्थियों से प्रश्न के रूप में हिंदी प्रश्न पूछा गया। परीक्षार्थी अन्य विषय हिंदी जो उन्होंने परीक्षा फॉर्म भरते समय विकल्प के रुप में नहीं चुना था तो अचानक सिलेबस से उलट भाषा हिंदी का प्रश्न देखर अभ्यर्थी हैरान परेशान हो गए और उन्हें मजबूरन हिंदी भाषा का प्रश्न कठिनाई पूर्वक आंसुओं के

साथ हल करना पड़ा और वे अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित हो गए। कुछ तो मदरसा से पढ़े अभ्यर्थी भी हैं,जिन्होंने ने वैकल्पिक भाषा के रूप में उर्दू भाषा का चयन किया था उनका क्या होगा ?

श्री आलम ने कहा की उर्दू बिहार की राजभाषा है और उर्दू अदब उर्दू आबादी का हकमारी इससे पूरे बिहार का उर्दू से ताल्लुक रखने वाले विद्यार्थी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

इन्होंने कहा कि बिहार सरकार शिक्षा विभाग और बिहार लोकसेवा आयोग को जल्द से जल्द निराकरण करें और वैकल्पिक भाषा रूप से उर्दू चयन करने वाले परीक्षार्थी अगर हिंदी के प्रश्न से क्वालीफाई नहीं करते हैं तो उन्हें 09 अंक देते हुए क्वालीफाई कर दें। अंग्रेजी भाषा में अंक लाने की बाध्यता समाप्त कर पार्ट 01 में से 09 अंक लाने पर भाषा में उत्तीर्ण घोषित करें।

श्री आलम ने बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी से भी अनुरोध किया हैं कि शीघ्र ही इन पीड़ित परीक्षार्थियों का समस्या का समाधान हो।

अध्यक्ष पद के लिए होगी सीधी लड़ाई, अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के वार्षिक चुनाव में मंगलवार को अध्यक्ष, महामंत्री समेत सभी पदों पर नामांकन हुये। लेकिन सीधी लड़ाई अध्यक्ष पद के लिए होगी। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय है।चुनाव अधिकारी बच्चालाल यादव व मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए उदयनाथ भारती, महामंत्री के लिए चन्द्रभान सिंह, कनिष्क उपाध्यक्ष (10 वर्ष से अधिक) के लिए नवीन कुमार सिंह , कनिष्क उपाध्यक्ष (10 वर्ष से कम) के लिए बिंदु प्रसाद सोनकर , सहायक सचिव प्रशासन राकेश कुमार मिश्रा व आशीष दुबे, पुस्तकालय सचिव के लिए सुधीर कुमार राय, ऑडिटर के लिए श्याम शंकर सिंह के अलावा प्रबंध समिति के लिए कुल 11 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।चुनाव अधिकारी जटाशंकर मिश्रा व लालबहादुर ने बताया नाम वापसी व जांच के बाद सहायक सचिव प्रशासन पद के लिए आशीष कुमार दुबे द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब सभी पदों पर एक -एक ही नामांकन हुए और सभी बैध पाए गए। केवल अध्यक्ष पद पर आमने सामने की लड़ाई होगी। क्योंकि सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए कृपाशंकर पटेल ने पर्चा दाखिल किया था। मतदान 29 दिसम्बर व 30 दिसम्बर मतगणना होगी।

गोवंश बरामद के साथ दो पशु तस्कर मय एक अदद नाजायज चापड़ के साथ गिरफ्तार

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

क्षेत्राधिकारी सकलडीहा राजेश कुमार राय के गहन पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व उपनिरीक्षक अभिषेक शुक्ला व हेड कांस्टेबल संजय सिंह कांस्टेबल पवन कुमार के साथ रोकथाम एवं गौ-तस्करी के विरुद्ध अंकुश लगाये जाने के अभियान के क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि एक मैजिक माल वाहन वढ65 छळ 9982 में गौतस्कर क्रूरतापूर्वक 03 राशि गोवंशो को लाद कर वध हेतु सैदपुर चहनियां के रास्ते होते बिहार ले जा रहे है। इस सूचना पर मजिदहा बाजार से दो नफर अभियुक्तगण 1.आशुतोष सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी सर्वानन्दपुर थाना बलुआ जनपद चन्दौली 2.आजाद शाह पुत्र अरमान शाह निवासी केवा थाना चैनपुर जिला कैमूर (भभुआ) बिहार को गिरफ्तार किया गया तथा वाहन उपरोक्त को चेक किया गया तो 03 राशि गोवंश जो कि क्रूरता पूर्वक बाँधे गये थे बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 263/2023 धारा 3/5अ/5इ/8 गो0वध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रू0 नि0 अधि0 व 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

32 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (कुल 288 ली0) के साथ एक अंतर्राज्यीय शराब तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

क्षेत्राधिकारी सकलडीहा राजेश कुमार राय के गहन पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शराब की तस्करी/परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु अभियान के क्रम में सूचना प्राप्त हुई की एक लक्जरी फार्च्यूनर वाहन में हरियाणा से हाईवे ठल्2 से बिहार ले जायी जा रही है, जिसे निरीक्षक हरिनारायण पटेल मय स्वाट/सर्विलांस टीम के पीछा कर रहे है कि उक्त शराब तस्कर सकलडीहा की तरफ भागने लगा जिसे कोतवाली सकलडीहा एवं स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा भोजापुर नहर पुलिया के पास घेराबन्दी कर उक्त फार्च्यूनर वाहन को रोककर अभियुक्त पंकज महतो पुत्र स्व0 उमेश महतो निवासी ग्राम हजपुरवां थाना रुनी सैदपुर जनपद सितामढ़ी बिहार को समय 14.00 बजे पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 32 पेटी अवैध विभिन्न ब्रान्ड की अंग्रेजी शराब (कुल 288 लीटर अनुमानित कीमत आठ लाख रुपये) बरामद हुई। गिरफ्तारी एंव बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-194/2023 धारा 419/420/467/468/471 भादवि व 60/63 उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम बनाम पंकज महतो पुत्र स्व0 उमेश महतो निवासी ग्राम हजपुरवां थाना रुनी सैदपुर जनपद सितामढ़ी बिहार पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

क्षेत्राधिकारी दुद्धी के नेतृत्व में बार्डर के थाना विण्ढमगंज क्षेत्र के जंगलो में जोनल क्यू0आर0टी0 टीम के साथ की गयी सघन काम्बिंग

समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो

झारखण्ड के जनपद गढ़वा में हुयी नक्सली घटना के मद्देनजर एवं जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी दुद्धी प्रदीप सिंह चन्देल के नेतृत्व में जोनल क्यू0आर0टी0 टीम व थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा मय फोर्स थाना क्षेत्र के पहाड़ी/जंगलों में मय पीएसी बल सघन कॉम्बिंग की गयी ।काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया ।

जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में गिरावट

सरकार की आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) की नीति है। सरकार का दृष्टिकोण आतंकी परिवेश (इको-सिस्टम) को नष्ट करना है। जम्मू-कश्मीर में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ किया जा रहा है। इस संबंध में अपनाई गई रणनीतियों और की गई कार्रवाइयों में रणनीतिक बिंदुओं पर चौबीसों घंटे नाका लगाना, स्थिर गार्ड के रूप में समूह सुरक्षा, आतंकवादी संगठनों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए गहन घेरा और खोज अभियान (कार्डोन एंड सर्च ऑपरेशन -सीएएसओ), जम्मू-कश्मीर में सक्रिय सभी सुरक्षा बलों के बीच वास्तविक समय के आधार पर खुफिया जानकारी साझा करना शामिल है अन्य रणनीतियों में दिन और रात क्षेत्र पर प्रभुत्व, उचित तैनाती के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था, निवारक संचालन में आतंकवाद के रणनीतिक समर्थकों की पहचान करना और आतंकवाद को सहायता और बढ़ावा देने के उनके तंत्र को उजागर करने के लिए जांच शुरू करना, आतंकवादियों या उनके आकाओं की साजिश को हराने के लिए मुद्दे और उपायों की शुरूआत के बारे में जमीनी स्तर पर मौजूद लोग नागरिकों पर आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए संवेदनशील स्थानों की पहचान करना और आतंकवादियों या उनके आकाओं की साजिश को हराने के लिए मुद्दे और उपायों की शुरूआत के बारे में जमीनी स्तर पर मौजूद लोगों को संवेदनशील बनाना शामिल है।

पैतालिस दिनों में पूर्ण करायें म्यूटेशन की कार्यवाही, अन्यथा होगी कार्यवाही

मा0 महापौर श्री अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज कार्यकारिणी की बैठक की गयी। बैठक में कार्यकारिणी की पिछली बैठक की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी। मा0 महापौर जी के द्वारा सीमा विस्तारित क्षेत्रों में सरकारी जमीनों, तालाबों, कुण्डो के चिन्हांकन के बारे में जानकारी चाही गयी। अपर नगर आयुक्त श्री राजीव कुमार राय ने बताया कि सीमा विस्तारित क्षेत्रों में भूमियों के चिन्हांकन की कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 212 भूमियों का चिन्हांकन कर लिया गया है, जिसमें गढ़ही, तालाब, बंजर भूमि एवं सरकारी जमीन है, अपर नगर आयुक्त के द्वारा बताया गया कि लेखपालों की कमी के कारण कार्य तेज गति से नही हो पा रहा है, जिला प्रशासन से अतिरिक्त लेखपालों की मांग की गयी है, लेखपालों के आते ही कार्य तेज गति से कराकर पूर्ण कर लिया जायेगा। मा0 महापौर जी ने निर्देशित किया कि अभियान चलाकर आगामी एक माह में प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण करायें, साथ ही सामान्य विभाग का एक टीम साथ में चलेगा, जिससे मौके पर ही भूमियों का चिन्हांकन कर उसका डिमार्केशन करते हुये बोर्ड लगा दिया जाय।

कार्यकारिणी सदस्य श्री मदन मोहन दूबे के द्वारा प्रस्ताव उठाया गया कि म्यूटेशन की कार्यवाही में जोन स्तर से विलम्ब किया जाता है, भवन स्वामियों को अनावश्यक दौड़ाया जाता है, जबकि जनहित गारंटी के अन्तर्गत म्यूटेशन का कार्य 45 दिन में पूर्ण होना चाहिये। इस सम्बन्ध में मा0 महापौर ने नगर आयुक्त श्री अक्षत वर्मा को निर्देशित किया कि इस सम्बन्ध में सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया जाय कि 45 दिवस में म्यूटेशन की कार्यवाही पूर्ण करायें, तथा सभी विलम्बित पत्रावलियों का निस्तारण करायें, साथ ही प्रत्येक माह की गयी म्यूटेशन की प्रगति से अवगत भी करायें।

मा0 महापौर जी के द्वारा नगर में सड़क/ गलियों के निर्माण के बारे में जानकारी चाही गयी। मुख्य अभियन्ता श्री मोइनुद्दीन के द्वारा बताया गया कि कई कार्य प्रारम्भ हो गये हैं तथा कुछ निविदा की कार्यवाही में है।

मा0 महापौर जी के द्वारा निर्देशित किया गया कि जनहित में सभी कार्यो की निविदायें अतिअल्पकालिक किया जाय, जिससे निविदा की कार्यवाही में विलम्ब न हो तथा सभी कार्यो को 31 दिसम्बर, तक प्रारम्भ करायें। मा0 महापौर जी ने नगर निगम भवन में लगे लिफ्ट जो काफी दिनों से खराब हैं को तत्काल ठीक कराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0) को निर्देशित किया गया। मा0 महापौर ने अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0) को निर्देशित किया गया कि हृदय योजना के अन्तर्गत लगी सभी हेरिटेज लाइटों का सर्वेक्षण तत्काल कराकर मरम्मत करायें, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बची जा सके।

उपसभापति सुरेश चैरसिया के द्वारा दिनांक-26.10.2023 ए को आहूत कार्यकारिणी की बैठक में उल्लेखित विन्दुओं के पुष्टि का प्रसताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

कार्यकारिणी की बैठक में सदस्य अक्षयवर सिंह ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सीवर जाम व दूषित पेयजल की आपूर्ति की मुद्दा उठाया गया, जिस पर महापौर जी ने महाप्रबन्धक, जलकल विजय नारायण मौर्य को निर्देशित किया गया कि विधानसभावार सभी मा0 पार्षदों के साथ बैठक कर उनके क्षेत्र की समस्याओं को नोट करें, तथा उसे निस्तारित करायें, साथ ही जलकल के सभी अवर अभियन्ताओं को प्रतिदिन जोनल कार्यालयों पर बैठने हेतु निर्देशित करें, जिससे त्वरित गति से आई0जी0आर0एस0 एवं सम्भव जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण हो सके।उक्त के अतिरिक्त कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया कि गंगा नदी के घाटों पर आये दिन विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, परन्तु उनके द्वारा नगर निगम से अनुमति प्राप्त नही की जाती है।

अतः घाटों के सम्बन्ध में उपविधि तैयार किये जाने हेतु महापौर जी के द्वारा निर्देशित किया गया, उक्त के साथ ही भवनों के म्यूटेशन की उपविधि भी तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

नगर निगम प्रशासन की ओर से प्रस्तुत प्रस्तावः-

1. मेहता हास्पिटल के पास आराजी संख्या-57, 1633.81 वर्गमीटर की भूमि श्रीवारी केमिकल फैक्टरी को लीज पर दिये जाने हेतु।
2. आराजी संख्या 33/20 व 33/21 बिरला हास्पिटल की भूमि को पट्टे पर दिये जाने का प्रस्ताव।
3. नगर निगम की दुकानों का वरासतन व सिकमी किरायेदारी लागू करने का प्रस्ताव।

उपरोक्त प्रस्तावों पर कार्यकारिणी समिति ने आगामी बैठक में निर्णय लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष व महापौर अशोक तिवारी ने कार्यकारिणी की अगली बैठक दिनांक-27 दिसम्बर, 2023 को बारह बजे आहूत की गयी है।

शहर में फल-फूल रहा था देह व्यापार, मौके से चार जोड़े गिरफ्तार

ब्यूरो समाज जागरण अयोध्या।

जनपद अयोध्या शहर के सरस्वती पुरम् कालोनी से अनैतिक देह व्यापार में संलिप्त चार महिलाओं तथा 4 पुरूषों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कौशलपुरी कालोनी की रहने वाली एक 63 वर्षीय महिला भी शामिल है। जो पूर्व में भी इन्हीं आरोपों में जेल जा चुकी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को डॉयल 112 पर सरस्वती पुरम् कालोनी में अनैतिक देह व्यापार होने के सूचना मिली। जिस पर जांच में सही पाए जाने पर सरस्वती पुरम् कालोनी के एक मकान से 4 महिलाओं तथा चार पुरूषों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में 63 साल की एक महिला भी शामिल है। वह कौशलपुरी कालोनी

फेज टू की रहने वाली है।

ग्राहकों से फोन से सम्पर्क होने के बाद सरस्वती पुरम् स्थित मकान में देह व्यापार होता था। उक्त महिला साल 2020 में अनैतिक देह व्यापार के आरोप में जेल भी जा चुकी है।

सीओ शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मौके से 4 महिला व 4 पुरूषों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। सभी का अनैतिक देह व्यापार अधिनियम की धारा 3/4/5/6/7 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर सभी को जेल भेज दिया गया है।

वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस प्रथम एवं एलो हाउस को द्वितीय स्थान

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक क्षेत्र के हार्टमन इंटर कालेज हार्टमन पुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हर्ष राय डायरेक्टर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर एवं पल्ली पुरोहित फादर प्रकाश तिग्गा, प्रधानाचार्य उदय कुमार,फादर आरोक्या के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। विद्यालय की छात्राओं के द्वारा सभी अतिथियों का बुके एवं बैज लगा कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर प्रदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक फादर डेविड प्रबन्धक हार्टमन इंटर कालेज हार्टमन पुर थे।सभी अतिथियों का स्वागत राजेश कुशवाहा, वीरेन्द्र यादव एवं शुभनरायण यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद भारती,मुंसफ अली राजू, अनन्या एवं खुशी गुप्ता के द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में संतोष वर्मा, मनोज कुमार, आशीष सिंह, श्रीराम एवं अजीत कुमार

ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुड्डन चौबे, स्वर्ण लता, सिस्टर पूनम, सिस्टर हेलेन, गीता,पुर्णमासी एवं मीरा वर्मा ने योगदान किया। छात्र छात्राओं के द्वारा प्रार्थना नृत्य, पंजाबी नृत्य, नृत्य बम बम बोले,लेजिम नृत्य, नृत्य जिस देश में गंगा का बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति करण किया गया। प्रतियोगिता में दौड़, मेंढक दौड़, गुब्बारा दौड़, डम्बल पी टी,बोरा दौड़, रस्साकसी, सीनियर बालक, सीनियर बालिका,का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस प्रथम एवं एलो हाउस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।सभी खेल कूद व्यायाम शिक्षक दिनेश पाठक की देख देख में सम्पन्न किया गया।दोनों हाउस के कैप्टन को विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर पी के सिंह के द्वारा सिल्ड प्रदान किया गया।

।सभी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य उदय कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान से किया गया।

कार्यक्रम में फादर आरोक्या, वरिष्ठ पत्रकार बिकास राय अध्यक्ष अभिभावक संघ हार्टमन इंटर कालेज,दिवाकर पाण्डेय,निर्मल,निठाली, ओमप्रकाश,विशाल,जय प्रकाश,पिंटू समेत सभी छात्र छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

शहीद अखिलेश राय को श्रद्धांजलि अर्पित करने शेरपुर पहुंचे डॉ0सानन्द सिंह

परिजनों से की मुलाकात, बच्चों की शिक्षा के लिए बढ़ाया हाथ

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर -छत्तीसगढ़ में अपने कर्तव्य का पालन करते शहीद हुए जनपद गाजीपुर के शेरपुर निवासी बीएसएफ जवान शहीद अखिलेश कुमार राय के आवास पर पहुंच कर प्रोफेसर डाक्टर सानंद सिंह प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर नेउनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिवार जन से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस गाजीपुर के अंतर्गत चल रही शिक्षा व्यवस्था में अमर शहीद अखिलेश कुमार राय जी के बच्चों की शिक्षा के प्रबंधन के लिए उनके भाई अंजलेश राय को आमंत्रित किया और अपनी वचनबद्धता दिया कि आपके बच्चों की निशुल्क पढ़ाई सत्यदेव कॉलेज

गाजीपुर में होगी।

डाक्टर सानंद सिंह ने कहा की सत्यदेव कॉलेज गाजीपुर अपनी स्थापना काल ,से ही गरीबों और अमर शहीद के बच्चों की शिक्षा के लिए, अपनी शिक्षा व्यवस्था में निशुल्क शिक्षा का सदैव से प्रबंधन करता रहा है । सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस गाजीपुर के प्रबंध निदेशक डॉक्टर सानंद सिंह ने कहा की अमर शहीद के परिवार से मुलाकात करके उनके पारिवारिक जनों को सांत्वना दिया और कहा की शासन प्रशासन के साथ साथ सत्यदेव ग्रुप्स भी आपके साथ सदैव खड़ा है। उन्होंने शहीद अखिलेश राय के बेटे बेटियों के शिक्षा के लिए प्रबंध करने का भरोसा दिया।

डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर में वार्षिक प्रदर्शनी रविवार को

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के डालिम्स सनबीम

स्कूल गांधीनगर में वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन 24 दिसम्बर रविवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे के मध्य किया जाएगा। प्रदर्शनी के लिए सभी छात्र छात्राएं अपने अध्यापकों की देख रेख में तैयारी में लगी है।डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर के डायरेक्टर हर्ष राय एवं प्रिंसिपल डाक्टर प्रेरणा राय ने सभी अभिभावकों को इस अवसर पर सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने सभी अभिभावकों से निवेदन किया है कि उक्त अवसर पर आप सभी समयानुसार स्कूल में पधार कर

भारतीय संविधान हम सभी के जीवन शैली का है आधार : नीरा आर्या

जीवीएस के लोगों ने महिलाओं को किया जागरूक

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

केराकत, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के महुली गांव में स्थित पंचायत भवन पर मंगलवार की सुबह ग्रामीण विकास संस्थान ने महिलाओं के साथ संवाद कर उन्हें जागरूक किया। मौजूद महिलाओं को सम्बोधित करते हुए सौहार्द फेलो मंच के नीरा आर्या ने बताया कि भारतीय संविधान हम सभी के जीवन का मार्गदर्शक है। ग्रामीण विकास संस्थान बहुत ही लाभकारी संगठन है जो नागरिकों को एक समान स्वतंत्र न्यायपूर्ण और सम्मानजनक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न क्षमता निर्माण पहलुओं के माध्यम से हम नागरिकों को अपने समुदाय में अधिक सार्थक योगदान देने के लिए संवैधानिक मूल्यों और ढांचे का उपयोग करने

में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने बताया कि विशेषकर महिलाओं व किशोरियों के साथ युवाओं के बीच संवैधानिक मूल्यों को लाने का प्रयास कर किया जाता है। वहीं ग्राम प्रधान सब लाल ने बताया कि हमारे समाज में जितना अधिकार पुरुष का है, उतना ही अधिकार महिलाओं का भी है। हमें महिलाओ के अधिकार का हनन नहीं करना चाहिए। संविधान हम सभी नागरिकों के व्यक्तिगत काम और शिक्षा का अधिकार और सामूहिक रूप से कुछ बुनियादी स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। इस अवसर पर चंद्रभान सिंह, लेखपाल अमरेंद्र सिंह, डाटा आपरेटर प्रदीप सहित भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

दैनिक समाज जागरण मे खबर तथा विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

राजकुमारी देवी का ब्रह्म भोज 22 दिसंबर दिन शुक्रवार को लट्ठूडीह में

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के लट्ठूडीह निवासी स्व0 योगेन्द्र प्रसाद राय की पत्नी श्रीमती राजकुमारी देवी का निधन 11दिसम्बर दिन सोमवार को हो गया।उनका दाह संस्कार वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर सम्पन्न किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र आशीष राय गोलू के द्वारा दी गई।शव यात्रा में नरेन्द्र कुमार राय पूर्व आर टी ओ, अरविन्द राय अवकाश प्राप्त अभियंता,राजेश राय पप्पू प्रबन्धक जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर, हिमांशु राय प्रबन्धक सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधीनगर,हर्ष राय डायरेक्टर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर समेत ढेर सारे लोग शामिल रहे।उनका ब्रह्म भोज कार्यक्रम 22 दिसम्बर दिन शुक्रवार को होगा। श्रीमती राजकुमारी देवी गाजीपुर जनपद के प्रमुख समाजसेवी अरविन्द राय चेयरमैन डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर की चाची हैं। समस्त कार्य क्रम पैतृक गांव लट्ठूडीह से सम्पन्न होगा।

समय से मीटर रीडर के लिए कर्मचारियों को बढ़ाने की मांग

उप खण्ड अधिकारी ने दिया आश्वासन

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

धमापुर, जौनपुर। स्थानीय ब्लाक अंतर्गत फीडर इमलो पावर हाउस पर मीटर रीडर कर्मचारियों की संख्या कम होने से विद्युत कनेक्शन धारकों की सुचारू रूप से काम नहीं हो पा रहा है जिसके चलते क्षेत्रीय जनता में नाराजगी जताई जा रही है। वहीं क्षेत्रीय जनता ने बताया कि मीटर रीडर कर्मचारी घर पर मीटर रीडर न चेक करते हुये पावर हाउस पर बैठकर कनेक्शन धारकों का बिल बनाकर मैसेज कर देते हैं। बिल

ज्यादा देखकर कनेक्शन धारक के पैरों तले जमीन खिसक जाने के बराबर होती है। वहीं अपना बिल कम करने के लिए लोग विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगाना शुरू कर देते हैं। ऐसी स्थिति में नागरिकों ने उप खंड अधिकारी संजीव कुमार को अवगत कराते हुए मांग किया कि 2 मीटर रीडर होने के कारण सुचारू रूप से काम नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में पावर हाउस इमलो में मीटर रीडर की संख्या बढ़ाना अनिवार्य है। ज्यादा बिल आने से गरीब किसान अपनी समस्या को लेकर सुबह से शाम तक उपखंड अधिकारी मुफ्तीगंज संजीव कुमार के ऑफिस में पहुंच जाते हैं। उनकी समस्या को देखते हुए अपने मातहतों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में सभी सही ढंग से कम करें जिससे गरीब किसानों को हमारे यहां चक्कर लगाना न पड़े। साथ ही उन्होंने समस्या को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने एवं किसानों को संतुष्ट करके उनका दिल जीतने में अपनी ईमानदारी और सक्रियता का परिचय देने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

कौशल विकास के प्रदाता द्वारा चिकित्सा शिविर में 290 लोगो का किया गया नि:शुल्क परीक्षण

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण प्रदाता उद्योग विकास संस्थान द्वारा सोमवार को महरूपुर स्थित अशोक सिंह फामेर्सी कॉलेज में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 290 लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण करके परामर्श देते हुये आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीडीपीजी कालेज के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कौशल विकास योजना से देश के युवाओं को लाभ मिल रहा है। प्रशिक्षण प्रदाता संस्था उद्योग विकास संस्थान द्वारा जो प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज इस मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया है, यह प्रशंसनीय है। भविष्य में भी ऐसे ही कैम्प का आयोजन होते रहना चाहिये। इसी क्रम में कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक व जिला सेवायोजन अधिकारी

शशिकांत सरोज ने कहा कि कौशल विकास मिशन का उद्देश्य युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार दिलवाना है। उद्योग विकास संस्थान द्वारा नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाने के लिये जो कार्यक्रम कराए जा रहे हैं, वे बधाई के पात्र हैं। उद्योग विकास संस्थान के प्रोजेक्ट हेड राजीव पाठक ने बताया कि वर्तमान में उक्त परिसर में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत टेली हेल्थ सर्विसेज को ऑर्डिनेटर का कोर्स संचालित किया जा रहा है जिसके क्रम में आज मेडिकल कैम्प का आयोजन इस उद्देश्य के साथ किया गया है कि वास्तविक चिकित्सकों व मरीजों के साथ को ऑर्डिनेटर की भूमिका का निर्वहन करना प्रशिक्षणार्थी सीख सकें। शिविर में डॉ प्रभात कौशल, डॉ मुकेश शुक्ल, डॉ शिखा शुक्ला, डॉ मिथिलेश श्रीवास्तव, डॉ आनंद कुमार, डॉ गौरव प्रकाश मौर्य, डॉ दिनेश कुमार को अतिथि द्वय ने स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस अवसर पर मेडिकल कैम्प के संयोजक राजेश मौर्य, डी.डी.यू.जी.के.वाई. के डीपीएम प्रभात पांडेय, ट्रेनर अनुज पटेल, अशोक फामेर्सी के प्रिंसिपल जयंत मौर्य, रजिस्ट्रार उमाकांत गिरी, करिश्मा गौड़, अंजली समेत कौशल विकास के तमाम प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

श्रीराम मंदिर उधुरा में राम विवाह धूमधाम से सम्पन्न

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण

महर्षि विश्वामित्र की पावन नगरी बक्सर के ब्रह्मपुर प्रखंड के शान्तिधाम उधुरा से हाथी घोड़े गाजे-बाजे के साथ भगवान राम की बारात निकाली गयी। हाथी घोड़े व बैंड बाजे के साथ भव्य बारात दल्लूपुर गांव निवासी राजा जनक बने सियाराम कुंवर के दरवाजे पर पहुँची। बारात में इलाके के हजारों हजार महिला पुरुष, साधु संत बाराती बनकर विवाह स्थल पर पहुचे।द्वारपूजा के बाद बारात जलपान के बाद पुनः श्रीराम मंदिर पहुची जहाँ भगवान राम का तिलकोत्सव सहित सभी वैवाहिक कार्यक्रम स्थानीय रीति रिवाज के अनुसार किया गया।गांव की महिलाएं एवं लड़कियों ने बैवाहिक गीत गाकर वातावरण को मनमोहक बना दिया था।हरियाणा भिवानी से आये सुरेश वंशल उनकी धर्मपत्नी संतोष वंशल मुख्य यजमान बने वही उद्योगपति विजय मितल तथा उनकी धर्मपत्नी ने राजा जनक तथा रानी सुनैना की भूमिका अदा की। मन्दिर के महंत भरत दास जी एवं अयोध्या के संत श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर शिवराम दास जी उर्फ फलाहारी बाबा के सानिध्य में पंडितों के मंगलाचरण के बीच सभी कार्य संपन्न हुए।गुरहत्थी का कार्य वरिष्ठ पत्रकार यशवंत सिंह के द्वारा किया गया। महामंडलेश्वर शिवराम दास उर्फ फलाहारी बाबा ने दूर-दूर से आए साधु सन्यासियों एवं गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर बिदाई किया।मंच का संचालन शिक्षक राजेश राय पिंटू

ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू मिश्रा,रिशु मिश्रा,दिलीप मिश्रा,राजू मिश्रा,धनजी पांडेय समेत ग्राम वासियों ने सहयोग किया।इस अवसर पर बालक दास, जगदीश दास पुजारी,दिनेश ओझा पत्रकार, भाजपा नेता सुशील ओझा,पुलकी सिंह, अभिषेक राय बब्बू, राजकुमार पाण्डेय पुजारी मां कष्टहरणी धाम करीमुद्दीनपुर, यशवंत सिंह पत्रकार एवं प्रबन्धक आर एस कान्वेंट स्कूल बाराचवर गाजीपुर, सन्तोष राय प्रोपराइटर दिव्य भावना मैरेज हाल जोगा मुसाहिब,पिंटू राय प्रोपराइटर जे एम ग्रुप करीमुद्दीनपुर, रविशंकर राय प्रधान लौवाडीह,रिंकू राय,अवनीश राय पत्रकार, भाजपा नेता निमेष राय,राम अवध चौरसिया कृष्णायन, वरिष्ठ पत्रकार विकास राय समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

यूपी के 7,40,164 राशन कार्ड धारकों को मुफ्त में मिलेगा ये मोटा अनाज,जारी हुए आदेश

श्रीअन्न को लगातार बढ़ावा देने में लगी केंद्र सरकार ने आम लोगों के लिए श्रीअन्न का एक और उपहार दिया है। ज्यादा से ज्यादा लोग श्रीअन्न को अपने भोजन में शामिल कर सकें इसलिए जनवरी में कड़ाके की सर्दी के बीच सभी राशन कार्ड धारकों को राशन की दुकानों से निश्शुल्क बाजरा दिया जाएगा। लेकिन जिन लोगों को राशन कार्ड नहीं बना है उन्हें श्रीअन्न योजना का लाभ नहीं मिलेगा। 28,46,970 लोगों को बाजरा मिलेगा और इसके लिए कोटेदारों को चालान भी भेज दिए

गए हैं। सर्दी में श्रीअन्न को भोजन में शामिल करना अच्छा है। वर्ष 2023 को श्रीअन्न वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसे देखते हुए आम लोगों को श्रीअन्न निःशुल्क देने की तैयारी है। 7,40,164 राशनकार्ड पर 28,46,970 यूनिट हैं। अभी प्रति यूनिट दो किलो गेहूं, तीन किलो चावल निःशुल्क दिया जाता है। कोटेदारों को जनवरी के लिए चालान जारी कर दिए गए हैं। सर्दियों में मोटा अनाज ज्यादा बिकता है। इसमें ज्वार, बाजरा, मक्का सबसे ज्यादा है।

दीपक सिंह जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सहित दो के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर

जौनपुर। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन कुंवर दीपक सिंह सहित दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह मुकदमा मुम्बई में रहने वाले शत्रुघ्न सिंह ने जौनपुर के शहर कोतवाली में दर्ज कराया है जो मूल रूप से भदोही के भण्डा के निवासी हैं। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार कुंवर दीपक सिंह पुत्र कुंवर वीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी टेकारी थाना सिकरारा एवं अनूप शुक्ला मालिक सिटी कार्ट मॉल पालिटेक्निक चौराहा थाना शहर कोतवाली के खिलाफ भा.दं.सं. 1860 की धारा 420, 467, 468, 506 का मुकदमा कायम हुआ है।

शिकायतकर्ता शत्रुघ्न सिंह निदेशक वीआईपी रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी मुम्बई हैं जिनके अनुसार उनकी कम्पनी के नाम से जौनपुर शहर के कोतवाली क्षेत्र के उमरपुर हरिबन्धनपुर में आवासीय व कारोबार के सिलसिले में जमीन के मूल मालिक से 4 मई 2016 एवं 1 जून 2016 को बैनामा कराया गया। आरोप के अनुसार कुंवर दीपक सिंह निवासी टेकारी थाना सिकरारा एवं हाल पता काली कुत्ती थाना शहर कोतवाली जो पहले से परिचित थे, ने उस जमीन पर मेरे धन से बनाये गये भवन को सिटी कार्ट नामक माल के मालिक अनूप शुक्ला को 9 साल के लिये लीज पर दे दिया जो गलत है। पुलिस अधीक्षक से की गयी शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये कोतवाली पुलिस ने बीते 18 दिसम्बर को कुंवर दीपक सिंह एवं अनूप शुक्ला के खिलाफ उपरोक्त धारा में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया।

कोनिया के लाल को राज्यपाल ने दिया प्रशस्ति पत्र

ब्यूरो समाज जागरण

भदोही। साल 2021/22 के शैक्षिक सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अभिषेक शुक्ला ने प्रथम श्रेणी में आचार्य की परीक्षा पास किया। जिसके लिए अभिषेक शुक्ला को राज्यपाल आनंदी बेन ने वाराणसी में स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर के सम्मानित किया।

डीघ ब्लॉक के तुलसीकला गांव के निवासी अभिषेक शुक्ला 23 वर्ष पुत्र राम अक्षैबर शुक्ला वकील ने संपूणार्नंद संस्कृत विश्व विद्यालय , वाराणसी उत्तर प्रदेश से आचार्य की डिग्री हासिल किया।

बता दें कि अभिषेक शुक्ला ने प्रारंभिक शिक्षा कोनिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय, धनतुलसी से प्राप्त करने के उपरांत कक्षा 6 से 12 (मध्यमा) तक कि शिक्षा श्री अन्नपूर्णा ऋषि गुरू कुल ब्रह्मचर्यआश्रम शिवपुर वाराणसी से प्राप्त की। तत्पश्चात उच्च शिक्षा के लिए वाराणसी के ही संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, जहां आचार्य की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें सूबे की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने लखनऊ में 1 सवाई माधो सिंह रजत पदक के साथ 8 सुवर्ण पदकम और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर

के अभिषेक शुक्ला को सम्मानित किया ।

बता दें कि अभिषेक शुक्ला के दादा महामहोपाध्याय पण्डित रामयत्न शुक्ला काशी विद्वत परिषद् के अध्यक्ष भी रहे थे और पद्मश्री पुरस्कार से राष्ट्रपति के हाथों सम्मानीत हुऐ थे। संस्कृत व्याकरण के लिए पुरे भारत में सबसे ज्यादा पुरस्कार पण्डित रामयत्न शुक्ला के ही नाम दर्ज हैं। भारत ही नहीं विदेश में भी उन्होंने ने पांडित्य का लोहा मनवाया था।

अब पण्डित रामयत्न शुक्ला के नाती अभीषेक शुक्ला ने भी संस्कृत और संस्कृति के लिऐ अपना नाम उत्तर प्रदेश भर में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के जरिए बनाया है।

अभिषेक शुक्ला को राज्यपाल से मिले पुरस्कार के लिए उनके पिता ने खुशियां जाहिर करते हुए कहा कि अभिषेक शुरूआत की शिक्षा से ही विलक्षण प्रतिभा को लेकर आज इस मुकाम पर पहुंचा है मैं और पूरा परिवार, कोनिया ही नहीं जिला भदोही इसके लिए गौरवान्वित महसूस कर रहा है।गांव के राम लीला मैदान में जुटे श्रीकान्त , छोटेलाल , बबलेश पांडेय, डा रामाश्रय,भोलानाथ, राम लौटन, सन्तोष, आशीष, दिनेश,विधायक , लाल चन्द, बहेल्ला,ओम, सुद्धु, गणेश पांडेय, राकेश दिल्ली, डा उदय नारायण , रामसेवक, डा शुभम, दीपक कुमार सुन्दर,रविंदर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों और पण्डितजनों ने शुभकामनाएं दी और मिष्ठान्न वितरण किया गया।

दैनिक समाज जागरण मे खबर तथा विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

दहेज में अंगूठी और भैंस नहीं मिली तो जहर देकर मार डाला, 23 साल पहले दहेज के लिए हत्या में 10 साल की कैद

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुरः उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में 23 साल पुराने दहेज हत्या के एक मामले में अपर जिला न्यायालय कोर्ट- प्रथम के जज अखिलेश कुमार पांडेय की अदालत ने मंगलवार को दोष सिद्ध करते हुए आरोपी पति को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 3000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। यह घटना 23 साल पहले बिंदकी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में हुई थी। अभियोजन कल्पना पांडेय ने बताया कि मलवा थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव निवासी बराती लाल ने अपने बेटी मालती देवी की शादी 3 मार्च 1995 को बिंदकी कोतवाली के शाहपुर गांव के रहने वाले रामलखन के साथ की थी। शादी के समय दिए गए दान-दहेज से असंतुष्ट पति के साथ अन्य ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में 10 हजार रुपये नगदी के अलावा सोने की अंगूठी और भैंस की मांग कर रहे थे। जहर देकर पत्नी को उतारा था मौत के घाट असमर्थता जताने पर आए दिन बेटी के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि 16 मई 2000 को राम लखन ने अपनी पत्नी मालती देवी को जहर देकर मार डाला। इस मामले में मृतका के पिता ने बिंदकी कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ दहेज हत्या के साथ अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्ज शीट दाखिल किया था। पिता समेत 5 गवाह अदालत में हुए पेश मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में जिरह और बहस के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से मृतका के पिता सहित 5 गवाहों को कोर्ट में पेश किया गया। गवाहों और दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने घटना का दोषी ठहराते हुए आरोपी पति 10 साल सश्रम कारावास के साथ 3000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

लखनऊ ने मझगवां और कड़ा धाम को हरा के सुपर 8 में किया प्रवेश

किशनपुर केपिएल के पांचवे दिन पहली मीटिंग लखनऊ और मझगवां और दूसरी मीटिंग लखनऊ और कड़े का मैच खेला गया दोनो मैचों की विजेता लखनऊ रही

दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई /किशनपुर के स्वर्गीय करण सिंह मेमोरियल क्रिकेट क्लब में पांचवे दिन पहली पाली में लखनऊ और मझगावा के बीच मैच खेला गया टास जीत के पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम के ओपनर बल्लेबाज दुर्गेश वा पाठक पारी की शुरूवात करने आए और 15 रन की साझेदारी ही कर सके दूसरे तीसरे नंबर के बल्लेबाजी क्रम को भी मझगांव ने जल्दी ही समेट दिया लखनऊ की टीम निर्धारित 16 ओवर में 114 रन ही बना सकी और जवाब में उतरी मझगवा की टीम कुछ खास नही कर पाई और 57 रनो में आल आउट हो गई और लखनऊ ने 57 रनो से मैच जीत लिया। दूसरी पाली के मैच में लखनऊ और कड़ा धाम के बीच हुए मैच में लखनऊ की टीम ने टास जीत के पहले बैटिंग का निर्णय लिया और हैरिस और दुर्गेश की शानदार ओपनिंग बल्लेबाजी में हैरिस ने 60 रनो की पारी खेली दूसरे विकेट की साझेदारी में विक्की और पाठक की अच्छी बैटिंग की बदौलत लखनऊ ने 156 रन 14 ओवर में बनाए जवाब में उतरी कड़ा धाम की टीम की तरफ से शुरूवात करने आए अशरफ और इलू ने कुछ खास नही किया अरमान लाइक और तौसीफ भी कुछ खास नही कर पाए और पूरी टीम 12 ओवर में 105 रन पर आउट हो गई और लखनऊ ने 51 रनो से मुकाबला जीत लिया हैरिस मैन आफ द मैच रहे । कार्यक्रम में पूर्व विधायक तिंदवारी दलजीत सिंह, रामराज सिंह, पप्पू मिस्त्रा, सुमित सिंह सालू यादव मौजूद रहे

बिना परमिट व मानकों के अनुरूप दौड़ रही स्कूली बसों के खिलाफ चला अभियान

दैनिक समाज जागरण /शिकोहाबाद। नगर में यातायात प्रभारी महेश कुमार ने मंगलवार दोपहर मानको को ताक पर रख कर चल रही स्कूली बसों को चेक किया। इस दौरान बसों के अंदर जाकर बस में बैठे बच्चों को यातायात नियमों के लिए जागरूक किया। यातायात प्रभारी ने बसों के चालकों को भी हिदायत दी कि वे गाड़ी निकालने से पहले फिटनेस, बीमा के साथ ही अन्य जरूरी कागजात साथ लेकर चलें।

यातायात प्रभारी मंगलवार दोपहर 2 बजे के करीब बस स्टैंड के समीप पहुंचे जहां उन्होंने नगर में चलने वाली स्कूली बसों को चेक किया। इस दौरान उन्होंने बस ड्राइवर की सीट बेल्ट व बसों के परमिट सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों को चेक किया। हालांकि इस दौरान ज्यादातर बसें मानक के अनुरूप चलती हुई मिली। उन्होंने चालकों से कहा कि सर्दी का मौसम है। कोहरा भी पढ़ने लगा है। इस लिए सभी बसों में फॉग लाइट भी लगवाएं, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाया जा सके। इसके साथ ही बच्चों से कहा कि वे अपने परिवार के बड़े सदस्यों से अपील करें कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। यातायात प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर स्कूली बसों को चेक किया जा रहा है। जिन बसों की फिटनेस नहीं हैं, उनके चालान काटे जायेंगे।

अवैध रूप से संचालित कि जा रही पैथोलॉजी लैब एवं क्लीनिक में ही हो रहा मरीजों का इलाज

श्रेया पैथोलॉजी संचालक बन बैठा डॉक्टर लोगों की जिंदगी से करता है खिलवाड़ नहीं है किसी का डर

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद के अंदर स्वास्थ्य विभाग की टीम अवैध नर्सिंग होम,क्लीनिक तथा पैथोलॉजी संचालकों के सामने अपने घुटने टेक दिया है। जहां आप सभी लोगों को अवगत होगा कि समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया में प्रत्येक दिन किसी न किसी अवैध नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलॉजी के बारे में पढ़ते ही होंगे फिर भी स्वास्थ्य विभाग धन का चढ़ावा के आगे सारे अपराध माफ कर दिए जाते हैं और अगर खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम कोई कार्यवाही करती भी है तो वह नाम मात्र नोटिस पकड़ा कर चली आती है इसके बाद कार्यवाही कि इतिश्री हो जाती है। जिससे अवैध रूप से संचालित कर रहे हैं मौत की दुकानों के संचालकों के हौसले और भी बुलंद होते जा रहे हैं? वही आपको बताते चलें कि विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद फतेहपुर के खागा कोतवाली क्षेत्र के भोगलपुर मोड के पास स्कुरी चौराहा के समीप एक श्रेया पैथोलॉजी के नाम से संचालित लैब बिल्कुल से मानक विहीन, बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित किया जा रहा है इतना ही नहीं लगातार सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार जब मीडिया की टीम जमीनी हकीकत जानने के लिए मौके पर पहुंची तो वहां का हाल देखकर दंग रह गए आपको अवगत कर दें कि मानक विहीन पैथोलॉजी में एक क्लीनिक के तौर पर दुकान खोली गई है जिसमें मरीज को भर्ती कर इलाज करने का भी अनट्रेंड स्टाफ के द्वारा कार्य किया जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि श्रेया पैथोलॉजी एवं क्लीनिक पर कार्रवाई होगी या धन का चढ़ावा कर इतिश्री हो जाएगी!?*

"बिजली करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत"

ब्यूरो समाज जागरण अयोध्या । मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में शाहगंज उपकेंद्र के लिए जाने वाली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गई। इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में रेवतीगंज के पास ग्राम आदिलपुर पूरे अहिरन निवासी राम केतार यादव (48) पुत्र राम प्रताप खेत की मेड़ पर एक पेड़ की टहनी काट छांट रहे थे। ऊपर से कुमारगंज से शाहगंज फीडर के लिए 33 हजार केवीए विद्युत लाइन का तार गया है। इसी दौरान पेड़ की टहनी ऊपर जा रहे हाईटेंशन तार से छू गई और देखते ही देखते करंट से पेड़ पर ही किसान के शरीर में आग लग गई। पेड़ पर उसकी मौत हो गई। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी रजनीश पाण्डेय ने शव को पेड़ से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। परिवारजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

आपस में प्रेम से रहने पर खुश होते हैं परमात्मा -- अविनाश भाई

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केला देवी स्थिति केंद्र द्वारा चंद्रवती भवन के सामने टॉवर वाली रामनगर ब्रह्माकुमारी पाठशाला पर दो दिवसीय संगीत संध्या के कार्यक्रम का उद्घाटन ओ एन जी सी के डायरेक्ट डॉ प्रभास्कर राय, बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा, बीजेपी की लीडर मुन्नी देवी नें दीपप्रज्जलन कर किया । कार्यक्रम में विदर्भ के सुप्रिद्ध संगीतकार बी0के0 अविनाश भाई के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकगणों को राजयोग मेडिटेशन की जानकारी देते हुए परमात्मा का सत्य परिचय हेतु सर्वधर्म की धर्मगुरुओं के चैतन्य स्वरुपओं द्वारा निराकार परमात्मा से अवगत कराया। उन्होंने शिव के वंदना कर प्रोग्राम की शुरूआत कर परमात्मा का सही परिचय दिया ।उन्होंने राजा विक्रमादित्य के सोमनाथ मंदिर की स्थापना की, जिसस क्रिरास्ट के कहा गॉड इज लाइट, गुरुनानक कहा एक ओमकार, मोहब्बत इब्राहिम नें परमात्मा को नूर कहा इस तरीके से सभी धर्म वालों नें उस निराकार की तरफ इशारा किया इस लिए है की सबके मालिक एक फिर क्यों बटा हुआ संसार है हम सभी एक परमात्मा के बच्चें है आपस में प्रेम से रहने से परमात्मा खुश होते है इसके लिए किसी हठ या शरीर को कष्ट देने की आवश्यकता नहीं होती परमात्मा को सच्चे दिल से याद को परमानन्द को प्राप्त कर सकते है । और आज के तनाव पूर्ण जीवन में राजयोग से अपने अंदर की कमी कमजोरियों, बुराइयों आदि को आसानी से दूर किया जा सकता है। इसके लिए आप शहर में अनेक स्थानों पर संचालित केंद्रों पर जाकर निःशुल्क राजयोग सीख सकते हैं। स्व परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन होगा। यह मनुष्यों से देवता बनाने वाला योग है। इसी से सृष्टि कलयुग से सतयुग में परिवर्तन होगी । परमात्मा धर्म की अति ग्लानि के इसी काल मे आकर स्वयं राजयोग सिखाते हैं। कार्यक्रम में अविनाश भाई द्वारा भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी समूचा कार्यक्रम स्थल परमात्मा शिव के गीतों से भक्ति से सरोबार हो गया। उपस्थित माताएं बहने झूम उठीं और सभी नें गीतों का जमकर आनंद उठाया।

कार्यक्रम में रवि शर्मा, पार्षद भगवान सिंह, सीटू पार्षद, प्रदीप कुशवाहा, आचार्य ध्रुव कुमार, दरवरी लाल कुशवाहा, शिवचरण वर्मा, डॉ अरविन्द वर्मा, डॉ उदयवीर यादव, डॉ मुन्नालाल आदि उपस्थित रहें है।

युवा कवित्री आकांक्षा शर्मा को कथा कुंज साहित्य सेवा परिषद ने प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया

बिसौली आई एम खान। नगर निवासी युवा साहित्यकार व कवियित्री आकांक्षा शर्मा को कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकरिणी की घोषणा संस्थापक गोविन्द गुप्ता व मुकेश पटेल ने की है। जिसमे देश ही नही विदेश से भी कई साहित्यकारों को संरक्षक मंडल में स्थान मिला है। आकांक्षा शर्मा की नियुक्ति पर नगर में हर्ष की लहर दौड़ गई है। विदेशी साहित्यकारों में प्रमुख रूप से डॉक्टर ममता सैनी तंजानिया, इंदू नांदल इंडोनेशिया, शिखा पोरवाल कनाडा, धराधाम इंटरनेशनल के प्रमुख डॉक्टर सौरभ पांडेय शामिल हैं। वहीं विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की सीमा पांड्या, भूदत्त शर्मा, पीवी पांडे, संजना साइमन, रीमा महेंद्र, स्मृति त्रिवेदी, अनू बाफना, अनुसूया साहू, मीनू पराशर सहित कई साहित्यकारों को महत्वपूर्ण पद सौंपे गए हैं। साथ ही महिला सभा की अध्यक्ष डॉक्टर पारुल अग्रवाल नोयडा, महिला सभा साहित्य शाखा की अध्यक्ष विनीता जायसवाल खड़गपुर, महिला शाखा समाजिक कार्य की अध्यक्ष कविता भड़ाना फरीदाबाद को बनाया गया है। युवा शाखा का अध्यक्ष श्याम प्रताप सिंह व युवा महिला शाखा की अध्यक्ष लवी सिंह को बनाया गया है। इसी तरह विभिन्न प्रदेशों की इकाइयों व राष्ट्रीय इकाइयों के अन्य पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। जिसमें नगर निवासी आकांक्षा शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। सुश्री शर्मा की नियुक्ति पर लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मण्डलायुक्त ने तेज गति से कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

बदायूँ आई एम खान। मंडलायुक्त बरेली मंडल सौम्या अग्रवाल, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, जनपद शाहजहांपुर के विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस व जिलाधिकारी मनोज कुमार ने मंगलवार को लोक लेखा समिति के अधिकारियों के साथ बिनावर पहुंचकर गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण एवं औद्योगिक गलियारा निर्माण का औचक रूप निरीक्षण किया। समिति ने कार्य की प्रगति को देखा एवं इन कार्यों में किए गए व्यय धनराशि के संबंध में जानकारी ली। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्य तेज गति से कराया जाए जिससे कि समय से पूर्ण हो सके। कार्य में किसी भी प्रकार की शीतलता ना बरती जाए। बता दें कि मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य जनपद में प्रगति पर है। सदर तहसील अन्तर्गत बिनावर क्षेत्र के पास गंगा एक्सप्रेस के समीप औद्योगिक गलियारा का यूपीडा द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। औद्योगिक गलियारा से लोगों को रोजगार मिलेगा। जनपद में एक्सप्रेस-वे लगभग 92 किमी लंबाई का सदर, बिल्सी, बिसौली और दातागंज तहसील से गुजर रहा है। औद्योगिक गलियारा बनने से क्षेत्र का तीव्र गति से विकास होगा। औद्योगिक गलियारे में विभिन्न प्रकार उद्योग लगेंगे जिसका लाभ जनपद के लोगों को मिलेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार पटेल व जिला खनन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग की गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाया चैंकिंग अभियान

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण रामपुर। जिले में अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा लगातार चैंकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। चैंकिंग के दौरान वाहन संख्या यूपी 22 एटी 4199 जिसमें मात्रा अधिक खनिज पाया गया। जिसे एसडीएम शाहबाद द्वारा सीज करते हुए आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी गयी हैं। इसी प्रकार अन्य सभी चैक पाइण्ट पर लगातार टीमें अपने-अपने स्थानों सक्रियता बनाये हुए हैं। सर्दी को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी स्थायी एवं अस्थायी गो-सरंक्षण केन्द्रों पर लगातार निरीक्षण कराया जा रहा है। गोवंश के लिए गौ सरंक्षण केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में भूसा, शुद्व पेयजल एवं ठण्ड से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थायें करायी जा रही है। दिनांक 19.12.2023 को ढकिया गो-सरंक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस गो-सरंक्षण केन्द्र में 192 गोवंश संरक्षित पाये गये। गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में चारे, चैकर, गुड़,नमक, भूसा एवं शुद्व पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता है। केयर टेकर द्वारा लगातार गोवंश की लगातार निगरानी रखी जा रही है। आज नगर पंचायत सैफनी में 08 अवारा गोवंश को पकड़कर गो-सरंक्षण केन्द्र में संरक्षित कराया गया हैं। अन्य नगर पालिकाओं में भी अवारा गोवंशों को पकड़ने अभियान लगातार जारी है।

यातायात नियमों का पालन करें - श्री राम वचन

यातायात नियमों का पालन करने के लिए किया गया जागरूक

बदायूँ आई एम खान। जनपद में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा वर्ष 2023 के अंतर्गत पांचवे दिवस जनपद के समस्त बस, ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा एवम टैक्सी चालकों तथा उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का कार्यालय परिसर में आयोजन कर अनुरोध किया गया कि अपने स्तर से चालक परिचालको को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करे। जिसमे श्रीराम वचन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, रमेश चंद्र प्रजापति यात्री मालकर अधिकारी बदायूं एवं परिवहन विभाग के कर्मचारी सम्मिलित रहे। अम्बरीश कुमार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं रमेश चंद्र प्रजापति यात्री कर अधिकारी द्वारा दातागंज तिराहा पर ट्रक ऑटो ई-रिक्शा एवम टैक्सी के चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

ब्लूमिंग फ्लॉवर्स इंग्लिश स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का किया आयोजन

प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने बच्चों को नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

बिसौली आई एम खान। ब्लूमिंग फ्लावर इंग्लिश स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत बच्चों को यातायात के नियम बताए गए । बच्चों ने जागरुकता रैली निकाली और अपने द्वारा बनाए गए पोस्टर आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता के अन्तर्गत जिला सड़क सुरक्षा समिति के छात्र-छात्राओं ने लोगों को यातायात नियमों तथा दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति, परिजन को दी जाने वाली आर्थिक सहायता के संबंध में जानकारी दीं। स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बच्चों को नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों और शिक्षकों के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी के अलावा दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दूसरों को बचाया जाये इस संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रबंधक संतोष कुमार सक्सेना, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, उप प्रधानाचार्य पंकज चौहान, पी.टी.आई देवांश सक्सेना एवं देवेश सक्सेना, राममनोहर सक्सेना, टी पी सिंह, अभिषेक पाल, ओमेंद्र यादव, अखिलेश सक्सेना, अर्पित, आरती, सोनल, प्रभा शर्मा, ममता पाठक, निधि शर्मा, चंचल, ज्योति सिंह, सुधा मिश्रा, सुनीता जौहरी, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहें '

मायके वालों ने लड़की की ससुराल में जाकर उत्पाद मचाया और तोड़फोड़ की, पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

बिसौली आई एम खान। मायके वालों ने लड़की की ससुराल में जाकर जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि मायके पक्ष के लोग ने अपनी लड़की के साथ मिलकर न सिर्फ ह्रदयरोगी ससुर को धुन डाला बल्कि घर में जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला होली चौक निवासी उमेश चंद्र वार्ष्णेय के मुताबिक उसने अपने पुत्र प्रकाश का विवाह बजरंग चौक निवासी स्व. जनार्दन की पुत्री काजल के साथ कराया था। विवाह के बाद से ही बहू का व्यवहार परिजनों के साथ ठीक नहीं था। बाद में उसने अपने लड़के बहू को अलग कर दिया। बावजूद इसके बहू का व्यवहार नहीं बदला। आरोप है कि बीती 11 दिसम्बर दोपहर को बहू के दो भाई उसके घर में घुस आए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोपियों ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की। पीड़ित ने बहू व उसके भाई बलराम व कृष्णा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

डीजे, डीएम व एसएसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

बदायूँ आई एम खान। जिला जज पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी मनोज कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. ओपी सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मौ. साजिद, अपर जिला जज सारिका गोयल द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। मंगलवार को कारागार हॉस्पिटल, बैरक, पाठशाला, जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। जिला जज ने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं / सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने समस्त कारागार कर्मियों को निर्देश दिए कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न आने पाए। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण एवं सही ढंग से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जेलर से जेल में निरूद्ध बन्दियों तथा सीसीटीवी कैमरे के संचालन के सम्बन्ध में भी जानकारी ली।

पूर्ति विभाग में फैले भ्रष्टाचार को लेकर रालोद ने डीएम को सोपा ज्ञापन

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। पूर्ति विभाग में फैले भ्रष्टाचार को लेकर रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कार्यकताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया हैं कि पूर्ति विभाग कार्यालय में भ्रष्टाचार फैला हुआ हैं। अपात्र लोगों के राशन कार्ड बना दिए गए हैं जो व्यक्ति गरीब हैं उन्हें राशन योजना का फायदा नहीं मिल रहा हैं। जरूरतमंदों राशन तक राशन नहीं पहुंच रहा हैं। जिले में प्रत्येक तहसील के अंदर राशन विभाग अपनी मनमानी पर उतारू हैं। गरीब व्यक्तियों को धक्के खाने पड़ रहे हैं फिर भी उनका राशन कार्ड नहीं बन पा रहा हैं जो व्यक्ति आपात हैं उनका राशन कार्ड बनाया जा रहा हैं। इन सब चीजों के अंदर कहीं ना कहीं राशन डीलर भी शामिल हैं क्योंकि जिले के अंदर सभी राशन डीलर प्रति यूनिट चार किलो राशन दे रहे हैं जबकि योगी और मोदी सरकार ने प्रति यूनिट 5 किलो राशन दिया हैं। ज्ञापन मे कहा गया कि यदि पूर्ति विभाग ने अपनी कार्यशैली नहीं बदली तो रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस मौके पर मोहम्मद इरफान, फिरोज आलम खान, मोहसिन, राबिया, फहीम जहा आदि मौजूद थे।

चैंपियन ऑफ हेरिटेज क्यूजीन सम्मान से नवाजे गए रामपुर नवाब काज़िम अली खान

शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण

रामपुर। भारतीय संस्कृति और विरासत में रामपुर के शाही व्यंजनों के योगदान के लिए पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को चैंपियन ऑफ हेरिटेज क्यूजीन सम्मान से नवाजा गया हैं। उन्हें ट्रैवलल़ीजर इंडिया और साउथ एशिया द्वारा दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में अवॉर्ड प्रदान किया गया है । नवेद मियां रामपुर के अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के पौत्र हैं और उन्होंने रामपुर के शाही व्यंजनों को दुनिया के सामने लाने में अपनी अहम भूमिका निभाई हैं। नवेद मियां को अपने व्यवहार से सकारात्मक बदलाव वाले चैंपियंस की सूची में चयनित कर उन्हें सम्मान प्रदान किया गया हैं। उन्हें यह अवार्ड बर्दा लक्जरी एशिया व इंडिया के सीईओ ब्योर्न रेटिग और ऐंद्रिला मित्रा ने दिया। नवेद मियां ने अवॉर्ड मिलने के बाद अपने संबोधन में आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रामपुर के व्यंजनों और संस्कृति को इतने अहम मंच पर लाया जाना रामपुर के हर नागरिक के लिए गर्व की बात है।

ध्रुव खपड़िया बने बीकापुर के नये एसडीएम

समाज जागरण अयोध्या। जनपद अयोध्या में बीकापुर में तैनात आईएएस / एसडीएम विशाल कुमार को मिजार्पुर का सीडीओ बनाये जाने के बाद आईएएस अधिकारी ध्रुव खपड़िया ने नये एसडीएम के रूप में सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत एसडीएम ने तहसील परिसर और विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों कर्मचारियों से अहम बिंदुओं पर जानकारी ली। उनके निरीक्षण के दौरान तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह, नायब राम खेलावन व नायब गरिमा वर्मा आदि मौजूद रहे।

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने माँ भद्र-काली में माथा टेका किया पूजा अर्चना।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता

चतरा(झारखंड)19 दिसंबर 2023 :- सोमवार को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय करोल ने माता भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना किया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय करोल चतरा के इटखोरी पहुंचे। उनके इटखोरी परिसदन आगमन पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षाक राकेश रंजन ने सम्मान प्रकट करते हुए पौधा एवं मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत किया। न्यायधीश ने इटखोरी यात्रा के दौरान मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना किया। उनके आगमन पर उन्हें आधुनिक डाक बंगला परिसर में गॉड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इस मौके पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने सर्वप्रथम माता भद्रकाली के मुख्य मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद

सहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर राम जानकी मंदिर कोठेश्वर नाथ मंदिर सुफल नाथ मंदिर शनि देव मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत अन्य देवालय में भी पूजा अर्चना किया। इस मौके पर जिला के जज राकेश कुमार सिंह, जिले के उपायुक्त अबू इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन,अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, डीएसपी मुख्यालय केदार रामनाथ,अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा,प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ वांकिरा, चिकित्सा पदाधिकारी सुमित कुमार जायसवाल, इटखोरी थाना प्रभारी विनोद कुमार, अनिल कुमार सिंह, रतन शर्मा विजय चौरसिया, बालगोविंद राम बैठा समेत अन्य कई अधिकारी उपस्थित थे।

पाण्डेयपुरा मे बिजली हुआ बाधित : हाइवा की टक्कर से टूटा बिजली का खम्भा।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता

चतरा(झारखंड)19 दिसंबर 2023 :- जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा मे बिच बाजार मे कल हाइवा के टक्कर से बिजली का खम्भा पुरी तरह से मुड़ गया जिससे पाण्डेयपुरा की बिजली पुरी तरह से बाधित हो गयी।बिजली सम्बन्धित समस्याओ को ले कर आये दिन पाण्डेयपुरा सुर्खियों मे रहा है।यहा के ग्रामीण बिजली बिल का भुगतान समय से कर रहे है पर फिर भी उनको बिजली सम्बन्धित समस्याओ से निजात नही मिल पाया है।आये दिन पूरे गाव को कभी कम भोल्टेज, कम बिजली,खराब वायरिंग के चलते बिजली सम्बन्धित समस्याओं को झेलना पड़ रहा है जो बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठा रहा है।बिजली विभाग के आला अधिकारीयों को बस बिजली बिल से मतलब है बाकी देय सुविधाओं की बात करे तो इसका स्तर शून्य है जो विभाग के लिए

निंदनीय है।सालो पुराने तार और खम्भे जो बींच बाजार मे लगे है उससे आये दिन तार गिरते रहते है जिसको ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह से सुधारा जाता है पर काफी पुराने होने के चलते कारगर नही है और कही ना कही भविष्य मे होने वाले बिजली सम्बन्धित दुर्घटना का कारण बनेंगे।ग्रामीणों की ये मांग है की अगर बिजली बिल का भुगतान समय पे हो रहा है तो सुविधाओं मे समझौता क्यो करना पड़ रहा है।साथ ही बिजली विभाग को आगे आ कर ग्रामीणों को बिजली सम्बन्धित समस्याओ से निजात दिलाने का कार्य करना चाहिए।हालांकि जिस हाइवा के टक्कर से खम्भा क्षतिग्रस्त हुआ उसके मालिक के द्वारा खम्भा का मरम्मत कर दिया गया है पर जो पुराने तार लगे है उसको बदलना बहुत जरूरी है ताकि बिजली बाधित ना हो।

इटखोरी में चला सड़क सुरक्षा अभियान

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी,जिला संवाददाता

चतरा(झारखंड)19 दिसंबर 2023 :- सोमवार को चतरा एसपी राकेश रंजन के निदेर्शानुसार पर इटखोरी थाना प्रभारी विनोद कुमार और इंस्पेक्टर मनोहर करमाली ने अपने दलबल के साथ पहुंचकर प्रखंड के सभी पेट्रोल पम्प पर सड़क जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी ने हजारीबाग और चौपारण रोड पहुंचकर पेट्रोल पंप के दोनों मालिकों से मुलाकात कर निर्देश दिया की बिना हेलमेट वालों लोगों को पेट्रोल बिल्कुल ना दें और बिना सीटबेल्ट के लोगों को डीजल न दें, थाना प्रभारी ने कहा आए दिन सड़क दुर्घटना में कई लोगों की जान चली जा रही है जिसके चलते किन्ही का घर न उजड़े यह देखते हुए सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। पेट्रोल मालिकों ने कहा वाहन चालकों को सिर पर हेलमेट रहेगा तभी पेट्रोल मिलेगा, फोर व्हीलर के लिए सीटबेल्ट लगा रहेगा तभी डीजल मिल पाएगा। यह अभियान आज पूरे जिले भर में सड़क जागरूकता अभियान चलाया गया।

मांझी बाबा ओल इतुन आसड़ा राजगंज के बच्चे ओल चिकी में देगी परीक्षा

दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा

धनबाद (झारखंड) 19 दिसंबर 2023 :- बाघमारा प्रखंड के राजगंज



पंचायत राजगंज इंटर कॉलेज में ओल चिकी शिक्षा , आदिवासी सेचेद् आखड़ा धनबाद द्वारा संचालित मांझी बाबा ओल इतुन आसड़ा के अधिकारी , प्राधिकारी एवं बच्चो में खुशी का लहर है , बताते चले की मांझी बाबा ओल इतुन आसड़ा में बच्चे दो वर्षो से लगातार निःशुल्क ओल चिकी शिक्षा ले रही है , जो पहली बार मांझी बाबा ओल इतुन आसड़ा के छात्र छात्राएं ओल चिकी से 27 दिसंबर,28 दिसंबर एवं 29 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक उसकी परीक्षा ली जाएगी। इस परीक्षा में आदिवासी छात्र - छात्राएं ही भाग ले सकते है । परीक्षा में Lower , Higher,Matric का परीक्षा होगी। इस परीक्षा को लेकर मांझी बाबा ओल इतुन आसड़ा राजगंज के बच्चो में खुशी का लहर है । मांझी बाबा ओल इतुन आसड़ा राजगंज को चलाने में, श्री सुरेन्द्र हेंब्रम, मनसा राम मुर्मू, अलसा सोरेन , सुरेंद्र प्रसाद, सुधीर, विष्णु , सिखर, प्रदीप, एवं ओल चिकी माचेत, जयराम बेसरा,प्रदीप, बहा, बेसरा, आदि का अहम योगदान है।

युवाओं का जत्था जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हैदराबाद रवाना

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी, धनबाद एवं नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में 15वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत हैदराबाद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु गिरिडीह जिले से 10 पुरुष एवं 10 महिला युवाओं का दल हैदराबाद हेतु रवाना हुआ। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों हेतु केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी के के प्रांगण में ब्रिफिंग सेशन का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वितीय कमान अधिकारी श्री दलजीत सिंह भाटी ने युवाओं को बताया कि जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें देश में हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति से अवगत होने का अवसर मिलेगा।

नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के जिला युवा अधिकारी श्री रवि कुमार मिश्रा ने युवाओं से कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों की लोक संस्कृति को जानने एवं झारखंड की लोक कला एवं संस्कृति से अन्य यु-

वाओं को अवगत कराने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप कमांडेंट श्रीमती बिनीता कुमारी, सूबेदार मेजर ओंकार भारती, नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक नय्यर परवेज आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागी युवाओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा एक पुरुष एवं एक महिला एस्कार्ट मेंबर की प्रतिनियुक्ति की गई है जो पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी युवाओं के विभिन्न सुरक्षा एवं अन्य आवश्यकताओं का ध्यान रखेंगे। ब्रीफिंग सेशन के उपरांत द्वितीय कमान अधिकारी श्री दलजीत सिंह भाटी द्वारा सभी प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम स्थल हेतु रवाना किया गया। प्रतिभागी युवाओं के दल में राजेश टुडू सिवोन हेंब्रम, पूर्णिमा ज्योति, उषा बस्की, गुडिया मुर्मू आदि रहे। 15वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में गिरिडीह जिले से 20-20 युवाओं के कुल 13 दलों को भ्रमण हेतु विभिन्न स्थानों पर भेजा जाना है।

टुंडी डिग्री कॉलेज का नामकरण शहीद संदीप सिंह के नाम पर हो - दीप नारायण सिंह

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता

धनबाद (झारखंड): 19 दिसंबर 2023:- जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत चरक कला गांव में शहीद संदीप सिंह स्मारक सेवा समिति द्वारा शहीद संदीप सिंह के द्वितीय शहादत दिवस को शोर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने शहीद संदीप सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही साथ शहीद संदीप सिंह की मां को चरण स्पर्श कर आशिर्वाद लिया और उनका हौसला अफजाई की। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने मैराथन दौड़ बालक वर्ग के विजय प्रतिभागियों को पारितोषिक दे कर

सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से निकल कर शहीद संदीप सिंह ने देश के प्रति जो बलिदान दिया है, यह गर्व का विषय है। क्षेत्र के युवाओं को शहीद संदीप सिंह से प्रेरणा लेकर समाजसेवा और राष्ट सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि स्थानीय विधायक और सांसद को तत्परता दिखाते हुए टुंडी डिग्री कॉलेज का नामकरण शहीद संदीप सिंह के नाम पर करने का काम करे। इस अवसर पर युवा जदयू के टुंडी प्रखंड अध्यक्ष गोतम कुमार पाण्डेय, तारा बाबू, गोतम गोप,सपन दुबे, प्रिंस कुमार, सुभाष सिंह, आदि उपस्थित हुए।

समर्पण एक नेक पहल संस्था के धनबाद जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए समाजसेवी मनोज मंडल

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

जन कल्याण कार्यो को प्रमुखता से पूर्ण करने तथा झारखंड प्रदेश के साथ

देश के अन्य राज्यों में अपनी सेवा प्रदान कर ख्याति प्राप्त करने वाली सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के धनबाद जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए समाजसेवी मनोज मंडल ' संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि श्री मंडल जी का समाज के प्रति पिछले बीस वर्षो से अतुलनीय योगदान देते आ रहे हैं, कई जरूरतमंद लोगों की मदद इन्होंने बिलकुल निःस्वार्थ भाव से किया हैं और निरंतर आगे भी कर रहे हैं इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए इन्हें संस्था के सभी उच्च पदाधिकारीयों के सर्वसम्मति से धनबाद जिला का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं '

संस्था को पूर्ण विश्वास हैं कि इनके नेतृत्व में पूरे धनबाद ज़िले में जन कल्याणकारी कार्यो को विस्तारपूर्वक और अधिक गति के साथ हमारी संस्था पूरी करेगी '

आजसू पार्टी पर भड़के जिला परिषद सदस्य और उपाध्यक्ष।

शशि भूषण महतो समाज जागरण अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल जलाशय के नौका बिहार स्थित विजय होटल परिसर में प्रेसवार्ता में जिला उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ,जिप ईचागढ़ जोतीलाला माझी,जिप चांडिल पश्चिम सविता मरांडी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा हमारे नाम को आजसू नेता हरेलाल महतो एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो द्वारा साजिश के तहत लोकसभा चुनाव को मद्देनजर एक लिस्ट तैयार करके लिस्ट में सचिव पद पर नियुक्ति का नाम लिस्ट को सोशल मीडिया में वायरल करने लगा जिसके विरोध में मंगलवार को तीनो जिप आजसू पार्टी पर भड़के और उक्त लोगो पर कानूनी कार्रवाई करने की बाते रखे।

जिप सविता मरांडी ने कहा हमारे छवि को जनता के बीच पार्टी का बैनर लगा कर नाम को धूमिल करने की साजिश रचने की काम किया जा रहा हे,उन्होंने कहा हम जनता की सेवक हे आजसू पार्टी से हमारा कोई नाता नहीं हे। आजसू पार्टी में हमने कभी सदस्यता नही लिए और ना हम लोगो ने आजसू के लिए प्रचार प्रसार में गए हे।हम जनता के लिए समाजसेवी का कार्य करते हे साथ ही जानता के द्वारा चुने गए

जनप्रतिनिधि हे, हमे मजबूर न करे हमारे छवि को बदनाम करने की प्रयास न करे नही तो हमे चंडी की रूप धारण करने में समय नही लगेगा। जिप ईचागढ़ जोतीलाल माझी ने कहा चुनाव को देखते हुए आजसू पार्टी आपने बहुमत दिखाने की कार्य करने लगा हे,केंद्रीय समिति के द्वारा नाम सूची जारी कर ईचागढ़ के भले भाले जनता को दिग्भ्रमित करने का साजिश रचा जा रहा हे।उन्होंने जनता से अपील किया सूची में हमारे नाम को देखकर भ्रमित न हो,हमारे द्वारा आजसू पार्टी से किसी तरह के सदस्यता ग्रहण नही किया गया।

जिप जिला उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने कहा 12 दिसंबर को आजसू पार्टी केद्रीय कमिटी के सूची में हम तीनो जिप के नाम सचिव पद पर नियुक्ति किया गया हे । साथ ही सोशल मीडिया के जरिए खूब वायरल किया जा रहा हे,हम सिर्फ जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि है, आज तक न आजसू पार्टी में योगदान लिए न कभी उस पार्टी के लिए कार्य करेंगे , हमारे समाज में एक अलग पहचान बना हे जिसको आजसू पार्टी के लोगो द्वारा आपने पार्टी के लिस्ट में अंकित करके हमारे छवि को धूमिल करने की साजिश हे,जिसके विरोध में कानूनी करवाई करने की निर्णय लिया गया ।

ननपेमेंट और अनौपचारिक की बैठक में ईस्ट सेंट्रल रेल कर्मचारी यूनियन धनबाद मंडल में कर्मचारियों से जुड़े कई मुद्दे उठाए।

दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड

धनबाद,18 एवं 19 दिसंबर को मंडल कार्यालय धनबाद के हिंदी लाइब्रेरी में रेल प्रशासन एवं यूनियन के पदाधिकारी के साथ हुई बैठक में कर्मचारियों से जुड़ी कई समस्याओं पर चर्चा की गई सहायक महामंत्री कामरेड ओम प्रकाश जी ने धनबाद मंडल के सभी विभागों में कर्मचारियों के रुके हुए टअउढ, सेवानिवृत्ति रेल कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा, फैमिली पेंशन, सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन का शुरू नहीं होना, बंचिंग के लाभ का नहीं मिलना, एक समय पर नियुक्त होने के बावजूद वेतन में अंतर होना, दूसरे जॉन/मंडल से आए इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को बंचिंग का लाभ नहीं मिलना, टअउढ का बकाया राशि, विलय के बाद बिल यूनिट बदलने से संबंधित समस्याएं, वरीयता सूची में सुधार, अनुकंपा के आधार पर बहाली, एलएससीजी का बकाया भुगतान आदि समस्याओं पर जोरदार ढंग से चर्चा की क बैठक के बाद यूनियन पदाधिकारीयों के साथ बातचीत करते हुए सहायक महामंत्री ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली करने के संघर्ष को और तेज करना होगा साथ ही हम लोगों को चुनाव के लिए भी तैयार रहना होगा और उसकी तैयारी आज से ही हम लोगों को लगातार करते रहना होगा क पिछले दिनों 10 दिसंबर 2023 को पटना में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के हुए तृतीय वार्षिक अधिवेशन में नवनिर्वाचित केंद्रीय

पदाधिकारीयो को धनबाद मंडल से आए हुए सभी 14 शाखायो के यूनियन पदाधिकारीयो ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया एवं फिर से इस सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष के लिए निर्वाचित होने पर कामरेड डी के पांडे एवं फिर से अपार महामंत्री के पद पर नवनिर्वाचित होने के लिए कामरेड जियाउद्दीन जी एवं दोबारा सहायक महामंत्री के पद पर नवनिर्वाचित होने के लिए कामरेड ओमप्रकाश जी, धनबाद मंडल से नवनिर्वाचित केंद्रीय संगठन मंत्रीयो कामरेड नेताजी सुभाष सुमन दत्ता का हर्ष उल्लास के साथ एवं जोरदार तालिया के साथ अपनी खुशी का इजहार किया कइस सभा में उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी हैं अपर महामंत्री साथ में स्थाई वार्ता तंत्र के प्रभारी/धनबाद मंडल के कामरेड जियाउद्दीन जी , सहायक महामंत्री कामरेड ओम प्रकाश, धनबाद मंडल के मीडिया प्रभारी एनके खवास, पिंटू नंदन, शिवजी प्रसाद,सोमेंद्र दत्त, तपन भट्टाचार्य,नेताजी सुभाष,जेके साह,आईएम सिंह,अमित किशोर,अजय कुमार तिवारी,चंदन कुमार शुक्ला,बृज किशोर साहू,अमित शेखर,पीके सिन्हा,रुपेश कुमार,एमपी महतो,विकास,आर एन चौधरी,सुरेंद्र कुमार,अजीत कुमार,एके श्रीवास्तव,सुनील कुमार सिंह,अनिल कुमार,कपिल देव,यूके सिंह,एसएन वर्मा,रामरक्षा,संजीव नयन,गिरिजेश आदि।

जेबीकेएसएस ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चलाया जन जागरूक अभियान।

शशि भूषण महतो दैनिक समाज जागरण अनुमंडल

चांडिल : ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के ओड़िया

पंचायत के दुलमी गांव में जागरूक अभियान के माध्यम से जेबीकेएसएस के विचारों पर चर्चा ग्रामीणों के साथ कीया गया। जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीणों द्वारा संगठन के विस्तार हेतु राय भी लिया गया जो संगठन के लिए अत्यंत कारगर साबित हो सकती है। जानकारी देते हुए जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य गोपेश महतो ने बताया कि जन जागरूक अभियान के दौरान ग्रामीणों से अपार सहयोग मिल रहा हे,उन्होंने कहा अभियान के दौरान ग्रामीणों द्वारा हमे कुछ मूल समस्याओं पर अवगत कराई गई । साथ ही ग्रामीणों को यथासंभव जेबीकेएसएस द्वारा समाधान निकलने की पहल करने का आश्वस्त किया। मौके पर सक्रिय आदित्य महतो, फूल चांद महतो,गोपेश महतो,गौतम महतो,प्रदीप महतो सहित ग्रामीण जगन सेन,हरी लायक,भैरभ बनर्जी, बिरेन दे,लील दे उपस्थित थे।

बामनी में बना मॉडल स्कूल भवन के चालू होने की बढ़ी उम्मीद, विधायक मंगल कालिंदी ने सदन में उठाया मामला

नंदा रजक, समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता पटमदा

पटमदा : पिछले करीब एक दशक से भी अधिक समय से उधार के भवन में चल रहा पटमदा के मॉडल स्कूल को अब जल्द ही अपना भवन मिल सकता है। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सोमवार को शून्यकाल के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी द्वारा मामले को उठाने के बाद नए भवन में स्थानांतरित होने की उम्मीद बढ़ गई है।

पटमदा प्रखंड के बामनी में निर्माण के बाद बंद पड़े मॉडल इंग्लिश स्कूल का मामला को सदन में उठाते हुए

विधायक ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड पटमदा के बामनी स्थित मॉडल इंग्लिश उच्च विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में जाल्ला मध्य विद्यालय परिसर में अवस्थित तीन जर्जर कमरों में बच्चों का पठन-पाठन संचालित किया जाता है। विधायक ने जनहित में बामनी स्थित नवनिर्मित भवन में मॉडल इंग्लिश उच्च विद्यालय के समुचित संचालन हेतु सरकार से मांग की है।

वन अधिकार कानून शीघ्र लागू करे अन्यथा वन अधिकार जवाब देही समावेश का होगा आयोजन

शशि भूषण महतो समाज जागरण, अनुमंडल

चांडिल : चौका पंचायत भवन में विभिन्न ग्राम सभा के वन अधिकार समितियों एवं सामाजिक कार्यकताओं की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें वन अधिकार कानून को तत्परतापूर्वक से लागू न करने पर दुःख प्रकट किया गया। इस संबंध में बनाधिकार कार्यकर्ता बृहस्पति सिंह सरकार ने कहा कि चांडिल प्रखंड में 26 गांव के लोगों ने सामूहिक वन अधिकार का दावा किया है। लेकिन केवल चार गांव का ही दावा मंजूर किया गया है। इसी तरह से नीमडीह में 29 गांव ने दावा किया है और सिर्फ 9 को अधिकार मिला है। बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ता डोमन वास्के ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस कानून को लागू करने के लिए निजी तौर

पर दिलचस्पी ले रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारियों को समुचित निर्देश भी दिया गया है। लेकिन पदाधिकारी अपने दायित्व से भाग रहे हैं। विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से तय किया कि इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल से मिलकर कानून को लागू करने का अनुरोध किया जाएगा तथा उन्हें एक महीने का समय दिया जायेगा। एक महीने के अंदर या तो त्रुटि सुधार के लिए आवेदन को ग्राम सभा में भेजें या सामूहिक अधिकार सुनिश्चित करें। अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर विभिन्न गांवों की ओर से चांडिल अनुमंडल के समक्ष वन अधिकार जवाब देही समावेश का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में गाजूराम मांझी, भदरू सिंह मुंडा, अनिल चंद्र माझी, गणेश माझी, धनीराम मांझी, भोनूलाल हांसदा, सिमोल बेसरा, प्रेमचंद किस्कू, नंदलाल माझी, कालीपदो माझी, रामदास मांझी विस्थापित मुक्ति वाहिनी के श्यामल मार्डी, नारायण गोप, किरण बीर, अरविंद अंजुम आदि शामिल थे।

बालात्कार के मामले में एक गया जेल

दैनिक समाज जागरण शेखर सुमन (प्रखंड संवाददाता ईचागढ़)

ईचागढ़- सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के कुंजवन का

एक 20 वर्षीय लड़की के साथ जबरदस्ती बालात्कार करने के खिलाफ में चौका थाना क्षेत्र के बढ़ाम टांड़ के 35 वर्षीय नुतु भुइयां को मंगलवार को ईचागढ़ पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए एस आई गुंजन कुमार ने बताया कि 15 दिसंबर की रात को लड़की का अपने ही रिश्तेदार नुतु भुइयां बगल के गांव बाकलतोड़ीया में एक श्राद्ध कर्म में ले जाने का बात कर बहला फुसलाकर ले जा रहा था । श्राद्ध कर्म में ले जाने का बहाना बनाकर रास्ते में ही एक झाड़ी में पहुंच कर जबरदस्ती लड़की के साथ बालात्कार किया। उन्होंने बताया कि लड़की का मां बाप भी श्राद्ध घर में गए हुए थे। घर में उसे अकेला पाकर श्राद्ध कर्म में ले जाने का बहाना बनाकर रास्ते का एक सुनसान झाड़ी में रेप किया गया है। उन्होंने कहा कि उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सरायकेला भेज दिया गया है।

महागामा प्रखंड मुख्यालय सभागार में सुपरबीएलओ एवं बीएलओ की बैठक संपन्न

मनोज कुमार साह

गोड्डा महगामाप्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने आज विशेष मतदाता पुनरीक्षक कार्य को गति देने के उद्देश्य से प्रखंड के सभागार में सुपर बीएलओ एवं बीएलओ को विशेष प्रशिक्षण दिया इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सुपरबीएलओ एवं बीएलओ को प्रशिक्षण देते हुए कहा एक भी 18 वर्ष आयु के युवक युवती का नाम मतदाता सूची में

जुड़ने से ना छूटे वही दो स्थानों पर जिन मतदाताओं का नाम है उसका एक जगह पर ही नाम रहने देना है वही मृत मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाना है वही जिन मतदाता का फोटो गलत प्रकाशित हुआ है उनके फोटो को चेंज करना है प्रशिक्षण शिविर मेंबीएलओ के बीच चेक लिस्ट का भी वितरण किया गया बैठक में बड़ी संख्या में सुपर बीएलओ एवं बीएलओ मौजूद थे

आईएनएस शिवाजी को एक औपचारिक समारोह में दिवंगत वाइस एडीएम बेनॉय रॉय चौधरी का मूल 'वीर चक्र' प्राप्त हुआ

भारतीय नौसेना के प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस शिवाजी को 18 दिसंबर 23 को लोनावाला में एक औपचारिक समारोह में दिवंगत वाइस एडमिरल बेनॉय रॉय चौधरी, एवीएसएम, वीआरसी (सेवानिवृत्त) को प्राप्त मूल 'वीर चक्र' प्रदान किया गया। वाइस एडमिरल दिनेश प्रभाकर, एवीएसएम, एनएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त), आईएनएस शिवाजी के विशिष्ट चेयर मरीन इंजीनियरिंग ने भारतीय नौसेना की ओर से वीएडीएम चौधरी के परिवार के सदस्यों श्री पदिप्त बोस और श्रीमती गार्गी बोस से 'वीर चक्र' प्राप्त किया। 'वीर चक्र' एक भारतीय युद्धकालीन सैन्य बहादुरी पुरस्कार है जो युद्ध के मैदान, जमीन, हवा या समुद्र में वीरता के कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है। वीएडीएम चौधरी भारतीय नौसेना के एकमात्र तकनीकी अधिकारी हैं, जिन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से अलंकृत किया गया है।

शहडोल जिले में फर्जी युट्यूबर की आई बाढ़, पत्रकारिता जगत को कर रहे बदनाम।

शहडोल। जिले के बुढार, पेपर मिल में युट्यूबर गैंग ने सक्रिय रुप ले रखा है। अगर आप तनिक भी चुके तो नुकसान भी हो सकता है। यह गैंग सुबह से लेकर शाम तक आला अधिकारियों की जी हुजूरी में लगा रहता है। साथ ही इन कार्यालयों में चक्कर काटने वाले पीड़ितों को भी यह गलत फहमी भी हो जाती है की यह लोग ही पत्रकार हैं। अक्सर लोग इनकी जद में फस जाते हैं जो भी फसा उसका कल्याण ये लोग कुछ दिनों में कर ही देते है। वर्तमान समय में शहडोल मुख्यालय के अलावा बुढार में भी यह आलम दिखाई दे रहा है जिन्हें पत्रकारिता के "प" का भी ज्ञान नहीं है, वह भी स्वघोषित पत्रकार बने घूम रहे हैं, बुढार पेपर मिल में कुछ बेसहूर तरीके के लोग पत्रकारिता करने का ढोंग रचते हैं, उन फर्जी पत्रकारों की पत्रकारिता केवल दलाली एवं वसूली तक ही सीमित है, ज्यादातर समय आपको ये खरीदी केन्द्रो में या फिर किसी कार्यालय के बाहर बैठे दिखाई दे सकते हैं ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, अब सवाल यह उठता है कि जिनके पास ठीक ढंग से अपने बारे में लिखने का सहूर नहीं है वह व्हाट्सएप ग्रुप में ऐसे ज्ञानी बनते हैं जैसे दुनिया की संपूर्ण जानकारी इन्हीं के पास है। फिलहाल पत्रकारिता पेशे में संक्रमण काल चल रहा है, बिना रजिस्ट्रेशन वाले यूट्यूबर लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, पत्रकारिता में इन दिनों वह लोग शामिल हो रहे हैं जिन्हें पत्रकारिता और समाज से कोई लेना देना नहीं होता है। फर्जी पत्रकारों का उद्देश्य केवल वसूली एवं ब्लैकमेलिंग करने तक ही सीमित रह गया है।फिलहाल इस मामले में पुलिस प्रशासन को गंभीरता लेनी चाहिए, साथ ही फर्जी के ऊपर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे पत्रकारिता जगत को बदनाम कर रहे फर्जी पर नकेल कसी जा सके एवं सामाजिक स्तर को दूषित होने से बचाया जा सके।

एक माह से नहीं मिल रहा है बच्चों को मध्यान भोजन

शहडोल। सरकारें शिक्षा को लेकर कितनी भी संवेदनशील हों लेकिन धरातल पर सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने पर जब जिम्मेदार ही उतारू हो जाएं तो सरकार की योजनाएं धरी की धरी ही रह जाती हैं , कुछ ऐसा ही वाकया जिले के बुढार जनपद के ग्राम हथगला के मौहार टोला स्थित प्राथमिक पाठशाला में देखने को मिल रहा है जहां विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे विगत एक माह से मध्यान भोजन से वंचित हैं।

एक माह से विद्यालय में नहीं बन रहा है मध्यान भोजन

विगत एक माह से विद्यालय में मध्यान भोजन का वितरण नहीं हो रहा है , अभिभावकों ने बताया की बच्चों को घर से टिफिन बना कर दिया जा रहा है ,मध्यान भोजन के नाम पर खाद्यान्न को उठाने के बावजूद भी स्व सहायता समूहों के टकराव के कारण विद्यालय के बच्चे मध्यान भोजन से वंचित हैं ।

शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही है कार्यवाही

इस संबंध में जब विद्यालय की प्रधानाध्यापक जानकी द्विवेदी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया की मध्यान भोजन के वितरण ना होने की सूचना उनके द्वारा मौखिक और लिखित रूप से संकुल बहगड और खंड स्त्रोत केंद्र बुढार में की गई है लेकिन उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से केवल कार्यवाही का आश्वासन ही मिल रहा है ।

कब पड़ेगी वरिष्ठों की नजर

तमाम शिकायतों के बाद भी इस मामले में वरिष्ठों की नजर इस मामले में नहीं पड़ रही है , जो जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ी कर रही है , इस मामले पर जब जिम्मेदारों से चर्चा की गई तो तो वे इसका जिम्मा एक दूसरे पर फोड़ते नजर आ रहे हैं।

इनका कहना है

आपके द्वारा यह जानकारी दी गई है , इसकी जांच की जाएगी और जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाएगी

कानपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की देन उच्च स्तरीय सुविधाओं से लैस हॉस्पिटल रामलला आरोग्य धाम

सुनील बाजपेई

कानपुर। एक और जहां अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर में श्री रामलला को बिराजित करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। वहीं उनके नाम से चिकित्सालयों का निर्माण भी जारी है।

महाराष्ट्र के नागपुर और मध्य प्रदेश के ग्वालियर के बाद कानपुर में बन रहा उत्तर प्रदेश में यह पहला अस्पताल देश और समाज सेवा के साथ ही धर्म और सनातन संस्कृति की अनवरत रक्षा के मामले में अग्रणी विश्व के सबसे बड़े संगठन आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा यह करोड़ों की लागत से 22000 स्क्वायर फीट में कानपुर के नमक फैक्ट्री चौराहा रावतपुर के पास बनवाया जा रहा है, जिसका निर्माण अगले वर्ष तक पूर्ण होने की भी संभावना है।

केशव माधव सेवा न्यास के अंतर्गत निर्मित कराए जा रहे रामलला आरोग्यधाम नामक इस हॉस्पिटल के कोषाध्यक्ष, आरएसएस के कानपुर दक्षिण जिला के संघ चालक तथा रतन चंद्र खत्री सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर कॉलेज के भी प्रबंधक हर किसी के सुख-दुख में सदैव खड़े होने वाले चर्चित समाजसेवी तेजतर्रार और व्यवहार कुशल राधेश्याम सिंह ने यहां बताया कि आर आर एस की ओर से बनवाया जा रहा यह यूपी का पहला अस्पताल है ,जबकि इसके पहले मध्य प्रदेश के ग्वालियर के साथ ही महाराष्ट्र के नागपुर में भी आरएसएस द्वारा निर्मित कराए गए अस्पतालों में भी लोगों को बड़ी संख्या में स्वस्थ लाभ मिल रहा है।

कानपुर में आरएसएस द्वारा निर्मित कराए जा रहे यूपी के इस पहले हॉस्पिटल रामलला आरोग्यधाम में नवरात्र से ओपीडी शुरू हो जाने की जानकारी देते हुए जन समस्याओं के खिलाफ जुझारू संघर्ष के मामले में भी शुरू से अग्रणी कोषाध्यक्ष और आरएसएस के कानपुर दक्षिण जिला के संघ चालक सरल और शालीन स्वभाव के जुझारू तेवरों वाले राधेश्याम सिंह ने बताया कि रामलला आरोग्यधाम हॉस्पिटल में लोग बड़ी संख्या में योग्य चिकित्सकों से स्वस्थ लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में ₹100 की फीस पर बनवाया जाने वाला पर्चा एक सप्ताह तक के लिए मान्य है। साथ ही रामलला आरोग्यधाम पहला ऐसा हॉस्पिटल है ,जहां सभी प्रकार की जांचों में 30% की छूट भी दी जा रही है। यह भी अवगत करा चलें कि चिकित्सा की उच्च स्तरीय सुविधाओं से लैस रामलला आरोग्यधाम हॉस्पिटल के कोषाध्यक्ष के पद का दायित्व जहां केंद्र तथा यूपी सरकार की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने के रूप में भारतीय जनता पार्टी को और ज्यादा मजबूत करने की दिशा में कठोर परिश्रम के साथ लगातार अग्रसर समर्पित सेवा भाव वाले आरएसएस के कानपुर दक्षिण जिला के जुझारू संघ चालक रतनलाल नगर गुजैनी के राधेश्याम सिंह बहुत कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। वहीं इस हॉस्पिटल के केशव माधव सेवा न्यास के अध्यक्ष वीरेंद्र जीत सिंह ,महामंत्री नीतू सिंह और कोषाध्यक्ष भवानी वीर हैं।

सुधारात्मक उपायों से बिजली आपूर्ति में वृद्धि हुई है और बिजली वितरण नुकसान एवं डिस्कॉम के नुकसान में कमी आई है

केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर के सिंह ने कहा है कि भारत सरकार द्वारा किए गए सुधारात्मक उपायों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2014-15 में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटी एंड सी) नुकसान, जो 25.72 प्रतिशत था वह वित्त वर्ष 2022-23 में घटकर 15.41 प्रतिशत (अनंतिम) रह गया है। किए गए सुधारात्मक उपायों के परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति 2015 में 12.5 घंटे से बढ़कर 2023 में 20.6 घंटे हो गई है। 2023 में शहरी क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बढ़कर 23.18 घंटे हो गई है।

वितरण क्षेत्र में नुकसान में आयी यह गिरावट सरकार द्वारा किए गए कई सुधारात्मक उपायों के परिणामस्वरूप हुई है जिनमें निम्नलिखित शामिल हैंः

सरकार द्वारा घोषित किसी भी सब्सिडी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नियम बनाना।

यह सुनिश्चित करना कि टैरिफ अप टू डेट हैं।

देर से भुगतान अधिभार नियमों के अंतर्गत जेनको के विरासत बकाया को कम करना, जो कम होकर लगभग 1.40 लाख करोड़ रुपये से लगभग 0.52 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

यह सुनिश्चित करना कि जेनको को समय पर भुगतान किया जाए।

ऊर्जा लेखांकन और ऊर्जा ऑडिट सुनिश्चित करना।

संशोधित विवेकपूर्ण मानदंड को लागू करते हुए यह प्रावधान किया गया है कि अगर डिस्कॉम घाटे में चल रही है तो राज्य सरकार का कोई भी डिस्कॉम या जेनको पीएफसी/आरईसी से ऋण प्राप्त नहीं कर पाएगा, जब तक कि राज्य सरकार के अनुमोदन से डिस्कॉम नुकसान में कमी लाने के लिए एक योजना तैयार नहीं करता है और इसे केंद्र सरकार के पास प्रस्तुत नहीं करता है और उस नुकसान में कमी के प्रक्षेपपथ का पालन नहीं करता है।अगर डिस्कॉम घाटे को कम करने के उपायों को लागू करता है तो जीएसडीपी के 0.5% की अतिरिक्त उधार राशि का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

वितरण प्रणाली को 1.85 लाख करोड़ रुपये के व्यय के साथ मजबूत किया गया है, जिसमें 2927 नए उप-स्टेशन जोड़े गए हैं और 3965 मौजूदा उप-स्टेशनों को अपग्रेड किया गया है। 6,92,200 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं, 1,13,938 सर्किट किलोमीटर (सीकेएम) का फीडर पृथक्करण किया गया है और 85 लाख सर्किट किलोमीटर (सीकेएम) एचटी और एलटी लाइनों को जोड़ा/बदला गया है, उच्च नुकसान वाले क्षेत्रों में ढके हुए तार लगाए गए हैं, गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन, भूमिगत केबलिंग, एरियल बंच्ड केबल आदि जैसे कार्य शुरू किए गए हैं। इसके अलावा, भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 तक पांच वर्षों के लिए 3,03,758 करोड़ रुपये की लागत और 97,631 करोड़ रुपये के सकल बजटीय समर्थन के साथ 30.06.2021 को पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) को मंजूरी प्रदान की है। आरडीएसएस के अंतर्गत अब तक 1,21,778 करोड़ रुपये (जीबीएसः 77,920 करोड़ रुपये) के कुल परिव्यय के साथ नुकसान न्यूनीकरण कार्यों की डीपीआर स्वीकृत की गई है।

यह प्रावधान किया गया है कि घाटे में चल रही डिस्कॉम, भारत सरकार की किसी भी विद्युत क्षेत्र योजना के अंतर्गत तब तक धनराशि प्राप्त नहीं कर पाएंगी, जब तक कि वे नुकसान में कमी लाने का उपाय नहीं करती हैं।

लोक सेवा आयोग की परीक्षा में छात्रों के समान हुआ चोरी शिक्षक और कर्मचारियों की मिलीभगत।

अनूपपुर प्राप्त जानकारी में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अमली कोयलांचल क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा नेता अरविंद साहनी एडवोकेट ने बताया की 17 दिसंबर को संपूर्ण मध्य प्रदेश में लोक सेवा आयोग की परीक्षा थी जिसमें उनके बेटे अभिषेक कुमार जो कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ला ग्रेजुएट होकर वहीं सिविल सर्विसेज की तैयारी करते हैं उनका परीक्षा केंद्र एक्सीलेंस शासकीय विद्यालय अनूपपुर था जहां परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे के पूर्व सभी छात्रों के समान एक हाल में रखे जा रहे थे जिसके प्रभारी सत्यनारायण तिवारी और एक कर्मचारी राहुल नाम का व्यक्ति था परीक्षा समाप्त होने के बाद उनके बेटे अभिषेक का जैकेट और घड़ी इन लोगों के द्वारा गायब कर दिया गया था जब उनके द्वारा शिकायत की धमकी दी गई तो उन्होंने जैकेट लगभग दे दिया किंतु सोनाटा कीमत ₹3000 की घड़ी उक्त दोनों कर्मचारी ने मिलकर गायब कर दिया इस संबंध में वहां के प्रिंसिपल और परीक्षा प्रभारी बहेलिया जी से जब छात्रा ने शिकायत की तो उन्होंने इस

पर ध्यान नहीं दिया और लापरवाही और उदासीनता दिखाई ऐसे कई छात्रों के साथ किया गया है उक्त विद्यालय जहां पर आज वर्षों से प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाएं होती हैं और इस तरह की चोरी जैसी घटना को अंजाम दिया जाना और उसे पर लापरवाही किया जाना चिंता का विषय है ऐसे लोग सरकार की भी साख खराब कर रहे हैं जिसकी शिकायत मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव के साथ अनूपपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से छात्रद्वारा की गई है और इसकी जांच की मांग कर ऐसे लोगों को खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है ताकि भविष्य में अन्य छात्रों के साथ इस तरह चोरी या घपला बाजी की घटना को अंजाम न दिया जा सके वरिष्ठ अधिवक्ता साहनी ने कहा कि अगर इस पर जांच शीघ्र नहीं की गई तो वह इस मुद्दे को मुख्यमंत्री तक ले जाएंगे या भाजपा संगठन इनके खिलाफ कार्रवाई करने को बाध्य होगा इसलिए इनके खिलाफ तत्काल जांच की जाए

लाखों की लागत से बने सुलभ शौचालय में लटका ताला, यात्री खुले में निस्तार करने मजबूर

अमलाई । दक्षिण पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत आने वाले अमलाई रेलवे स्टेशन के बाहरी छोर में प्रसाधन की व्यवस्था नहीं होने से रेल यात्रियों को भारी परेशानी का सामनाकरना पड़ रहा है।व्यवस्था नहीं होने से जगह-जगह गंदगी का आलम है। वहीं महिला यात्रियों को प्रसाधन नहीं होने से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। एक तरफ रेलवे स्वच्छता के नाम पर स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित कर लोगों को स्टेशन और उसके आसपास के परिसर को साफ और स्वच्छ करने के लिए जागरुक कर रही है, वहीं दूसरी तरफ स्टेशन के बाहर की हालत बद से बदतर है। अमलाई रेलवे स्टेशन से आसपास के कोयला श्रमिक कॉलोनी ऊर्जा नगरी चचाई सहित ग्रामीण अंचल से बिलासपुर और कटनी तरफ हजारों यात्री यात्रा करते हैं। ऐसे में प्रसाधन की व्यवस्था नहीं होने से रेल यात्री खुले में या दीवार की ओट में निस्तार करने लेकिन इसमें ताला लटका है। प्रसाधन की के लिए विवश हो जाते हैं।

महिला यात्रियों के साथ सबसे बड़ी परेशान

पुरुष रेल यात्री तो दीवार की ओट या पेड़ के पीछे जैसे तैसे निस्तार कर लेते हैं, लेकिन महिला यात्रियों को प्रसाधन की व्यवस्था नहीं होने पर शर्मिंदगी महसूस होती है और वे भारी परेशानी से गुजरने के लिए मजबूर हो जाती हैं।

निर्माण कार्य होने के बाद से ही काम्प्लेक्स लटका ताला

रेलवे स्टेशन के बाहरी छोर में बने सुलभ काम्प्लेक्स में निर्माण कर होने के बाद से ही ताला लटका है। जनप्रतिनिधियों और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के स्टेशन के दौरे और स्टेशन के विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान दिखावे के लिए सुलभ, लाखों की लागत से यहां पर सुलभ काम्प्लेक्स तो बना दिया लेकिन वह सिर्फ शो पीस बनकर रह गया है और अनुपयोगी होता जा रहा है।

लिंगमारा और दिनी के किसानों ने देखा ड्रोन से किटनाशक छिड़काव का डेमों

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (20 दिसंबर)वारासिवनी जनपद अंतर्गत लिंगमारा व दिनी में किसानों को नवीन तकनीक ड्रोन के सहारे किटनाशकों के छिड़काव के डेमो प्रदर्शन कर दिखाया गया जिससे कीटनाशक का छिड़काव करने वाले किसानों को होने वाले दुर्घटना को रोकने में मदद मिलेगी।विशेषज्ञों के अनुसार ड्रोन तकनीक के माध्यम से किटनाशकों का छिड़काव सीधे कीड़ों पर प्रहार करने की सबसे उत्तम तकनीक है। कृषि उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोब्रागड़े ने जानकारी देते हुये बताया कि किसानों में ड्रोन से छिड़काव के हो रहे डेमों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। किसान अब इस तकनीक को समझने लगे है तथा इसके बारे में विशेषज्ञों से सलाह मसवरा करने लगे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभाग द्वारा ज्यादा से ज्यादा किसानों के बीच इस तकनीक को पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे है।

ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव के फायदे

आधुनिक कृषि यंत्र ड्रोन के द्वारा तरल उर्वरक नैनो युरियॉ के छिड़काव से होने वाले फायदों के बारे में कई विशेषज्ञ ये किसानों के हितैशी मानते है। केवीके बालाघाट के कृषि विशेषज्ञ डॉ. आरएल राउत ने ड्रोन से किटनाशक छिड़काव के बारे मे कहा कि इसका सबसे बड़ा फायदा तो श्रमिक रूप में देखा जा सकता है। क्योंकि किसानों को दवाई छिड़काव के लिये उपयुक्त मजदूर नहीं मिल पाते है। इसके अलावा ड्रोन से छिड़काव करने पर किटनाशक सीधे पत्तियों और उन स्थानों तक पार्टिकल के सहारे सीधे पहुंचती है जहां कीड़े छुपे हुये रहते है। वहीं ड्रोन से छिड़काव करना अब आसान होने लगा है। साथ ही पानी का वाल्यूम भी एक समान रूप से पूरी फसलों तथा उसके इर्द-गिर्द पहुंचता है जिससे दवाई का समूचित उपयोग हो पाता है। ड्रोन से किटनाशक छिड़काव के कारण शत प्रतिशत दवाई का उपयोग भी होता है। वहीं समय पर दवाई के अलावा पौधों के अंदर तक छिड़काव में यह तकनीक कारगर है। डॉ. राउत ने किसानों से यह भी कहा कि ड्रोन से छिड़काव के दौरान बिजली के तारों से 20 फीट और पेड़ो से भी बचकर छिड़काव करने की सलाह दी है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत स्वीकृत कुल 44.46 करोड़ ऋणों में से 69 प्रतिशत ऋण महिलाओं को स्वीकृत किए गए हैं

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 24.11.2023 तक स्वीकृत कुल 44.46 करोड़ ऋणों में से 30.64 करोड़ (69प्रतिशत) महिलाओं को स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा, स्टैंड-अप इंडिया (एसयूपीआई) के तहत, 24.11.2023 तक स्वीकृत 2.09 लाख ऋणों में से 1.77 लाख (84प्रतिशत) महिला उद्यमियों को स्वीकृत किए गए हैं। ऋण तक बेहतर पहुंच का असर समाज के विभिन्न वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास पर पड़ता है। लघु/सूक्ष्म उद्यमों को आय सृजन गतिविधियों के लिए बिना कुछ गिरवी रखे संस्थागत ऋण प्रदान करने हेतु 08.04.2015 को पीएमएमवाई आरंभ की गई थी। एसयूपीआई योजना महिलाओं और एससी/एसटी के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन फील्ड उद्यमों की स्थापना हेतु ऋण प्रदान करने के लिए 05.04.2016 को शुरू की गई थी। इन योजनाओं का प्रमुख लक्ष्य महिलाओं का उत्थान रहा है। पीएमएमवाई के माध्यम से मिलने वाले सूक्ष्म ऋण ने महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित किया, उनकी कमाई और रोजगार क्षमता को बढ़ाया और इस तरह उन्हें वित्तीय, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रूप से सशक्त बनाया। कम से कम एक ऋण महिलाओं और एक ऋण एससी/एसटी उद्यमियों को प्रदान करने का लक्ष्य आवंटित करके, एसयूपीआई ने ऋण प्रदान करने वालों को महिला उद्यमियों को ग्रीन-फील्ड परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए प्रोत्साहित किया, जो महिलाओं और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने में बहुत सफल रहेगा। उपरोक्त के अलावा,वित्त मंत्रालय द्वारा बैंकों और वित्तीय संस्थानों के माध्यम से देश भर में निम्नलिखित प्रमुख योजनाएं भी कार्यान्वित की जा रही हैंः पीएम स्वनिधि को 1 जून, 2020 को स्ट्रीट वेंडरों को बिना कुछ गिरवी रखे तीन किश्तों यानी पहली किश्त में 10,000 रुपये तक, दूसरी किश्त में 20,000 रुपये तक, तीसरी किश्त में 50,000 रुपये तक ऋण प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया था। पीएम विश्वकर्मा को 17 सितंबर, 2023 को लॉन्च किया गया था। इस योजना का उद्देश्य 18 चिन्हित शिल्पों में संलग्न पारंपरिक कलाकारों और शिल्पकारों को कौशल प्रशिक्षण, बिना कुछ गिरवी रखे ऋण, आधुनिक उपकरण तक पहुंच, बाजार लिंकेज समर्थन और डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन के माध्यम से अद्योपांत समग्र सहायता प्रदान करना है। स्वयं सहायता समूह-बैंक लिंकेज कार्यक्रम (एसएचजी-बीएलपी) ने बचत करने, उधार लेने और सामाजिक पूंजी बनाने में महिलाओं की मदद करके उनके जीवन को बेहतर बनाया है। नाबार्ड का सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम (एमईडीपी)ः नाबार्ड पूर्णतया विकसित ऐसे एसएचजी, जिनको पहले से ही बैंकों की वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्राप्त है, को आवश्यकता-आधारित कौशल विकास कार्यक्रमों (एमईडीपी) में सहायता कर रहा है । आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम (एलईडीपी)ः 2015 में शुरू हुआ एलईडीपी समूहों में आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों के संचालन की परिकल्पना करता है। यह कृषि और गैर कृषि गतिविधियों में आजीविका के सृजन को बढ़ावा देता है और दो ऋण चक्रों में गहन कौशल निर्माण, पुनश्चर्या प्रशिक्षण, बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज, मूल्य श्रृंखला प्रबंधन, एंड-टू-एंड सॉल्यूशन और मार्गदर्शन तथा एस्कॉर्ट सेवाओं में सहायता प्रदान करता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)ः पीएमजेडीवाई योजना अगस्त, 2014 में बैंकिंग सेवाओं से वंचित प्रत्येक वयस्क को सार्वभौमिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। यह योजना निःशुल्क और न्यूनतम शेष राशि रखने की आवश्यकता के बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करती है। जन धन खाते खोलने से समाज के असंगठित वर्गों के बीच विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कवरेज में सुविधा हुई है, जिनमें अन्य के अलावा निम्नलिखित योजनाएं शामिल हैंः - प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) 18 से 50 वर्ष की आयु के ऐसे सभी बैंक/डाकघर खाताधारकों को, जो इस योजना से जुड़ते हैं, प्रति ग्राहक प्रति वर्ष 436/- रुपये के प्रीमियम पर दो लाख रुपये का एक वर्ष का जीवन कवर प्रदान करती है, जिसमें किसी भी कारण से मृत्यु शामिल है, और यह नवीकरणीय है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) 18 से 70 वर्ष की आयु के ऐसे सभी बैंक/डाकघर खाताधारकों के लिए उपलब्ध है, जो इस योजना से जुड़ने/अपने खाते से ऑटो-डेबिट के लिए सहमति देते हैं। योजना के तहत 20 प्रति वर्ष के प्रीमियम पर जोखिम कवरेज दुर्घटना मृत्यु या पूर्ण स्थायी विकलांगता के मामले में 2 लाख रुपये, दुर्घटना के कारण आंशिक स्थायी विकलांगता के लिए 1 लाख रुपये है।

बलवाइयों पर पुलिस ने जमकर भांजी लाठी

उमरिया

बलवाइयों के बुलंद हौसलों को देखते पीटीएस में पुलिस ने जमकर लाठी भांजी है,इस मौके पर कई बॉडी शील्ड और लाठियां टूटने की खबर है।सूत्रों की माने तो इस दौरान ऐड एसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया,रक्षिक निरीक्षक सहित सभी थाना प्रभारी एवम पुलिस बल मौजूद रहा।बलवा को कंट्रोल करने में किसी पुलिस कर्मी के घायल होने की खबर फिलहाल नही है,हालांकि जल्द ही बलवाइयों को कंट्रोल में ले लिया गया है। दरअसल पीटीएस स्थित सैनिक सम्मेलन में एडीजीपी डीसी सागर ने पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया है,इस दौरान बलवा ड्रिल में श्री सागर ने पुलिस कर्मियों को बलवाइयों से खुद को बचाने,जनता को सुरक्षित रखने एवम बलवा के दौरान सहयोगियों को परस्पर सहयोग करते रहने की नसीहत देते हुए बलवा ड्रिल का आयोजन किया है,बाद में परेड ग्राउंड के बगल में नव निर्मित चिल्ड्रन पार्क का अनावरण किया गया।

कठना नदी के पहाड़िया घाट में रेत का अवैध खनन

विजय तिवारी

शहडोल। प्राप्त जानकारी के अनुसार केशवाही क्षेत्र के आसपास रेत का खेल सूर्यास्त होने के बाद ही शुरू होता है अबैध रेत का खेल किसके सह पर हो रहा है खिलाड़ी कौन है यह सब जानकारी पुलिस प्रशासन को भी है इसके बाद भी ग्रामीण अंचल से अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अबैध रेत का कारोबार पडारिया घाट कढना नदी से प्रतिदिन दर्जनों टेक्टर अवैध खनन के बाद परिवहन करते हुए चलते रहते है ।मजीरा ,हर्री घाट मे रात 11 बजे से सुबह 4,,बजे तक का रेत का खेला शुरू होता है केशवाही कढना नदी मे रात 8,,बजे से सुबह 6,,बजे तक चालू होता है फिर भी प्रशासन मौन धारण कर चुप चाप तमाशा देख रहा या प्रशासन को पता नही है या प्रशासन कार्य वाही करना नही चाहता है अबैध रेत माफियाओ पर शिकंजा कस पाने में पुलिस प्रशासन अक्षम साबित हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि अवैध रेत उत्खनन में केशवाही झिरिया सहित आसपास के लोग लगे हुए हैं।

16 से 22 दिसंबर तक चलेगा जिले में स्काउट गाइड प्रशिक्षण

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (20 दिसंबर)भारत स्काउट गाइड जिला संघ बालाघाट जिला

शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट एके उपाध्याय जी के मुख्य निर्देशन में आयोजित 16 दिसंबर से 22 दिसंबर 2023 तक बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण एवं तृतीय सोपान संभाग स्तरी स्काउट गाइड जांच शिविर के तृतीय दिवस संध्या पर औचक निरीक्षण पर पहुंचे जिला कमिश्नर श्री एके उपाध्याय जी एवं सहायक संचालक सी .एस. मरावी जी के द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान स्काउट की समस्त गतिविधियों एवं हो रहे प्रशिक्षण के बारे में प्रतिभागियों से रूबरू होकर सभी के कक्षों का निरीक्षण कर एवं जांच शिविर के परिणामों का परीक्षण कर सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। स्काउट गाइड द्वारा महोदय को बीच में पाकर बहुत खुशी हुई एवं स्काउट गाइड ने हर्षोल्लास से स्वागत किया एवं भविष्य में होने वाले राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार से जिले में सफलतापूर्वक प्रतिभागिता हो सके इसका विश्वास दिलाया।

काशी तमिल समागम विकली ट्रेन पहुंची बालाघाट, नगरवासियों ने किया भव्य स्वागत

समाज जागरण शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (20 दिसंबर)जिलेवासियों के लिये कन्याकुमारी बनारस जाने के लिए अब सीधे बालाघाट से ट्रेन मिलेगी जो सप्ताह में एक दिन चलेगी जिसकी शुरूआत हो चुकी हैं।मंगलवार को जैसे ही ट्रेन कन्या कुमारी से चलकर बालाघाट पहुंची,नगर वासियों ने लोको पायलट एवं सवारियों का भव्य स्वागत किया जिसमे पार्टी प्रतिनिधि एवं प्रतिष्ठित नगर वासी थे।उक्त साप्ताहिक ट्रेन के चलने से जिले वासियों को समय एवं धन दोनों की बचत होगी। पहले जिले के निवासियों को कन्या कुमारी या बनारस जाने के लिए अंयत्र स्थान से ट्रेन पकड़नी होती थी लेकिन काशी तमिल समागम ट्रेन के शुरू होने से उक्त समस्या अब खत्म हो गयी हैं जिससे समस्त जिले वासी बहुत खुश हैं और इसी खुशी के चलते पहली बार बालाघाट पहुंची ट्रेन का भव्य स्वागत किया गया। यह ट्रेन बनारस से कन्याकुमारी जाते समय प्रत्येक सोमवार को सुबह 7.07 बजे बालाघाट पहुंचेगी, वही कन्याकुमारी से बनारस आते समय शनिवार सुबह 8.43 बजे बालाघाट पहुंचेगी जिसका स्टापेज पाँच मिनट के लिए होगा। उक्त ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 नवम्बर को किए थे।

जनजातीय सहकारी समितियों की आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संपर्क को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम

सरकार ने आदिवासी सहकारी समितियों की आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संपर्क को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राइफेड) जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में एक बहु-राज्य सहकारी समिति है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर जनजातीय उपज/उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देना और उनकी खरीद और बिक्री के लिए बाजार सम्पर्क प्रदान करना है।

मंत्रालय प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पीएमजेवीएम) योजना के तहत इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए ट्राइफेड को अनुदान सहायता प्रदान करता है। इस प्रयास के एक भाग के रूप में, अधिसूचित लघु वन उपज (एमएफपी) की खरीद के लिए राज्य सरकारों को विशेष उद्देश्य के लिए स्थापित निधि के रूप में 319.65 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। हाट बाजारों, भंडारण गोदामों आदि जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 89.16 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं और पिछले कुछ वर्षों में वन धन विकास केन्द्रों (वीडीवीके) की स्थापना के लिए 587.36 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

इसके अलावा, अनुदान सहायता के एक हिस्से का उपयोग ट्राइफेड द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से उनके विपणन के लिए आदिवासी उत्पादों की खरीद के लिए किया गया है। इन प्रयासों के कारण, राज्य सरकारों ने अब तक अपने स्वयं के योगदान के साथ मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए रिवॉल्विंग फंड का उपयोग करके 622.18 करोड़ रुपये की एमएफपी खरीदी है। 3958 वीडीवीके स्थापित किए गए हैं जिनसे 41.02 करोड़ रुपये की बिक्री हुई है और ट्राइफेड ने 123.02 करोड़ रुपये के जनजातीय उत्पादों की खरीद की है और 2019-20 से 172.55 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई।

उपरोक्त जानकारी केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।